



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

**वर्ष-27 अंक** : 160 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.12 2079 **मंगलवार, 23 अगस्त 2022**

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये**

## पीएम मोदी दो सितंबर को नौसेना को सौपेंगे आईएसी विक्रांत

कोच्चि, 22 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर को देश के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत (आईएसी) विक्रांत नौसेना को सौपेंगे। प्रधानमंत्री कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के अंदर एक विशेष व्यवस्थित जगह पर भारतीय नौसेना में आधिकारिक तौर पर पोत को शामिल करेंगे, जिसने 20000 करोड़ रुपये में युद्धपोत का निर्माण किया है। पिछले महीने समुद्री परीक्षण के चौथे और अंतिम चरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद भारतीय नौसेना ने 28 जुलाई को सीएसएल से पोत की डिलीवरी ली थी। विमान वाहक पोत के लिए लड़ाकू विमानों को लाया गया है। यह मिग-29के लड़ाकू विमान, कामोव-31 हेलीकॉप्टर और एमएच-60आर बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर का संचालन करने के लिए तैयार है।

## भाजपा सांसद के खिलाफ मानहानि का केस करूंगी : के. कविता



हैदराबाद, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली शराब नीति मामले में नाम घसीटे जाने के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी और टीआरएस एमएलसी के. कविता ने भाजपा नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करने की चेतावनी दी है। कविता ने कहा है कि मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि भाजपा द्वारा मुझ पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। दिल्ली शराब नीति की चल रही जांच से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। दरअसल भाजपा की ओर से इस बात को लेकर आरोप लगाया गया था कि दिल्ली शराब नीति से जुड़े मामलों में मनीष सिसोदिया और केसीआर की बेटी के कविता का अहम रोल है।

टीआरएस एमएलसी कविता ने कहा कि भाजपा मेरे परिवार की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। केंद्र के हाथ में सभी जांच एजेंसी है वो जो चाहेंगे करेंगे। हमने तेलंगाना के लिए लड़ाई लड़ी है, हम पीछे नहीं हटने वाले हैं। कविता ने कहा कि भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा और भाजपा के पूर्व विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ मानहानि का केस करूंगी। दरअसल, भाजपा सांसद परवेश वर्मा ने कहा था कि केसीआर परिवार के लोगों ने शराब बिक्री को लेकर आबकारी नीती बनाए जाने के लिए दिल्ली के फाइव स्टार होटल में मीटिंग की थी। प्रवेश ने कहा कि होटल में जो भी स्वीट बुक कराया गया था, वह केसीआर की ओर से करवाया गया था।

# आईएस का आत्मघाती आतंकी पकड़ाया

## भाजपा के शीर्ष नेता पर हमले की थी साजिश

मॉस्को, 22 अगस्त (एजेंसियां)। रूसी सुरक्षा एजेंसी (एफएसबी) ने आतंकी संगठन आईएस (इस्लामिक संगठन) के एक आत्मघाती हमलावर को पकड़ लिया है। वह भारत में आत्मघाती हमले की फिराक में था। एफएसबी के अधिकारियों ने बताया कि यह फिदायीन मध्य एशिया के एक देश का मूल निवासी है।

रूसी समाचार एजेंसी के अनुसार आरंभिक पूछताछ में इस आतंकी ने कबूला है कि उसने भारत के एक शीर्ष नेता को निशाना बनाने की साजिश रची थी। उसने यह भी बताया कि आईएस भारत में हमले की साजिश रच रहा है।

**तुर्की में ली थी आतंकी ट्रेनिंग, रूस होकर भारत आने वाला था :**

एफएसबी के अनुसार वह अप्रैल से जून तक तुर्की में था और उसने वहां आतंकवाद की ट्रेनिंग ली थी। उसे पहले रूस भेजा गया और वहां से भारत भेजने की तैयारी थी। रूसी सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि इस आतंकी ने भारत के सत्तारूढ़ दल (भाजपा) के एक नेता की हत्या के लिए खुद को विस्फोटक से उड़ाने की योजना बनाई थी। उसे आईएस के एक शीर्ष नेता ने 'सुसाइड बॉमर' के रूप में तुर्की में अपने संगठन में भर्ती किया था।

**'टेलीग्राम' के जरिए आईएस से जुड़ा :**

रूसी सुरक्षा एजेंसी ने इस आतंकी का नाम फिलहाल उजागर नहीं किया है। बताया गया है कि वह सोशल नेटवर्किंग साइट 'टेलीग्राम' के जरिए इस वैश्विक आतंकी संगठन से जुड़ा था। आईएस से जुड़ने के बाद उसने आतंकी संगठन के प्रति वफादारी की कसम खाई थी।

इसके बाद आईएस ने उसे आत्मघाती हमले का प्रशिक्षण दिया था। इसके बाद मॉस्को से उसे भारत भेजने की व्यवस्था की गई थी। आईएस ने उसे भाजपा के किसी बड़े नेता को निशाना बनाने का जिम्मा सौंपा था।

**खुफिया एजेंसियों ने किया है अलर्ट :**

बता दें, हाल ही में भारत की खुफिया एजेंसियों ने कहा था कि पाकिस्तीनी खुफिया एजेंसी ने चंडीगढ़ और मोहाली में आतंकी हमले की साजिश रची है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में भी आतंकी संगठन टीआरएफ द्वारा आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है।

इस्लामिक स्टेट और उसके समर्थक सभी संगठनों व सहयोगियों को केंद्र सरकार ने भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन घोषित कर रखा है।

आईएस को गैर कानूनी गतिविधि निवारक कानून की धारा 1967 की प्रथम अनसूची के तहत प्रतिबंधित किया गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार आईएस इंटरनेट आधारित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिए अपनी विचारधारा का प्रचार प्रसार कर रहा है। इसलिए सुरक्षा एजेंसियां इन पर लगातार नजर रख रही है।

# दुष्कर्म मामला : शाहनवाज हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

## हाईकोर्ट के एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर लगाई रोक



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कथित 2018 दुष्कर्म मामले में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन के खिलाफ दर्ज आपराधिक शिकायत के संबंध में मुकदमे की सुनवाई से पहले आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हुसैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के दिल्ली हाईकोर्ट के हाल ही में लिए गए आदेश पर भी रोक लगा दी। अब इस मामले की अगली सुनवाई सितंबर के तीसरे हफ्ते में होगी। बता दें कि 18 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित दुष्कर्म मामले में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज करने का आदेश दिया था। इतना ही नहीं अदालत ने तीन महीने के भीतर जांच पूरी करने के लिए कहा था। शाहनवाज हुसैन के खिलाफ एक महिला ने जून 2018 में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता ने अप्रैल 2018 में उसे अपने छतरपुर स्थित फार्महाउस पर बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर उसे दिया। इसके बाद उसके साथ नशे की हालत में दुष्कर्म हुआ। शिकायतकर्ता ने भाजपा नेता पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (अगर किसी महिला के साथ कोई जबरन शारीरिक संबंध बनाता है, तो उसे दुष्कर्म की श्रेणी में शामिल किया जाएगा), धारा 328 (कोई किसी व्यक्ति की मर्जी के बिना उसके खाने या पीने की वस्तु में नशीला या जहरीला पदार्थ मिला देता है, जिससे उस व्यक्ति को चोट लग जाती है), धारा 120बी (आपराधिक साजिश), धारा 506 (किसी को धमकी देना) के तहत आपराधिक केस दर्ज करने की मांग की थी।

# सिसोदिया का दावा : संदेश आया कि भाजपा में आ जाओ, केस बंद करा देंगे




नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली की नई शराब नीति में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद सीबीआई जांच के दायरे में आए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने उन्हें 'आप' तोड़कर भाजपा में शामिल होने का ऑफर दिया है।

सिसोदिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि मेरे पास भाजपा का संदेश आया है कि आप तोड़कर भाजपा में आ जाओ, सारे सीबीआई ईडी के केस बंद करवा देंगे। मेरा भाजपा को जवाब है मैं महाराणा प्रताप का वंशज हूं, राजपूत हूं। सर कटा लूंगा लेकिन भ्रष्टाचारियों-षड्यंत्रकारियों के सामने झुकूंगा नहीं। इसके बाद शराब घोटाले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। भाजपा मनीष सिसोदिया को दिल्ली के डिप्टी सीएम पद से बर्खास्त करने की मांग कर रही है।

## केजरीवाल के घर के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

इससे पहले सिसोदिया की सीबीआई जांच को लेकर आम आदमी पार्टी ने जाति कार्ड खेला। पार्टी ने सिसोदिया को महाराणा प्रताप का वंशज बताया। इस मामले में रविवार को सबसे पहले आप के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव और गुजरात के नेता इसुदान गढ़वी ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि महाराणा प्रताप के वंशज मनीष सिसोदिया को भाजपा झूठे आरोप में परेशान कर रही है। इसके चलते गुजरात के राजपूत युवाओं में रोष है। कुछ दिनों में 5000 से अधिक राजपूत युवा पार्टी में शामिल होंगे। इस बात को अरविंद केजरीवाल ने भी आगे बढ़ाया। इससे पहले शनिवार को पार्टी प्रवक्ता संजय सिंह ने भी सिसोदिया को महाराणा प्रताप का वंशज बताकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर पलटवार किया था।बताया जा रहा है कि इसी साल गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होने वाले चुनाव के चलते पार्टी सिसोदिया को ईमानदार और अच्छा शिक्षा मंत्री बताकर बचाव तो कर रही है, उनकी जाति के सहारे भी लाभ लेने की कोशिश कर रही है। पार्टी को उम्मीद है कि गुजरात में राजपूतों की सहानुभूति से उसे फायदा हो सकता है। सीबीआई ने दिल्ली सरकार को एक और झटका दिया है। अब जांच एजेंसी ने 1000 लो-फ्लोर बसों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर प्रारंभिक जांच दर्ज की है।

## सिसोदिया के भाजपा में शामिल होने के ऑफर के दावे पर पार्टी ने किया पलटवार

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा भाजपा की तरफ से उनकी पार्टी में शामिल होने के ऑफर के दावे को पूरी तरह से खारिज करते हुए भाजपा ने कहा है कि शराब घोटाले के बारे में पूछे गए सवालों का केजरीवाल और सिसोदिया के पास कोई जवाब नहीं है, इसलिए वो इस तरह की अनर्गल बातें कर रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और कट्टर बेईमानी को भाजपा पुरजोर तरीके से उजागर कर रही है और लगातार सवाल भी पूछ रही है। उन्होंने कहा कि हमने जनता के सवालों को उठाकर केजरीवाल से 24 घंटे में जवाब देने की मांग की थी लेकिन इस घोटाले पर जवाब देने के बजाय केजरीवाल, सिसोदिया और उनकी आम आदमी पार्टी अनर्गल बातें कर रही है। इससे यह साबित हो गया है कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के पास जनता के सवालों का कोई जवाब नहीं है। भाजपा की तरफ से मनीष सिसोदिया को पार्टी में आने के ऑफर को लेकर उनके दावों को पूरी तरह से गलत और अनर्गल बताते हुए भाटिया ने कहा कि जिनकी नियत खोटी है, सोच छोटी है उनको कोई क्या तोड़ेगा?

### पीएमएलए के तहत ईडी की जांच

## फैसले की समीक्षा वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तारी, मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल संपत्ति की कुर्की, तलाशी और जब्ती से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों को बरकरार रखने के अपने आदेश की समीक्षा की मांग करने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गया है। इस मामले पर सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय की जाएगी।

प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से दर्ज केस में फंसे लोगों को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 27 जुलाई को पीएमएलए कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

# जंतर-मंतर जा रहे 19 किसान गाजीपुर में हिरासत में लिए गए




नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को किसानों की महापंचायत में भाग लेने के लिए जंतर-मंतर जा रहे 19 किसानों को गाजीपुर सीमा से हिरासत में लिया है। गाजीपुर सीमा पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को उस समय हिरासत में ले लिया गया, जब उन्होंने जंतर-मंतर की ओर जाने का फैसला किया।

पुलिस के अनुसार, किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए वे प्रदर्शनकारियों को बस से पास के पुलिस थाने ले गए। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा ने अपने विरोध के सिलसिले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है।

पत्र में लिखा गया है कि, हम यह पत्र आपको किसानों के मुद्दे को संभालने के तरीके के खिलाफ हमारे विरोध के बारे में सूचित करने के लिए लिख रहे हैं। कृषि मंत्रालय ने 9 दिसंबर, 2021 को संयुक्त किसान मोर्चा के साथ एक समझौता किया था। समझौते के तहत हमने 11 दिसंबर को दिल्ली सीमा पर आंदोलन खत्म कर दिया था। लेकिन आज तक सरकार ने समझौते को पूरा नहीं किया है।

इतना ही नहीं, सरकार मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करने जैसी और अधिक किसान विरोधी नीतियां शुरू कर रही है। पत्र में आगे लिखा गया है, कृपया आप से अनुरोध है कि 9 दिसंबर, 2021 को संयुक्त किसान मोर्चा के साथ समझौते को पूरा करने के लिए मंत्रिपरिषद को निर्देश और सलाह दें और प्रधानमंत्री को 17 अगस्त 2022 को भेजे गए डिमांड नोटिस को स्वीकार करें (मांग नोटिस संलग्न)। इतना ही नहीं, सरकार अधिक किसान विरोधी नीतियां शुरू कर रही है, जैसे मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करना। आंदोलन को देखते हुए राजधानी में खासकर सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।






## केरल के सीएम पेश करेंगे राज्यपाल की शक्तियां कम करने वाला नया विधेयक

तिरुवनंतपुरम, 22 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन बुधवार को केरल विधानसभा में एक नया विधेयक पेश करेंगे जिसका उद्देश्य केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की चांसलर के रूप में शक्तियों को कम करना है। इस महीने की शुरूआत में मोहम्मद खान ने 11 अध्यादेशों पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। इन बिलों के लैप्स होने के बाद सोमवार सुबह शुरू हुए विधानसभा के 10 दिवसीय विशेष सत्र में 12 विधेयक पेश किए जाएंगे। मोहम्मद खान के अध्यादेशों पर हस्ताक्षप करने से इनकार करने के बाद सीपीआई-एम और खान में बयानबाजी तेज हो गई थी। कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति गोपीनाथ रवींद्रन की आलोचना करते हुए राज्यपाल ने उन्हें माकपा कैडर के रूप में काम करने वाला अपराधी कहा था। विजयन के निजी सचिव के.के. रागेश की पत्नी प्रिया वर्गीस को मलयालम में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया, लेकिन पिछले हफ्ते भाई-भतीजावाद के आरोप सामने आने के बाद नियुक्ति पर रोक लगा दी गई।




## जींद में 17 वर्षीय युवती ने किया सुसाइड

जींद, 22 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के जींद जिले के पिल्लूखेड़ा कस्बे के गांव भंभेवा में संदिग्ध परिस्थितियों में 17 वर्षीय युवती ने फंदा लगा लिया। मृतका दोहरे हत्याकांड में शामिल अंकित की बहन थी। घटना की सूचना मिलने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम की सहायता से साक्ष्य जुटाए और शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया। जांच में सामने आया कि मृतका के भाई अंकित ने 11 अगस्त को अंकुश और तनुज की हत्या इसलिए कर दी थी कि उसे शक था कि उसकी बहन की अंकुश के साथ दोस्ती है। इसलिए उसने दोनों की हत्या करके शवों को नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों शवों को अलग-अलग जगहों से बरामद भी कर लिया था। पुलिस उस मामले की जांच कर रही है।

# क्या है शरद पवार पैटर्न

## जिससे ईडी और सीबीआई का मुकाबला कर रहे अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया



नई दिल्ली मुंबई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया आबकारी घोटाले के मामले में बीते दो दिनों से सीबीआई जांच के घेरे में हैं। यहां तक चर्चाएं हैं कि जल्दी ही इस मामले को ईडी को सौंपा जा सकता है। इस बीच कहा जा रहा है कि यह मसला अरविंद केजरीवाल की मिस्टर क्लीन की इमेज को धक्का पहुंचाएगा। लेकिन मनीष सिसोदिया से लेकर अरविंद केजरीवाल तक ने इस पर बैकफुट पर जाने से इनकार किया है।

दोनों लगातार ट्विटर और जमीन पर भाजपा के खिलाफ तीखे हमले बोल रहे हैं। मनीष सिसोदिया का कहना है कि भाजपा को अरविंद केजरीवाल से डर है और इसीलिए यह सब किया जा रहा है। यही नहीं सोमवार को उन्होंने एक कदम और आगे बढ़ते हुए दावा किया कि उन्हें भाजपा की ओर से पार्टी में शामिल होने का संदेश मिला था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मुझसे कहा कि यदि आम आदमी पार्टी को छोड़कर हमारे साथ आ जाओ तो ईडी और सीबीआई की जांच बंद हो जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मैं राजपूत हूं, सिर कटा लूंगा, लेकिन झुकने वाले लोगों में से मैं नहीं हूं। अरविंद केजरीवाल और सिसोदिया की एजेंसियों पर उलटे हमलावर होने की रणनीति शरद पवार से मेल खाती है। उन्हें भी महाराष्ट्र चुनाव से पहले जब ईडी की नोटिस मिला था तो नरम पड़ने की बजाय उन्होंने मराठा कार्ड ही चल दिया था और खुद ईडी दफ्तर जाने की बात कही थी।

**जब शरद पवार के ऐलान पर बोली थी ईडी- नहीं कर रहे कोई जांच**

शरद पवार के ऐलान के बाद महाराष्ट्र का सियासी माहौल गरमा गया था और बाद में ईडी की ओर से सफाई दी गई थी कि हम शरद पवार के खिलाफ जांच नहीं करेंगे। हालांकि इस मौके पर शरद पवार द्वारा बनाए गए माहौल का फायदा एनसीपी को विधानसभा चुनाव में मिला। उस समय शरद पवार ने केंद्रीय एजेंसियों से डरे बिना मजबूती से खड़े होने की नींव रखी थी। अब अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया दिल्ली में ठीक यही करते नजर आ रहे हैं। मनीष सिसोदिया के घर जब से सीबीआई ने छापा मारा है तब से वह खुद सोशल मीडिया पर सारी जानकारी दे रहे हैं।

**बैकफुट पर जाने में सियासी नुकसान देख रही आम आदमी पार्टी**

अरविंद केजरीवाल से लेकर मनीष सिसोदिया तक लगातार इसे अपनी पार्टी की ओर से दिल्ली में किए गए अच्छे काम के खिलाफ केंद्र की साजिश के तौर पर प्रचारित करते रहे हैं। सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी पर भी 'आप' ने झुकने से इनकार कर दिया था और उलटे केंद्र पर ही हमला बोला था। आम आदमी पार्टी का मानना है कि इससे वह दिल्ली और उससे बाहर के लोगों तक यह संदेश दे सकेगी कि सरकार उसके खिलाफ जानबूझकर जांच बिठा रही है। आम आदमी पार्टी को लगता है कि इन कानूनी मुश्किलों के चलते भले ही उसे कुछ वक्त के लिए परेशानी हो, लेकिन सियासी तौर पर वह तभी नुकसान में जाएगी, जब बैकफुट पर दिखेगी।

## महाराष्ट्र: स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई के लिए होगा स्पेशल बेंच का गठन



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में 27% ओबीसी आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 5 सप्ताह तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। सीजेआई की बेंच ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई के लिए एक स्पेशल बेंच का गठन करेगी। राज्य सरकार की ओर से मुंबई महानगर पालिका के चुनावों में सीटों में बदलाव को लेकर जारी विशेष अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सरकार के वकील ने कहा कि हमें विस्तृत लिखित आदेश की प्रति देखनी होगी ताकि कानूनी नुक्तों पर हम आगे बढ़ें, क्योंकि ऐसे आदेशों से बीएमसी चुनावों में देरी हो सकती है।

अभी तो स्टेटस को यानी यथास्थिति बनाए रखने के आदेश से तो यही लगता है कि बीएमसी के चुनाव अभी नहीं हो पाएंगे। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अंतरिम रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया। इस रिपोर्ट में स्थानीय निकायों के चुनाव में 27% ओबीसी कोटा देने की मांग की गई थी।

# उद्धव ठाकरे के हाथ से सरकार गई

## अब गठबंधन में भी होंगे कमजोर? कांग्रेस नेता बोले- हमें फायदा नहीं



मुंबई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। एकनाथ शिंदे की बगावत के चलते महाराष्ट्र की सत्ता से बेदखल होने वाले उद्धव ठाकरे अब महा विकास अघाड़ी में भी कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा का कहना है कि महाराष्ट्र में भाजपा को किनारे लगाने के लिए गठबंधन किया गया था, लेकिन इससे कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ। उनका यह बयान शिवसेना के लिए एक संकेत माना जा रहा है।

इसके जरिए कांग्रेस ने साफ किया है कि गठबंधन से उसे कोई फायदा नहीं हुआ है और चुनावी स्थिति के मामले में वह कमजोर ही हुई है। उन्होंने यह भी कहा है कि कांग्रेस में बहुत से लोग शिवसेना को एक भरोसेमंद पार्टनर के तौर पर नहीं देखते हैं। मिलिंद देवड़ा ने यह भी कहा कि गुजरात में भी कांग्रेस की राह बहुत ज्यादा आसान नहीं है और उसे जीत हासिल करने के लिए एकजुट होना होगा। और इसीलिए एक वर्ग उसे विश्वसनीय पार्टनर के तौर पर नहीं देखता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के साझा उद्देश्य के तहत गठबंधन हुआ था। मैं और मेरे जैसे बहुत से लोग यह मानते हैं कि कांग्रेस से गठजोड़ का हमें बहुत ज्यादा फायदा नहीं मिला है। इसका सबसे ज्यादा फायदा शिवसेना को ही मिला है। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस अपना बेस बढ़ाने में नाकाम रही है तो वहीं शिवसेना लगातार कांग्रेस के कोर वोटर्स तक पहुंच बनाती रही है।

उसने गठबंधन को एक सेतु के तौर पर इस्तेमाल किया और वोटरों को लुभाया है। यह गठबंधन धर्म के खिलाफ है और हमें बहुत से पार्टी नेताओं से शिकायत भी मिली है। मिलिंद देवड़ा के बयान से साफ है कि महा विकास अघाड़ी में सब कुछ ठीक नहीं है। खासतौर पर यह उद्धव ठाकरे के लिए बड़ी चुनौती है, जो एकनाथ शिंदे की बगावत झेल रहे हैं। इसके अलावा पार्टी में दावेदारी को लेकर भी संकट की स्थिति है। एकनाथ शिंदे गुट का कहना है कि वही असली शिवसेना हैं। ऐसे दौर में गठबंधन में भी असहमति का माहौल बनना उनके लिए चिंता की बात है।

## तीस्ता को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत नहीं जमानत याचिका पर अब 25 अगस्त को सुनवाई



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर सोमवार को गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया। जस्टिस यूयू ललित की बेंच में सुनवाई के दौरान तीस्ता की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि हम अंतरिम राहत चाहते हैं, हाईकोर्ट में 19 सितंबर को सुनवाई रखी गई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि 25 अगस्त तक आप इंतजार कर लीजिए। बस 3 दिन का ही समय ले रहे हैं। तीस्ता को गुजरात दंगों की साजिश के मामले में राज्य के उच्च पदाधिकारियों को फंसाने के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

एक्टिविस्ट तीस्ता की जमानत याचिका निचली अदालत से खारिज हो चुकी है, जिसके बाद तीस्ता ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। हालांकि, हाईकोर्ट से सुनवाई की तिथि 19 सितंबर देने के बाद तीस्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी रिपोर्ट के खिलाफ याचिका को 24 जून को खारिज कर दिया था। याचिका जकिया जाफरी ने दाखिल की थी। जकिया जाफरी के पति एहसान जाफरी की इन दंगों में मौत हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जकिया की याचिका में मेरिट नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि मामले में को-पेटिशनर सीतलवाड़ ने जकिया जाफरी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया।

# बिलकिस बानो केस में दोषियों की रिहाई पर कांग्रेस का सरकार पर वार

**बोली- वो खामोश हैं, देख रहा है देश**



अहमदाबाद, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बिलकिस बानो रेप केस में 11 दोषियों की रिहाई पर गुजरात सरकार और बीजेपी घिर गई है।

दोषियों की रिहाई पर विपक्षी पार्टियां बीजेपी की आलोचना कर रही हैं। इस बीच भारतीय राष्टीय कांग्रेस ने ट्वीट करके बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया है।

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर से ट्वीट करके कहा है, महिला सुरक्षा और सम्मान का दावा करने वाली बीजेपी सरकार से देश की एक बेटी बिलकिस बानो अपने साथ हुए अन्याय का सबूत मांग रही है।

कांग्रेस ने आगे कहा, आज भी मोदी जी खामोश खड़े हैं और यह देश देख रहा है। दरअसल, तीन मार्च 2002 को गोधरा कांड के बाद हुए गुजरात दंगों के में दाहोद जिले के लिमखेड़ा तालुका के रंधिकपुर गांव में भीड़ ने बिलकिस बानो के परिवार पर हमला कर दिया था। इस मामले में मुंबई की सीबीआई की एक स्पेशल कोर्ट ने 11 दोषियों को 21 जनवरी 2008 को गैंग रेप और बिलकिस बानो के परिवार के सात सदस्यों की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

**रिहाई पर बिलकिस बानो**

वहीं अपने दोषियों की गुजरात सरकार द्वारा रिहाई के बाद बिलकिस बानो ने एक बयान जारी कर कहा था, आज से दो दिन पहले 15 अगस्त 2022 को जो हुआ वह मुझे 20 साल पहले हुए हादसे की यादों में लेकर चला गया। मैंने जब से ये सुना है कि जिन 11 अपराधियों ने मेरे परिवार और मेरे जीवन को तबाह कर दिया था, उनकी सजा माफ कर दी गई है। मैं इससे बहुत दुखी हूं। उन्होंने मुझसे मेरी तीन साल की बेटी भी छीन ली थी, मेरा परिवार मुझसे छीन लिया था और आज वह माफ कर दिए गए। मैं हैरान हूं।

## सारे बांध लबालब

**जलाशय लबालब, पनबिजली उत्पादन 184% बढ़ा; इसलिए ताप विद्युत संयंत्रों से डिमांड 47% तक घटी**

भोपाल, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले एक माह से जारी अच्छी बारिश से पनबिजली संयंत्र से जुड़े सारे बांध लबालब भर गए हैं। नतीजतन यहां से बिजली का उत्पादन मई-जून की तुलना में 184% बढ़ गया है। इसलिए कोयले से चलित ताप विद्युत संयंत्रों से मई जून की तुलना में 47% कम बिजली बनानी पड़ रही है।

इसके मायने यह हैं कि मप्र की विद्युत कंपनियों की रोजाना कोयले की डिमांड 24 हजार मीट्रिक टन कम हो गई है। हालांकि मप्र को केंद्रीय अनुबंध के तहत रोजाना 5776 मेगावॉट बिजली लेनी पड़ रही है। बारिश में बिजली की मांग भी 2500 मेगावॉट तक घटी है। राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों के डेटा बताते हैं कि बांध में पानी भरने के बाद इंदिरा सागर विद्युत परियोजना से पूरी क्षमता यानी 1020 मेगावॉट से उत्पादन हो रहा है। ओंकारेश्वर पनबिजली संयंत्र से भी 520 मेगावॉट की पूरी क्षमता बिजली बन रही है।

# शिव सेना नेता संजय राउत को बड़ा झटका

## न्यायिक हिरासत 5 सितंबर तक बढ़ी



मुंबई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। शिव सेना संजय राउत की मुसीबतें कम होती नहीं दिख रही है। ताजा जानकारी के मुताबिक मुंबई की स्पेशल पीएमएलए अदालत ने पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में राउत की न्यायिक हिरासत 5 सितंबर तक बढ़ा दी है। दरअसल ईडी ने पात्रा चॉल घोटाले में राउत को 31 जुलाई की देर रात को गिरफ़्तार किया था, जिसके बाद स्थनीय कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। फिर उन्हें पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद कोर्ट ने संजय राउत को 5 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आपको बता दें कि ईडी ने राउत के खिलाफ कई समन जारी किए थे, उन्हें 27 जुलाई को भी तलब किया गया था। लेकिन वे ईडी के सामने पेश नहीं हुए। हालांकि, इस मामले में ईडी ने उनसे एक बार करीब 10 घंटे पूछताछ की थी। राउत को पात्रा चॉल के पुनर्विकास और उनकी पत्नी एवं अन्य 'सहयोगियों' की संलिप्तता वाले लेन-देन में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में ईडी ने तलब किया था।

**क्या है पात्रा चॉल जमीन घोटाला?**

ईडी के मुताबिक, पात्रा चॉल के 672 परिवारों के पुनर्वास के लिए सोसाइटी, म्हाडा और गुरू आशीष कंस्ट्रक्शन कंपनी के बीच एक करार हुआ था। गुरु आशीष कंपनी के डायरेक्टर एचडीआईएल के राकेश वाधवान, सारंग वाधवान और प्रवीण राउत थे। कंपनी पर आरोप है कि म्हाडा को गुमराह कर वहां की एइएसएल पहले तो 9 दूसरे बिल्डरों को बेच कर 901 करोड़ जमा किए। फिर मिडोज नाम से एक नया प्रोजेक्ट शुरु कर 138 करोड़ रुपए फ्लैट बुकिंग के नाम पर वसूले। और 672 असली किरायेदारों को उनका मकान नहीं दिया।इस तरह इस कंपनी ने 1039।79 करोड़ बनाए। ईडी का आरोप है कि एचडीआईएल ने गुरु आशीष कंपनी के डायरेक्टर प्रवीण राउत को 100 करोड़ रुपए दिए, जिसमें से प्रवीण राउत ने 55 लाख रुपए संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत जो कि मनी लॉन्ड्रिंग का हिस्सा है। यह चॉल मुंबई के गोरेगांव पश्चिम में सिद्धार्थ नगर में अंग्रेजों के जमाने में बनी मिलिट्री की बैरक थी। यहां रह रहे 672 परिवार को बिल्डर ने अच्छा मकान देने का वादा किया था, लेकिन मकान किसी को नहीं मिला। वहां से हटाए गए लोग अभी भी किराए के घरों में रहने को मजबूर हैं।

## नए संक्रमितों व सक्रिय केसों की संख्या तेजी से घटी, 'बाय-बाय बीए.5'

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। देश में कोरोना के नए मामलों में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा है। बीते 24 घंटे में 9,531 नए संक्रमित मिले। वहीं, सक्रिय केस भी एक लाख से कम हो गए हैं। 24 घंटे में 26 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। इनमें केरल में पूर्व में हुई 10 मौतें शामिल हैं, जिन्हें अब जोड़ा गया है। सोमवार सुबह अपडेट आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में सक्रिय केस घटकर 97,648 हो गए हैं। रविवार को देश में 11,539 नए मरीज सामने आए थे और सक्रिय केस घटकर 99,879 रह गए थे। शनिवार को देश में 13,272 नए कोरोना संक्रमित मिले थे। इस तरह बीते तीन दिनों से इनमें लगातार कमी आ रही है।

**24 घंटे में कहां कितनी मौतें**

बीते 24 घंटे में हुई 26 मौतों में से चार-चार राजस्थान, पश्चिम बंगाल में, यूपी, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, मणिपुर, कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में हुई दो-दो मौतें शामिल हैं।

# आरबीआई अधिकारी ने कहा- रेवड़ियां कभी मुफ्त नहीं होती

## मतदाता को जानने दें असर, गरीबों को नुकसान



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। मुफ्त रेवड़ियों को लेकर देशभर में चल रही सियासी बहस के बीच आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा है कि रेवड़ियां (मुफ्त उपहार) कभी मुफ्त नहीं होती हैं। अगर राजनीतिक दल ऐसी योजनाओं की पेशकश करते हैं तो उन्हें मतदाताओं को इनके वित्त पोषण और अन्य पहलुओं के बारे में भी बताना चाहिए। उन्हें मतदाताओं को बताना चाहिए कि मुफ्त सुविधाओं के लिए पैसा कहां से आ रहा है और अर्थव्यवस्था पर इसका क्या असर पड़ेगा। गोयल ने रविवार को कहा कि मुफ्त सुविधाओं की घोषणाओं के साथ इस तरह की जानकारियां देने से प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद के प्रति प्रलोभन कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारें जब मुफ्त सुविधाएं देती हैं तो कहीं-न-कहीं से इसकी लागत की भरपाई की जाती है। लेकिन अगर सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं पर यह खर्च किया जाए तो इससे क्षमता का निर्माण होगा। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने भी तर्कहीन मुफ्त चुनावी उपहारों की जांच के लिए एक विशेष निकाय बनाने का सुझाव दिया था।

गोयल ने कहा, ऐसी हानिकारक सब्सिडी कीमतों को प्रभावित करती है और इससे उत्पादन और संसाधन आवंटन को भी नुकसान पहुंचता है। जैसे मुफ्त बिजली देने से पंजाब में पानी का स्तर गिरा है। उन्होंने कहा, आम जनता को मुफ्त सुविधाएं स्वास्थ्य, शिक्षा और पानी की खराब गुणवत्ता की कीमत पर मिलती हैं। इनसे सबसे ज्यादा गरीबों को ही नुकसान पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में मुफ्त रेवड़ियां बांटने के प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद पर प्रहार करते हुए कहा था कि मुफ्त सुविधाएं देना करदाताओं के पैसे की बर्बादी है। इससे न सिर्फ आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि यह भारत के आत्मनिर्भर बनने के अभियान को भी बाधित कर सकता है।

इसे आम आदमी पार्टी ने खुद पर निशाना माना था। आप ने हाल ही में पंजाब में मुफ्त बिजली देने की शुरुआत की है। गुजरात में भी मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा किया है। वृहद आर्थिक स्थितियों पर जानी-मानी अर्थशास्त्री ने कहा कि वैश्विक झटकों और नीतिगत दरों में बढ़ोतरी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि कायम है। अन्य देशों के मुकाबले भारत ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। हमारा निर्यात बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, अगर उद्योग लॉकडाउन के झटकों से उबर रहे हैं और कृषि क्षेत्र बेहतर करती है तो घरेलू मांग वैश्विक मंदी को कम कर सकती है।

# बाढ़ प्रभावित जिलों में मुफ्त मिलेगा सेनेटरी पैड, ओडिशा सरकार का आदेश



भुवनेश्वर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। ओडिशा में भीषण बारिश के चलते बाढ़ के हालात बन गए हैं। लगातार बारिश के कारण राज्य की नदियां उफान पर हैं। जहां एक ओर सैकड़ों गांव जलमग्न हैं, वहीं हजारों हेक्टेयर में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। इसी बीच ओडिशा सरकार ने बाढ़ प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से कहा है कि वे प्रभावित गांवों में लड़कियों और महिलाओं को सेनेटरी पैड मुफ्त में वितरित करें। दरअसल, ओडिशा सरकार की तरफ जारी किए एक बयान में कहा गया है कि बाढ़ में फंसीं महिलाओं और लड़कियों के लिए स्वच्छता उपायों के साथ-साथ उचित चिकित्सा देखभाल आवश्यक है। इसलिए कृपया सीडीएमओ को निर्देश दें कि आपातकालीन स्वच्छता उपायों के रूप में सेनेटरी पैड की खरीद करें और वंचित क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों को वितरित करें। आगे यह भी कहा गया कि इस तरह के खर्च की लागत एसडीआरएफ की तरफ से एसआरसी द्वारा वहन की जाएगी। ओडिशा सरकार के विशेष राहत आयुक्त प्रदीप जेना ने 10 बाढ़ प्रभावित जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखा है। जिनमें खोरधा, पुरी, कटक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, नयागढ़, बालासोर, भद्रक, बौध और क्योंझर शामिल हैं।

**सुवर्णरेखा नदी बेसिन पर बाढ़ की स्थिति गंभीर**

इस बीच सुवर्णरेखा नदी बेसिन पर स्थित बालासोर और मयूरभंज जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन जिलों के सात ब्लॉकों के सैकड़ों गांव सुवर्णरेखा के बढ़ते पानी से प्रभावित हैं। झारखंड में गलुडीह बैराज के साथ सुवर्णरेखा नदी पर 6 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, यह बालासोर के राजघाट इलाके में खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है।

**सात लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए**

ओडिशा में भीषण बाढ़ की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बालासोर और मयूरभंज के जिला प्रशासन ने सुवर्णरेखा और बैतरणी नदी में बाढ़ से निपटने के लिए निचले इलाकों में बड़े पैमाने पर निकासी अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि राज्य पहले से ही लगातार बारिश के कारण महानदी में बाढ़ के प्रभाव से जूझ रहा है, जिससे सात लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें से लगभग पांच लाख अब भी 763 गांवों में फंसे हुए हैं।

# महाराष्ट्र में एक बार फिर से सियासी भूचाल

## कांग्रेस को झटका देने की तैयारी में शिंदे के मंत्री



मुंबई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने रविवार को नांदेड़ में कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक चव्हाण के साथ बंद कमरे में मुलाकात की जिसके बाद से राज्य की सियासत गरमा गई है। इसके बाद से कई अटकलें लगने लगीं। राजनीतिक गलियारों में इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मंत्री अब्दुल सत्तार समीक्षा बैठक में शामिल होने के तुरंत बाद अशोक चव्हाण से मिलने उनके आवास पर गए। उन्होंने लगभग आधे घंटे तक एक कमरे में बात की, जहां किसी भी पार्टी कार्यकर्ता को अनुमति नहीं दी गई थी।

**चव्हाण से मार्गदर्शन लेने आया था: अब्दुल सत्तार**

मीडिया से बात करते हुए सत्तार ने कहा कि चव्हाण और उनके दिवंगत पिता, पूर्व केंद्रीय मंत्री शंकरराव चव्हाण ने उनकी राजनीतिक यात्रा में उनका मार्गदर्शन किया था। सत्तार ने कहा कि उनके (चव्हाणों) की वजह से वह राजनीति में वर्तमान ऊंचाइयों को प्राप्त कर सके। चव्हाण को मराठवाड़ा और पूरे महाराष्ट्र के बारे में अच्छी जानकारी और समझ है। वह किसानों के मुद्दों से भी अच्छी तरह वाकिफ हैं। उनका आशीर्वाद लेने के अलावा, मैं कृषि मंत्री के रूप में अपना पोर्टफोलियो संभालने के लिए उनका मार्गदर्शन मांगूंगा।

**यह सत्तार की केवल शिष्टाचार भेंट थी: अशोक चव्हाण**

चव्हाण ने भी बैठक को लेकर लगाई जा रहीं अटकलों पर जवाब देते हुए कहा कि यह सत्तार की केवल शिष्टाचार भेंट थी और दो दलों के नेताओं के बीच बैठक में कुछ भी गलत नहीं है। हाल ही में, चव्हाण के अपने पार्टी नेतृत्व से नाराज होने की खबरें आई थीं, जिसने उन्हें एक कारण बताओ नोटिस जारी किया था क्योंकि वह नवगठित एकनाथ शिंदे सरकार के खिलाफ विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित थे।

**महाराष्ट्र में बारिश से हुई क्षति के लिए की गई थी बैठक**

जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक के दौरान सत्तार ने अधिकारियों से अगले पांच दिनों में बारिश से हुई क्षति की घटनाओं के पंचनामा को पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि जुलाई में नुकसान के लिए पंचनामा प्रक्रिया समाप्त हो गई है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में जुलाई के बाद भारी बारिश भी हुई है और इसका हिसाब दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रभावितों के लिए राहत योजनाओं को तैयार करने में लगी हुई है।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार
दूसरों का डाला अंकुश गिरानेवाला है और अपना बनाया अंकुश उत्थानकारी है।



## राचकोंडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1 करोड़ रुपए के गांजे के साथ छह गिरफ्तार

### 590 किलोग्राम गांजा, दो वाहन, कई मोबाइल आदि बरामद






हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नशे के कारोबारियों के खिलाफ राचकोंडा पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने करीब 1 करोड़ रुपए के गांजे के साथ छह आरोपियो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से 590 किलोग्राम गांजा, दो वाहन, कई मोबाइल आदि बरामद हुए है। इन मामले के तीन आरोप फरार है। पुलिस टीमें फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। यह कार्रवाई राचकोंडा स्पेशल ऑपरेशंस टीम (एलबी नगर) और अब्दुल्लापुरमेट पुलिस ने की है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में कारा परशुराम परकाले (27), अजय महादेव एतापे (31), संतोष अनिल गायकवाड़ (30), आकाश शिवाजी चौधरी (23), विनोद गाडे (40), सभी महाराष्ट्र से और भुक्या साई कुमार सूर्यापेट (23) के रहने वाले है। तीन अन्य, ओडिशा के मलकानगिरी के राजू, भीमा, सूर्यपेट के ए. नागराजू फरार है।

संवाददाताओं को राचकोंडा के पुलिस आयुक्त महेश एम. भागवत ने कहा कि परकाले अपने साथियों अजय, संतोष, आकाश और विनोद के साथ दो वाहनों में मलकानगिरी गए थे, जहां साई कुमार और नागराजू ने कमीशन के परकाले द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद उन्हें 3,000 रुपये से 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम गांजा खरीदने में मदद की। सीपी कहा कि परकाले और उसके गिरोह के सदस्य वापस लौटते समय अब्दुल्लापुरमेट में पकड़े गए। परकाले ने महाराष्ट्र में गांजा को 15,000 रुपये से 20,000 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचने की योजना बनाई थी। गुप्त सूचना पर उन्हें दबोच लिया गया। श्री भागवत ने कहा कि फरार तीन लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से गांजा 590 किलोग्राम, मारुति स्विफ्ट डिजायर कार, महिंद्रा पिकअप वाहन, 8 मोबाइल फोन, 1900 रुपए नकद मिला है।

आरोपी करण परशुराम परकाले ग्राम पिंपरी, बीड जिले, महाराष्ट्र का रहने वाला है। उसने इंटरमीडिएट तक पढ़ाई की है। वह अपने गांव में कृषि कार्य कर रहा था।

वह आसानी से पैसा कमाने के चक्कर में वर्ष 2019 से आंध्र ओडिशा सीमा से महाराष्ट्र तक गांजा का अवैध परिवहन शुरू कर दिया। वर्ष 2020 में, उन्हें आंध्र प्रदेश राज्य की सिलेरू पुलिस ने गांजा की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

वह 6 महीने तक वैजाग जेल में बंद रहा। जेल से छूटने के बाद उसने अपना रवैया नहीं बदला और उसी व्यवसाय को जारी रखा। परशुराम परकाले के ओडिशा राज्य के मलकानगिरी के गांजा विक्रेता राजू और भीमा के साथ अच्छे संबंध हैं। वह विक्रेताओं से 3000 प्रति किलोग्राम खरीदकर महाराष्ट्र में 15,000 से रु. 20,000 रुपए प्रति किलोग्राम बेच रहा था।

## दिल्ली शराब घोटाले में सीएम केसीआर की भूमिका : बंडी



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज आरोप लगाया कि दिल्ली शराब घोटाले में सीएम केसीआर की भूमिका है और कहा कि सीएम के परिवार के सदस्य उसी के कारण शराब घोटाले में आरोपों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें संदेह है कि सीएम केसीआर पंजाब राज्य में शराब सिंडिकेट बनाने गए थे। उन्होंने मांग की कि सीएम दिल्ली स्थित ओबेराई होटल में हुए घटनाक्रम का खुलासा करें। उन्होंने सीएम से पूछा कि क्या उनके परिवार के सदस्य होटल में शराब माफिया के किसी सदस्य से मिले हैं? उन्होंने सीएम से यह भी पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि उनके परिवार के सदस्य शराब माफिया द्वारा व्यवस्थित विशेष विमान से दिल्ली गए थे? संजय ने कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता भी शराब घोटाले में शामिल थे और आरोप लगाया कि कांग्रेस और टीआरएस नेता एक साथ शराब का कारोबार कर रहे हैं। यह आरोप लगाते हुए कि शराब माफिया रामचंद्र पिल्लई, शरत, सृजन रेड्डी और अभिषेक केसीआर परिवार के सदस्यों के बेनामी हैं, उन्होंने सीएम से यह बताने के लिए कहा कि क्या उनके परिवार के सदस्यों के साथ संबंध हैं?

उन्होंने आश्चर्य जताया कि राज्य के उद्योग मंत्री केटीआर ने दिल्ली शराब घोटाले के मुद्दे पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी? अमित शाह जैसे बड़े आदमी के जूते ले जाने में क्या बुराई है।

इस बीच, संजय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जूते ले जाने के लिए सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी के नेताओं और अन्य लोगों की आलोचना पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने सोचा कि अमित शाह जैसे बड़े आदमी के जूते ले जाने में क्या गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली शराब घोटाले के ज्वलंत मुद्दे से राज्य के लोगों का ध्यान हटाने के लिए टीआरएस नेता उनकी आलोचना कर रहे हैं। संजय ने कथित तौर पर पुलिस और प्रतिद्वंद्वी एमआईएम पार्टी के नेताओं द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं के हमले की भी निंदा की। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर तब हमला किया गया जब वे राज्य में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने मांग की कि उच्च पुलिस अधिकारी उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## एनटीपीसी में प्रदर्शनरत ठेका कर्मचारियों पर लाठीचार्ज, 20 से अधिक घायल



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एनटीपीसी, रामगुंडम के श्रमिक गेट पर उस समय तनाव व्याप्त हो गया जब सीआईएसएफ के जवानों ने आंदोलनकारी ठेका कर्मियों पर लाठीचार्ज किया। इस घटना में 20 से अधिक कार्यकर्ता घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पिछले चार दिनों से लंबित वेतन समझौते के क्रियान्वयन में प्रबंधन की लापरवाही और अन्य मांगों के विरोध में संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के नेतृत्व में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के ठेकेदार श्रमिकों ने सोमवार सुबह एनटीपीसी श्रमिक द्वार पर बैठक की।

बैठक के बाद, उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए गेट की ओर बढ़ने की कोशिश की। गेट की ओर जाने से रोकने पर सीआईएसएफ कर्मियों और कर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने पथराव किया जिसके बाद सीआईएसएफ कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए लाठीचार्ज किया। जेएसी नेताओं सहित 20 से अधिक ठेकेदार कर्मचारी लाठीचार्ज में घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उनमें से कई को आउट पेशेंट के रूप में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

## लोगों को भड़काने में भाजपा हमेशा आगे : पोन्नला

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री पोन्नाला लक्ष्मय्या ने आज आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर लोगों को भड़काने में उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भाजपा हमेशा अन्य राजनीतिक दलों से आगे रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सिकंदराबाद के उज्जैनी महाकाली मंदिर के दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने भाजपा नेताओं से पूछा कि क्या देश और राज्य में जब भी चुनाव होते हैं तो उन्हें मंदिरों की याद दिलाई जाती है? उन्होंने याद दिलाया कि अमित शाह अपनी पिछली तेलंगाना यात्रा के दौरान श्री भाग्य लक्ष्मी मंदिर भी गए थे। मुनुगोडु में आगामी उपचुनावों पर उन्होंने कहा कि पार्टी के एक पूर्व नेता के इस्तीफे से उपचुनाव हुआ। टीआरएस और भाजपा के दावों पर टिप्पणी करते हुए कि मुनुगोडु में आयोजित उनकी जनसभाएं एक बड़ी सफलता साबित हुईं, उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या यह आम बात है कि चुनावी सभाएं जनता को आकर्षित करती हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि क्या वे वही नहीं हैं जिन्होंने एक वोट और दो राज्यों का वादा कर राज्य की जनता को ठगा है। उन्होंने अमित शाह से पूछा कि उन्होंने पिछले आठ वर्षों में तेलंगाना में भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में बात क्यों नहीं की? सीएम केसीआर पर निशाना साधते हुए उन्होंने सीएम से पूछा कि उन्होंने अपने आठ साल के शासन में राज्य के विकास के लिए क्या किया? उन्होंने सीएम से यह भी पूछा कि पिछले आठ सालों में उन्होंने केंद्र के खिलाफ कहां लड़ाई लड़ी? कृष्णा नदी के पानी में तेलंगाना के हिस्से का मुद्दा उठाकर सीएम द्वारा मुनुगोडु में वोट मांगने का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के बीच भावना को जगाकर वोट हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं? पार्टी के पूर्व नेता कोमातीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी पर उनके निर्वाचन क्षेत्र के अविकसित होने का हवाला देते हुए उनके इस्तीफे पर निशाना साधते हुए उन्होंने रेड्डी से पूछा कि क्या उनके इस्तीफे के बाद अगले डेढ़ साल में उनका निर्वाचन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य में टीआरएस और भाजपा की हार का समय आ गया है।

## सीएम को ईडी जांच के लिए तैयार रहना चाहिए : मुरलीधर

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के मध्य प्रदेश राज्य प्रभारी मुरलीधर राव ने आज मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और उनके परिवार के सदस्यों को प्रवर्तन निदेशालय का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मुरलीधर राव ने कहा कि केसीआर का परिवार राज्य में भ्रष्टाचार के लिए ईडी की जांच से बच नहीं सकता है। उन्होंने टिप्पणी की कि केसीआर की बेटी और टीआरएस एमएलसी के कविता दिल्ली शराब घोटाले में शामिल थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कविता अपनी गलतियों को छिपाने के लिए भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अभिनेता जूनियर एनटीआर की बैठक पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि शहर में बैठक के दौरान अमित शाह और जूनियर एनटीआर के बीच राजनीतिक चर्चा हो सकती है।

## राजा बहादुर वेंकट रामरेड्डी ने कई सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का प्रयास किया : सीपी



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने राजा बहादुर वेंकट राम रेड्डी की 153 वीं जयंती समारोह के अवसर पर यहां 'वाईएमसीए एक्स रोड' , नारायणगुडा में राजा बहादुर वेंकट रामिरेड्डी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सीपी आनंद ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और राजा बहादुर वेंकट राम रेड्डी द्वारा किए गए अग्रणी योगदान की सराहना की, जिन्होंने निजाम युग के दौरान 14 वें कोतवाल के रूप में कार्य किया। "कोतवाल प्रणाली 1847 से पहले की है और उनके द्वारा किए गए सुधारों ने शहर की पुलिस के 174 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शहर कोतवाल के रूप में अपनी 14 साल की सेवा में, नागरिक और पुलिस दोनों कार्यों को संभालते हुए, उन्होंने उस समय प्रचलित कई सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए अथक प्रयास किया। समाज के उत्थान के लिए उनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थान अभी भी समृद्ध लाभांश का भुगतान करते हैं। श्री आनंद ने कहा कि कैसे उन संस्थानों में अध्ययन करके उनके अपने परिवार को भी लाभ हुआ। उन्होंने संस्था के कार्यकारी निकाय की सराहना की और यू. मदन कुमार गौड़, एसआई सीसीएस हैदराबाद सिटी और उपेंद्र राव अमंगल सर्कल इंपेक्टर, साइबराबाद को स्वर्ण पदक और 5000 रुपये हाल के दिनों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर कोदंडा लक्ष्मीकांत रेड्डी, रावुला श्रीधर रेड्डी, मट्टा रेड्डी शहर के पुलिस अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## ग्रीन इंडिया चैलेंज में शंकर महादेवन ने लिया हिस्सा



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु से जुड़े कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने के लिए हैदराबाद में मौजूद गायक-संगीतकार शंकर महादेवन सोमवार को यहां ग्रीन इंडिया चैलेंज में शामिल हुए। पूर्व सीबीआई जेडी लक्ष्मीनारायण और एक दोस्त राजू के साथ उन्होंने राज्यसभा सांसद जे.संतोष कुमार द्वारा शुरू की गई ग्रीन इंडिया चैलेंज के हिस्से के रूप में बेगमपेट में पौधे लगाए। इस अवसर पर बोलते हुए महादेवन ने कहा कि लाखों प्रजातियों के अस्तित्व के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करने के अलावा पौधे 'अपने पत्तों की आवाज' भी देते हैं। उन्होंने चुनौती के माध्यम से पिछले कुछ वर्षों में इतने सारे लोगों को प्रेरित करने के लिए संतोष कुमार का आभार व्यक्त किया। संगीतकार और संगीत निर्देशक देवी श्री प्रसाद, गायिका श्रेया घोषाल और प्रसिद्ध वादक शिवमणि को चुनौती देते हुए कहा, "मैं सभी लोगों से ग्रीन इंडिया चैलेंज में भाग लेने और पौधे लगाने का आह्वान करता हूं।"

## मानसून संबंधी सावधानियों के पालन पर जोर दिया जाए : अरुण जैन

### दमरे महाप्रबंधक ने सुरक्षा और प्रदर्शन पर समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने रेल निलयम, सिकंदराबाद में विभागाध्यक्षों के साथ क्षेत्र की सुरक्षा और प्रदर्शन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी छह मंडलों विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर, सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। श्री जैन ने ट्रेन संचालन की सुरक्षा और ट्रेनों की समयपालन सुनिश्चित करने के लिए पूरे जोन में लागू की जा रही विभिन्न कार्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने भारी बारिश के दौरान ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मानसून संबंधी सावधानियों के पालन पर जोर दिया। महाप्रबंधक ने अंचल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सुरक्षा अभियानों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बिना किसी चूक के कार्यस्थल सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार क्षेत्र निरीक्षण करके पर्यवेक्षण को और बढ़ाएं। उन्होंने लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों सहित सुरक्षा कर्मचारियों को दिए जा रहे नियमित प्रशिक्षण और परामर्श सत्रों की स्थिति की भी समीक्षा की। महाप्रबंधक ने पिछले पांच वर्षों में शुरू की गई नई लाइनों पर ट्रेन संचालन की अनुमेय गति को 110 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने की विस्तृत समीक्षा की और इन चिन्हित मार्गों पर प्रगति की जांच की। उन्होंने जोन पर मौजूदा गति प्रतिबंधों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को सलाह दी कि जहां भी संभव हो, उन्हें आवश्यक कार्यों के साथ हटा दें, ताकि ट्रेनों की आवाजाही में और तेजी लाई जा सके।

श्री जैन ने अधिकारियों को पूरे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और विद्युतीकरण कार्यों में तेजी लाने की सलाह दी, ताकि चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जा सके। बाद में अरुण कुमार जैन ने पूरे जोन में रेलवे स्टेशनों और गुड्स शेड में एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को रेलवे प्रतिष्ठानों में ऊर्जा संरक्षण और जल प्रबंधन के लिए कार्य योजनाओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने की सलाह दी।

## एबीवीपी ने आज इंटर कॉलेज बंद का आह्वान किया

### श्री चैतन्य जूनियर कॉलेज के सामने धरना दिया



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारत विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को राज्य के सभी इंटरमीडिएट कॉलेजों को बंद करने का आह्वान किया है। एबीवीपी के राज्य सचिव प्रवीण रेड्डी ने आरोप लगाया कि चूंकि राज्य सरकार कॉरपोरेट इंटरमीडिएट कॉलेजों की नापाक गतिविधियों को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं है, इसलिए छात्र बंद का पालन करके राज्य सरकार के नरम रवैये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। संगठन ने आज यहां नारायणगुडा में श्री चैतन्य जूनियर कॉलेज के सामने धरना भी दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि निजी कॉरपोरेट कॉलेज राज्य सरकार की देखरेख के अभाव में इंटरमीडिएट के छात्रों के अभिभावकों से भारी मात्रा में शुल्क वसूल कर रहे हैं। यह आरोप लगाते हुए कि श्री चैतन्य और नारायण शैक्षिक समूह एक आधिकारिक कॉलेज के नाम पर सैकड़ों अवैध जूनियर कॉलेज संचालित कर रहे है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार दो शैक्षिक समूहों को विनियमित करे। उन्होंने यह भी मांग की कि राज्य सरकार उन सभी जूनियर कॉलेजों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे है। इसके अलावा राज्य सरकार से कॉलेजों की मान्यता रद्द करने की मांग कर रही है। छात्रों द्वारा अवैध तरीके से प्राप्त रैंक का व्यापक रूप से प्रचार कर रहे हैं। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार को निजी कॉलेजों में शुल्क को विनियमित करने के लिए एक शुल्क नियामक कानून पेश करना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि राज्य सरकार तेलंगाना में इंटरमीडिएट के छात्रों की आत्महत्या पर राज्य उच्च न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश के साथ जांच का आदेश दे। बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट के अधिकारियों ने सभी निजी इंटरमीडिएट कॉलेजों को अंबरपेट के नारायण जूनियर कॉलेज की एक शाखा में आत्महत्या के प्रयास के बाद शुल्क का भुगतान न करने का हवाला देकर छात्रों को प्रमाण पत्र जारी करने से इनकार नहीं करने का आदेश जारी किया।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, MOHAMMED SOUFIAN AHMED, R/o.19-2-18/A/20, misri gunj, Hyderabad, Have changed Name as MOHAMMED SUFIYAN AHMED 2745320

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवाद करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## कोर्ट में युवक ने खुद की कलाई काटी

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली कोर्ट में सोमवार दोपहर एक शख्स ने कथित तौर पर अपनी कलाई काट ली। पुलिस के अनुसार, वह व्यक्ति मियापुर में नौवीं मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट कुकटपल्ली के परिसर में एडवोकेट हॉल में चला गया और ब्लेड का इस्तेमाल कर अपनी कलाई काट ली। यह देख अधिवक्ताओं ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी और युवक को अस्पताल पहुंचाया।पुलिस ने बताया कि उसकी हालत खतरे से बाहर है। मामले की जांच जारी है।

## संसदीय स्थायी समिति ने बीडीएल का दौरा किया



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सांसद डॉ. किरीट पी सोलंकी की अध्यक्षता में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण पर संसदीय स्थायी समिति ने आज भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) का दौरा किया। कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रा (सेवानिवृत्त), सीएमडी, बीडीएल ने बीडीएल द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपायों के कार्यान्वयन के संबंध में समिति को अवगत कराया। समिति ने बीडीएल में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के लिए किए जा रहे कल्याणकारी उपायों के कार्यान्वयन की सराहना की। समिति ने बीडीएल कंचनबाग यूनिट में इन-हाउस आर एंड डी डिवीजन और मिसाइल उत्पादन सुविधाओं का भी दौरा किया। इस अवसर पर एन पी दिवाकर, निदेशक (तकनीकी), पी. राधा कृष्ण, निदेशक (उत्पादन), एन. श्रीनिवासुलु, निदेशक (वित्त), डॉ उपेंद्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल और बीडीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## केटीआर आज करेंगे चंद्रायणगुट्टा फ्लाईओवर का उद्घाटन

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नगर प्रशासन और शहरी विकास, उद्योग और आईटी मंत्री के. तारकमा राव मंगलवार सुबह पुराने शहर में विस्तारित चंद्रयानगुट्टा फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के आसपास एसआरडीपी परियोजना के तहत किए गए 41 कार्यों में से, चंद्रयानगुट्टा विस्तारित फ्लाईओवर के उद्घाटन के साथ 30 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 11 अन्य परियोजनाओं पर काम प्रगति पर है। इसके साथ ही, ग्रेटर हैदराबाद शहर में यातायात की परेशानी को कम करते हुए अब तक 15 फ्लाईओवर का काम पूरा कर लिया गया है। नया फ्लाईओवर शमशाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एलबी नगर, नलगोंडा और वारंगल से यात्रा करने के लिए हवाई यात्रियों की यातायात समस्याओं को कम करेगा। चंद्रयानगुट्टा में वाहनों के आवागमन को आसान बनाने के लिए, राज्य सरकार ने परियोजना के लिए उपयोगिता स्थानांतरण और भूमि अधिग्रहण के लिए 45.87 करोड़ रुपये खर्च किए थे। विस्तारित फ्लाईओवर में फ्लाईओवर के दोनों किनारों पर 674 मीटर लंबी चार लेन हैं। नतीजतन, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाहन व्यस्त कांदिकल गेट और बरकास जंक्शनों से बचते हुए फ्लाईओवर से गुजर सकते हैं।

# ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी केस की सुनवाई आज भी जारी रहेगी

## मसाजिद कमेटी ने कहा- वक्फ की संपत्ति का मसला सिविल कोर्ट नहीं सुन सकती




वाराणसी, 22 अगस्त (एजेंसियां)। ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी प्रकरण की सुनवाई आज दोपहर वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में हुई। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से वादिनी महिलाओं की दलीलों पर जवाबी बहस की गई। एडवोकेट शमीम अहमद ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ की संपत्ति है। यह वक्फ संपत्ति के तौर पर ही दर्ज भी है।

इसलिए ज्ञानवापी मस्जिद से संबंधित मसले की सुनवाई का अधिकार सिविल कोर्ट को नहीं है, बल्कि वक्फ बोर्ड को है। इसके साथ ही कोर्ट में वादी और प्रतिवादी पक्ष में यह सहमति बनी है कि मसाजिद कमेटी 23 अगस्त को भी अपनी जवाबी बहस जारी रखेगी। उसके बाद वादिनी महिलाओं के एडवोकेट मसजिद कमेटी की जवाबी बहस का प्रति उत्तर देंगे।

**पिछली सुनवाई में लगा था जुर्माना**

मां श्रृंगार गौरी केस की पिछली सुनवाई 18 अगस्त को हुई थी। उस दिन कोर्ट में मसाजिद कमेटी की ओर से कहा गया था कि उनके दिवंगत अधिवक्ता अभय नाथ यादव की जगह अब मुकदमे की पैरवी एडवोकेट योगेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ मधु बाबू और शमीम अहमद करेंगे। दोनों एडवोकेट को मुकदमे को समझने और तैयारी के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय दिया जाए।

इस पर अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 22 अगस्त निर्धारित करते हुए कहा कि अब इससे ज्यादा समय तैयारी के लिए नहीं दिया जाएगा। सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में की जा रही है। इसे विलंबित नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने मसाजिद कमेटी पर लेट-लतीफी के लिए 500 रुपए का जुर्माना लगाते हुए सुनवाई की अगली तिथि 22 अगस्त निर्धारित कर दी थी।

**4 अगस्त को मिला था 15 दिन का समय**

बीती 4 अगस्त को कोर्ट में अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से अधिवक्ता अभय नाथ यादव के निधन संबंधी सूचना देते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया था। कोर्ट को बताया गया कि मुकदमे से संबंधित फाइल उन्हीं के चेंबर में होने के कारण जवाबी बहस की तैयारी नहीं की जा सकी है। इसलिए, मुकदमे की सुनवाई स्थगित करके अगली डेट 15 दिन के बाद की निर्धारित की जाए। जिला जज की कोर्ट ने अनुरोध को स्वीकार करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 18 अगस्त तय कर दी थी।

## सिंगापुर जाएंगे लालू प्रसाद !

**किडनी ट्रांसप्लांट के लिए परिवार में बनी सहमति, सितंबर में ले जाया जा सकता है**

पटना, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजद सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को किडनी की गंभीर बीमारी है। उनको इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि परिवार के अंदर इसको लेकर सहमति बन गई है। सब कुछ ठीक रहा तो सितंबर में उन्हें सिंगापुर ले जाया जा सकता है।

सीबीआई कोर्ट ने उन्हें सिंगापुर जाने के लिए अपना पासपोर्ट रिन्यू कराने की इजाजत पहले ही दे दी है। उनकी सेहत उस समय से अब ठीक है, जब 3 जुलाई को वे राबड़ी देवी के आवास में गिर गए थे। 4 जुलाई को पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बेहतर इलाज के लिए उन्हें 7 जुलाई को एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स ले जाया गया था। सिंगापुर में जिन लोगों ने किडनी ट्रांसप्लांट करवाया है, वैसे कई लोगों से लालू प्रसाद ने उनका एक्सपीरिएंस जाना है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले अयोध्या के धर्माचार्य

*जगदगुरू रामानंदाचार्य के नाम पर बनेगा नयाघाट-टेढ़ीबाजार मार्ग*

अयोध्या, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सीएम योगी आदित्यनाथ से अयोध्या के प्रसिद्ध संतों ने मिलकर उनसे अयोध्या के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान यह तय हुआ कि नयाघाट-टेढ़ीबाजार मार्ग जगदगुरू स्वामी रामानंदाचार्य के नाम पर बनेगा। लता चौक के निर्माण का काम शुरू हो चुका है इसलिए उसे नयाघाट पर बनाया जाएगा। जगदगुरू स्वामी रामानंदाचार्य के नाम पर रामघाट पर चौक का निर्माण होगा

अयोध्या लौटने के बाद श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख एवं एडवर्ड तीर्थ विवेचिनी सभा के अध्यक्ष स्वामी राजकुमार दास ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जगदगुरू स्वामी रामानंदाचार्य के नाम पर रामघाट पर चौक का निर्माण होगा। इसकी घोषणाा सीएम अगली अयोध्या यात्रा में करेंगे।



सीएम से चर्चा करते महंत कमलनयन दास, महंत मैथिलीरमण शरण एवं खाक चौक के महंत बृजमोहन दास त्यागी। इस दौरान मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलयनयन दास, लक्ष्मण किला के महंत महंत मैथिलीरमण शरण, श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास, अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गौरीशंकर दास, खाक चौक के महंत बृजमोहन दास त्यागी, रामकथा कुंज क महंत डाक्टर रामानंद दास, हनुमत निवास के महंत मिथिलेशनंदिनी शरण, तुलसीदास छावनी के महंत जनार्दन दास, नित्य सरयू महाआरती समिति के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास, पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास, ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी, महामंडलेश्वर गिरीश दास, महंत रामजी शरण, महंत अवधिकशोर शरण, महंत जनकदुलारी शरण, महंत अमित कुमार दास दास वेदांती कुटिया आदि मौजूद रहे।

# नीतीश के काफिले पर पथराव करने के आरोप में पुलिस ने 13 को किया गिरफ्तार



पटना, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की पटना पुलिस ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले पर पथराव के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि 23 और लोगों की पहचान की गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के सोगही गांव में पथराव हुआ। दरअसल, रविवार को नीतीश कुमार का आगामी पितृपक्ष मेले की समीक्षा के लिए एक निर्धारित कार्यक्रम था।

बता दें, पितृपक्ष मेला हर साल आयोजित किया जाता है। इसमें दुनिया भर से हिंदू समुदाय के लोग पिंड दान के लिए आते हैं।

सीएम के गया पहुंचने से पहले उनकी गाड़ियों का काफिला पटना से गया पहुंच चुका था। रविवार को पटना के गौरीचक में इसी काफिले पर लोगों ने हमला कर दिया था। हमले में कई गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया गया था। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। अब तक इस मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पटना के जिला मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर सिंह ने घटना की जांच करने और 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (कानून और व्यवस्था) और डीएसपी मुख्यालय वाली दो सदस्यीय समिति का गठन किया। जानकारी के मुताबिक, सोगही के लोग 7 अगस्त से लापता एक युवक की हत्या का विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों ने दावा किया कि उसके चार दोस्त गयाघाट के पास गंगा नदी के किनारे गए थे और उनमें से एक तब से लापता था। पीड़िता के परिजनों ने गौरीचक थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।

रविवार को पीड़िता का शव बरामद किया गया। ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसी दौरान नीतीश कुमार का काफिला वहां पहुंच गया और गुस्साए लोग ने उन पर पथराव कर दिया। पथराव के कारण कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पटना एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने भी गौरी चक के एसएचओ से स्पष्टीकरण मांगा कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को आंदोलन की जानकारी क्यों नहीं दी। यह मामला मुख्यमंत्री की सुरक्षा में सेंध से जुड़ा था।

# पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस का लाठीचार्ज

## हाथ में तिरंगे के बावजूद एडीएम बरसाते रहे लाठियां




पटना, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पटना में सोमवार को पुलिस ने बेरोजगार शिक्षक अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज कर दिया। पटना के एडीएम केके सिंह ने तिरंगा लिए एक प्रदर्शनकारी पर जमकर लाठी बरसाई। इतनी लाठियां मारीं कि उसका खून बहने लगा। बाद में एक पुलिस कर्मी ने प्रदर्शनकारी से तिरंगा छीन लिया।

नियुक्ति को लेकर किया जा रहा था प्रोटेस्ट

करीब 5000 सीटीईटी और बीटीईटी पास अभ्यर्थी डाकबंग्ला चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उनपर लाठीचार्ज कर दिया। ये अभ्यर्थी सातवें चरण की नियुक्ति की मांग को लेकर ये प्रदर्शन कर रहे थे। भारी संख्या में पुलिस फोर्स और वाटर कैनन तैनाथ थी। ये अभ्यर्थी बिहार के नए शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे। सीटीईटी, बीटीईटी पास इन अभ्यर्थियों की मांग थी कि प्राथमिक विज्ञप्ति जारी की जाए।

युवक को पुलिस ने इतना पीटा कि उसके मुंह से खून निकल गया। वो तिरंगे से अपना सिर बचाने की कोशिश कर रहा था।

युवक को पुलिस ने इतना पीटा कि उसके मुंह से खून निकल गया। वो तिरंगे से अपना सिर बचाने की कोशिश कर रहा था।

2019 के एसटीईटी परीक्षा में पास शिक्षक अभ्यर्थियों का कहना है कि हम लोग मेरिट लिस्ट वाले हैं और अभी तक हम लोगों की समस्या सरकार ने नहीं सुलझाई है। नई सरकार बनने के बाद आज हम लोग राजभवन मार्च करने निकले थे, लेकिन पुलिस ने रोक दिया बावजूद इसके सड़क पर खड़े होकर हम प्रदर्शन कर रहे हैं।

बिहार में एसटीईटी परीक्षा 8 साल बाद हुई थी। नोटिफिकेशन 2019 में जारी किया गया। जनवरी 2020 में ऑफलाइन मोड में परीक्षा हुई, लेकिन 2-3 सेंटरों पर फर्जीवाड़े की बात सामने आने पर उसे रद्द कर दिया गया। दोबारा परीक्षा सितंबर 2020 में हुई। तब ये ऑनलाइन हुई थी।

## पप्पू यादव के राजभवन मार्च को डाकबंगला चौराहे पर रोका

पटना, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने सोमवार को केंद्र सरकार की विभिन्न नीतियों के खिलाफ राजभवन मार्च निकाला। जिसे डाक बंगला चौराहे पर पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान पुलिस और जाप कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई। जिसके बाद प्रशासन के समझाने के बाद डाकबंगला चौराहे से ही मार्च वापस हो गया।

केंद्र और बिहार सरकार के नीतियों के खिलाफ शुरू आवाज उठाने वाले जन अधिकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मधेपुरा के पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने देश और प्रदेश के हालातों पर, बढ़ रही महंगाई और दही, अनाज जैसी चीजों पर जीएसटी की बढ़ोतरी के खिलाफ आज राजभवन मार्च कर रहें हैं। इसकी तैयारी पिछले कई दिनों से हो रही है। पप्पू यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में तेजी से अपराध बढ़ रहा है।

इसका कारण पक्ष और विपक्ष दोनो है। बिहार में हो रही दुष्कर्म की घटनाएं पर भी सरकार मौन बनी हुई है। जहां सरकार को कड़ाई से एक्शन लेने की जरूरत होती है वहां सरकार टाल मटोल कर देती है। ना ही सरकार को और ना ही विपक्ष को ही इससे कोई लेना देना है। पप्पू यादव ने कहा कि पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर बिहार को बर्बाद करने में लगे हुए हैं।

# 8000 कमाने वाले किसान को 37.50 लाख का जीएसटी नोटिस

## खगड़िया के गिरीश के नाम पर राजस्थान में फर्जी कंपनी; डीएम से लगाई गुहार




खगड़िया, 22 अगस्त (एजेंसियां)। खगड़िया का एक किसान इन दिनों सुर्खियों में है। जीएसटी विभाग ने उसे 37.50 लाख रुपया का नोटिस थमा दिया है। नोटिस पढ़कर किसान दंग हो गया। उसका कहना है कि उसे रहने के लिए ठीक-ठाक घर तक नहीं है। उसकी मासिक आय 8 हजार रुपए है। ऐसे में कैसे वह किसी कंपनी का मालिक हो सकता है। उसने खगड़िया डीएम को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र के मेघौना गांव का है। किसान की पहचान मेघौना निवासी रतिलाल का 40 वर्षीय पुत्र गिरीश के रूम में हुई। गिरीश ने बताया कि गांव में किसानी और मजदूरी करता हूं। दिन भर मजदूरी करके किसी तरह परिवार के साथ परिवार का भरण-पोषण करता हूं। पिछले 12 साल से बिहार से कहीं बाहर नहीं गया हूं। गांव में ही रहकर जीवन यापन करता हूं। कहा कि मेरा पैन कार्ड का फर्जी तरीके से इस्तेमाल कंपनी बनाकर 37.50 लाख का बकाया कर दिया है। बता दें कि जीएसटी विभाग की इस नोटिस में गिरीश यादव के नाम से राजस्थान के पाली में एक लिमिटेड कंपनी है। गिरीश के टेंपरेरी अकाउंट नंबर यानी टैन के ऊपर साढ़े 37.50 रुपए जीएसटी का बकाया है। इसकी वसूली के लिए ही नोटिस भेजा गया है। पूछने पर गिरीश ने बताया कि कभी राजस्थान मैं गया ही नहीं है। ना ही राजस्थान में किसी को जानता हूं। मेरे डॉक्युमेंट का गलत इस्तेमाल कर कंपनी बनाया गया है। साइबर ठगों ने किसी ने फर्जी कंपनी खोली और लाखों की टैक्स चोरी को अंजाम दिया।

## दहेज में बुलेट नहीं मिलने पर पत्नी का सिर मुंडवाकर दिया तीन तलाक

मेरठ, 22 अगस्त (एजेंसियां)। मेरठ में दहेज में बुलेट बाइक नहीं मिली तो पति ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। महिला ने सिर मुंडाने का भी आरोप लगाया है। एसएसपी ऑफिस पहुंची इत्तेफाकनगर की पीड़िता ने बताया कि उसका निकाह दो साल पहले अफजलपुर पाउटी निवासी अहमद अली से हुआ था। आरोप है कि अहमद निकाह के बाद से ही बुलेट बाइक मांग रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट की और सात जून को उसका सिर मुंडवा दिया। मायके में पंचायत के महिला को दोबारा सुसराल भेज दिया। महिला का कहना है कि 14 अगस्त को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। तभी विवाहिता मायके पक्ष के लोगों के साथ थाने पहुंची थी। उस समय पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। शनिवार को पीड़िता एसएसपी के सामने पेश हुई। पीड़िता की शिकायत पर कंकरखेड़ा पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक का मुकदमा दर्ज किया है।

# चिराग पासवान का दावा : बिहार में होंगे मध्यावधि चुनाव

## बोले-मौसम वैज्ञानिक का बेटा हूं, जल्द महागठबंधन में होगा फूट; एलजेपी कर रही तैयारी

बेगूसराय, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में राजनीतिक उठापठक के बीच लोजपा रामविलास राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान ने सूबे में मध्यावधि चुनाव का बड़ा दावा किए हैं। उन्होंने बेगूसराय में पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि लोजपा रामविलास मध्यावधि चुनाव की तैयारी कर रहा है। मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार पर उन्होंने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि साल 2020 के विस चुनाव के परिणाम आने के बाद ही मुख्यमंत्री के नीतीश कुमार को लेकर पूर्व में ही मैंने भविष्यवाणी की थी।

मुख्यमंत्री बिना कुर्सी के रह नहीं सकते । उनको आभास नहीं यकीन था कि 2024 में पीएम नहीं बनेंगे। अगले चुनाव में सीएम के चेहरा भी नहीं रहेंगे ।

वह अंतिम राजनीतिक पारी खेल रहे हैं। 2024 तक जदयू का नाम लेने वाला कोई नहीं बचेगा । एक एजेंडा औपचारिक तौर पर पीएम कंडीडेट बनने का घोषित करवाया है। सम्भवतः 2024 में परिस्थिति कुछ ऐसी बने की वह पीएम कंडीडेट बनें। हास्यास्पद है कि 40 सीट वाला पीएम बनेंगे। ममता,



अखिलेश, केजरीवाल और कांग्रेस के ये सब क्या करेंगे। 2020 में नीतीश कुमार को सीएम बनने का जनादेश नहीं था। चिराग मॉडल जनभावनाओं का प्रतीक था। जनता के आक्रोश का प्रतीक था। अगली मध्यावधि चुनाव में जदयू के खाता नहीं खुलेगा । जंगलराज की परिभाषा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दी हुई है। बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विकास का ऐसा रोडमैप । जिसे घर घर लेकर जाने का काम हम करेंगे ।

**प्रशिक्षण शिविर राजगीर में लगाएगी लोजपा**

सितंबर माह में बिहारी फर्स्ट बिहारी की जानकारी पार्टी के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को दी जाएगी । लोजपा मध्यावधि चुनाव की तैयारी कर रही है। बहुत जल्द बिहार मध्यावधि चुनाव की ओर अग्रसर हो रहा है। वर्तमान सरकार में लगातार खटपट हो रहा है। यहां कानून मंत्री ही वारंटी है। आज के बाद से पार्टी का हर कार्यक्रम चुनाव के मद्देनजर हो रहे है।

### मौसम वैज्ञानिक के बेटे हैं

चिराग पासवान ने कहा वह मौसम वैज्ञानिक के बेटे हैं और उनका दावा है कि जल्द ही महागठबंधन में फूट होगी जिसके बाद बिहार में मध्यावधि चुनाव भी होगा। इसके लिए लोजपा आर अभी से तैयारी कर रही है । वही गठबंधन के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि किस दल से गठबंधन होगा यह चुनाव के समय तय किया जाएगा।

# गुरुग्राम से इंजीनियरिंग की पढ़ाई...पटना में करता लूट का धंधा

*गर्लफ्रेंड के साथ अय्याशी करने के लिए लोगों को लूटता; साथी के साथ गिरफ्तार*

पटना, 22 अगस्त (एजेंसियां)। गुरुग्राम के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा युवक पटना में लुटेरा निकला। वो अपने महंगे शौक पूरा करने के लिए दोस्त के साथ बाइक से राजधानी की सड़कों पर सुबह-सुबह निकलता था। फिर सन्नाटे वाले रास्ते में पिस्टल का डर दिखा बाइक, मोबाइल और कीमती सामान लूट लिया करता था। इस लुटेरे के हाथ जो भी कीमती मोबाइल लगता उसे पुनाइचक स्थित मोबाइल दुकान में बेचकर ठिकाने लगा दिया करता था। फिर वहां से रुपए लेकर लड़की घुमाने और अय्याशी करने निकल पड़ता था। यह बात पटना पुलिस की जांच में सामने आई है। पुलिस ने दो लुटेरों के साथ ही इनसे लूट के सामानों को खरीदने वाले दो शख्स को भी गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, यह पूरा मामला शास्त्रीनगर थाने का है। दिखावे के लिए गुरुग्राम के कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अपराधी का नाम मोहित कुमार दत्ता है। पटना में



शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के पूर्वी पटेल नगर के हाउस नंबर 24 में रहता है। इसके पिता गंगाधर दत्ता जूनियर इंजीनियर हैं। भाई बीपीएससी की तैयारी कर रहा है। सचिवालय एएसपी काम्या मिश्रा के अनुसार मोहित काफी शातिर है। बात करने के लिए ये वॉट्सऐप कॉलिंग का इस्तेमाल करता है। पूछताछ में इसने कबूल किया कि अपनी अय्याशी के लिए पटना में क्राइम करता था। क्योंकि, घर में बहुत कम रुपए खर्च के नाम पर मिलते हैं। उससे हर जरूरत पूरी नहीं होती थी। शराब और बाइक चोरी के मामले में मोहित पहले भी दो बार जेल जा चुका है। कुछ महीने पहले ही छुटकर बाहर आया था। पुलिस टीम ने मोहित के क्राइम पार्टनर सौरव कुमार को भी गिरफ्तार किया है। मूल रूप से लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना के तहत डिहरी का रहने वाला है। इसके पिता सुरेंद्र दास सचिवालय में पोस्टेड हैं। परिवार के साथ पटना में शास्त्रीनगर में ही किराए पर रहता है। मोहित की तरह इसे भी कई तरह के शौक हैं। जिसे पूरा करने के लिए ये मोहित का साथ देता है। क्राइम करने के बाद पहली बार सौरव पुलिस के हत्थे चढ़ा है। एएसपी के अनुसार मोहित और सौरव से हुई पूछताछ में ही जहानाबाद के गौतम कुमार और मधुबनी के रहने वाले सकेंद्र कुमार उर्फ मोनू का नाम सामने आया।

# आजम खान का उत्पीड़न रोकने की मांग

**सपा के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी यूपी से कीं मुलाकात, कहा- निराधार कार्यवाही रोकी जाए**



लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी ने कहा है कि उनके वरिष्ठ नेता आजम खान का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसकी शिकायत करने के लिए सपा के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी मुख्यालय में डीजीपी से मुलाकात की। पूर्व मंत्री समेत चार सदस्यों ने डीजीपी से मांग की है कि मोहम्मद आजम खां और उनके परिवार पर किया जा रहा उत्पीड़न रोका जाए। प्रतिनिधिमंडल ने समाजवादी पार्टी के लेटर पैड पर लिखित में शिकायत दी है। सपा ने डीजीपी को दिए पत्र में लिखा है कि आजम खान पर मुकदमों की बाढ़ सी आ गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कह चुके हैं कि मोहम्मद आजम खान के प्रति विद्वेष पूर्वक कार्यवाही की जा रही है। वह इसका विरोध करते हैं और उनके निर्दोष होने की बात कह रहे हैं। इन सबके बावजूद भाजपा उनसे हद दर्जे तक नफरत करती है क्योंकि आजम खान ने रामपुर में गरीबों की तालीम की व्यवस्था करने का गुनाह किया है। उन्होंने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना करके युवाओं के ज्ञान को विस्तार भी दिया है।

**मनमाने तरीके से हो रहे उत्पीड़न रोकने की मांग**

सपा के प्रतिनिधिमंडल की मांग की है कि रामपुर जिला प्रशासन मोहम्मद आजम खां और उनके परिवार के खिलाफ कथित आरोपों में उत्पीड़न की कार्रवाई तत्काल रोके।

# जिससे जवाहिरी को मारा

## उसी ड्रोन से चीन और हिंद महासागर पर नजर रखेगा भारत, बातचीत अंतिम चरण में



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में अपने निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए तीन अरब डॉलर से अधिक की लागत से 30 एमक्यू-9बी प्रीडेटर सशस्त्र ड्रोन खरीदने को लेकर भारत की अमेरिका के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

**अल-जवाहिरी को मारने के लिए किया गया था इस्तेमाल**

एमक्यू-9बी ड्रोन एमक्यू-9 'रीपर' का एक प्रकार है, जिसका इस्तेमाल हेलफायर मिसाइल के उस संशोधित संस्करण को दागने के लिए किया गया था, जिसने पिछले महीने काबुल में अल-कायदा सरगना अयमान अल-जवाहिरी को मार गिराया था। रक्षा प्रतिष्ठान के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रक्षा क्षेत्र की प्रमुख अमेरिकी कंपनी 'जनरल एटॉमिक्स' द्वारा निर्मित ड्रोन की नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच सरकारी स्तर पर खरीद के लिए बातचीत चल रही है। उन्होंने उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया है कि इस सौदे पर अब बातचीत नहीं हो रही है।

**दोनों सरकारों के बीच खरीदारी कार्यक्रम पर बातचीत अंतिम चरण में**

'जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन' के मुख्य कार्यकारी डॉ विवेक लाल ने बताया कि दोनों सरकारों के बीच खरीदारी कार्यक्रम पर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि एमक्यू-9बी अधिग्रहण कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और भारत सरकारों के बीच बातचीत अंतिम चरण में है।'' इस ड्रोन को तीनों सशस्त्र बलों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के लिए खरीदा जा रहा है। ये ड्रोन समुद्री सतर्कता, पनडुब्बी रोधी आयुध, आसमान के परे लक्ष्य साधने और जमीन पर मौजूद लक्ष्यों को निशाना बनाने समेत विभिन्न कार्यों को करने में सक्षम हैं।

**एमक्यू-9बी ड्रोन करीब 35 घंटे तक हवा में रह सकता है**

अमेरिकी रक्षा कंपनी जनरल एटॉमिक्स द्वारा निर्मित रिमोट-संचालित ड्रोन करीब 35 घंटे तक हवा में रह सकते हैं। इसे निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने और दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करने सहित कई उद्देश्यों के लिए तैनात किया जा सकता है। यह चार हेलफायर मिसाइल और करीब 450 किग्रा बम ले जा सकता है। एमक्यू-9बी के दो प्रकार हैं, स्काई गार्डियन और सी गार्डियन। सूत्रों ने बताया कि बातचीत लागत घटक, हथियारों के पैकेज और प्रौद्योगिकी को साझा करने से संबंधित कुछ मुद्दों को सुलझाने पर केंद्रित है। ऐसा समझा जाता है कि अप्रैल में वाशिंगटन में भारत एवं अमेरिका के बीच हुई 'टू प्लस टू' (विदेश एवं रक्षा मंत्री स्तर की) वार्ता के दौरान भी खरीदारी के प्रस्ताव पर चर्चा हुई थी। भारतीय नौसेना को 2020 में मुख्य रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी के लिए अमेरिका से दो 'एमक्यू-9बी सी गार्जियन' ड्रोन पट्टे पर मिले थे। गैर-हथियार वाले दो एमएक्यू-9बी ड्रोन एक वर्ष के लिए पट्टे पर दिए गए थे और उसकी अवधि को एक और वर्ष बढ़ाने का विकल्प था।

**नौसेना ने लीज पर लिए दो ड्रोन**

2020 में नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र की निगरानी के लिए जनरल एटॉमिक्स से दो एमक्यू 9-बी सी गार्जियन ड्रोन लीज पर लिए थे। चीन द्वारा इस क्षेत्र में अपने सैन्य जलपोतों की आवाजाही बढ़ाई जा रही थी। भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी सेना पीएलए के युद्धपोतों सहित चीन की बढ़ती गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अपने निगरानी तंत्र को मजबूत कर रही है। इन दो ड्रोन के बारे में पूछे जाने पर लाल ने कहा कि उन्होंने ''बहुत अच्छा'' प्रदर्शन किया है और उन्होंने भारतीय नौसेना की समुद्री एवं स्थलीय सीमा पर गश्त के लिए करीब 3,000 घंटे उड़ान भरी। उन्होंने कहा कि भारतीय ग्राहक एमक्यू-9 के प्रदर्शन से प्रभावित हुए हैं।

**3000 घंटे उपयोग**

6 महीने में नौसेना ने 3,000 घंटे इन ड्रोन का उपयोग 1।40 करोड़ वर्ग मील क्षेत्र में किया। संचालन व मालिकाना हक कंपनी का ही था। तीनों सेनाओं के लिए 10-10 ड्रोन जनरल मोटर्स के अनुसार, एमक्यू9-बी को न केवल नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) के मानकों को पूरा करते हुए बल्कि अमेरिका और दुनिया भर में असैन्य हवाई क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाया गया है। भारतीय नौसेना ने इस ड्रोन की खरीद के लिए प्रस्ताव दिया था और तीनों सेनाओं को 10-10 ड्रोन मिलने की संभावना है। इन ड्रोन को मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (मेल) ड्रोन भी कहा जाता है। लद्दाख में चीन से सैन्य गतिरोध के बाद इनकी खरीद पर जोर दिया जा रहा है। 'प्रीडेटर' ड्रोन को लंबे समय तक हवा में रहने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों की निगरानी के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है। भारतीय सशस्त्र बल पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ गतिरोध के बाद ऐसे हथियारों की खरीद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**अमेरिका से एमएच-60 हेलिकॉप्टर आने शुरू**

चीन से गतिरोध को देखते हुए फरवरी, 2020 में भारत ने नौसेना के लिए अमेरिका से 260 करोड़ डॉलर का समझौता अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 एमएच-60 रोमियो हेलिकॉप्टर खरीद के लिए किया था, जिनकी आपूर्ति शुरू हो गई है। अमेरिका ने 2019 में भारत को सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दी थी और एकीकृत वायु एवं मिसाइल रक्षा प्रणालियों की भी पेशकश की थी। पिछले कुछ वर्षों में भारत-अमेरिका के बीच रक्षा संबंध मजबूत हुए हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह.... | 05-38 बजे |
| चंद्र- | मिथुन में | कन्या | 07-46 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला - | 09-51 बजे |
| बुध- | सिंह में | वृश्चिक | 12-01 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- | 14-15 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | मकर- | 16-21 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - | 18-12 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन.... | 19-50 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- | 21-26 बजे |
| | | वृष-- | 23-11 बजे |
| | | मिथुन.. | 01-11 बजे |
| | | कर्क... | 03-23 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,** हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-वर्षा, दिशाशूल- उत्तर • गुड खाकर घर से निकले
तिथि- एकादशी- **06-07** तक उपरान्त, द्वादशी
मास - भाद्रपद कृष्ण पक्ष ,मंगलवार, **23 August**
नक्षत्र - आर्द्रा - **10 -44** - तक उपरान्त, पुनर्वसु
योग - सिद्ध- **00- 37** - तक उप- व्यतिपात
करण- बालव **-06 -07** - तक,उप- कौलव
विशेष:- अजा एकादशी व्रत निम्बार्क
व्रत -त्योहार - गोवत्सपूजा बछबारस,शरद ऋतु प्रा.

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:27 से 17:01 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:04 - 07:36 | अशुभ | काल | 18:35 - 20:01 | अशुभ |
| उत्पात | 07:36 - 09:10 | अशुभ | लाभ | 20:01 - 21:27 | शुभ |
| चंचल | 09:10 - 10:44 | शुभ | उत्पात | 21:27 - 22:53 | अशुभ |
| लाभ | 10:44 - 12:19 | शुभ | शुभ. | 22:53 - 00:19 | शुभ |
| अमृत | 12:19 - 13:53 | शुभ | अमृत | 00:19 - 01:45 | शुभ |
| काल | 13:53 - 15:27 | अशुभ | चंचल | 01:45 - 03:10 | शुभ |
| शुभ | 15:27 - 17:01 | शुभ | रोग | 03:10 - 04:36 | अशुभ |
| रोग | 17:01 - 18:33 | अशुभ | काल | 04:36 - 06:04 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — अगर किसी के साथ इन दिनों आपके सम्बन्ध सही नही हैं तो आज उनसे इस बारे में बात कर सकते हैं।उनकी भी बात ध्यानपूर्वक सुनें।सामने वाले को ना तो इतनी छूट दें की आपको रोंदकर आगे बढ़ जाए,ना ही बहुत रुखा व्यवहार करना ठीक होगा।ऑफिस में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात सम्भव है,सतर्क और सक्रिय रहें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज का दिन अपने जीवन की वर्त्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने और अपनी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बांटने के लिए बिलकुल उपयुक्त है।अगर आप पिछले कुछ समय से आलसी महसूस कर रहे हैं और काफी सारा काम इकठ्ठा हो गया है,आज अपने अन्दर असीमित ऊर्जा अनुभव करेंगे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा ,स्थितियां आपके सामने किसी पुरानी अवांच्छित बात को फिर से लाकर खड़ी कर सकती हैं,जिससे आप बचना चाहते थे। आपको इस समस्या से निपटने के लिए सहनशील नजरिये से सोचना होगा क्योंकि आज आप बिना पर्याप्त कारण अपने आप सहित हर किसी पर सख्त रहें हैं।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है।आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं जिसकी आपको जरुरत नही है लेकिन आपको अच्छी लगती है,इससे आपकी वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित भी होगी। अपनी इस खर्च करने की प्रवृति पर नियंत्रण रखें तो दिन शांति से गुजर जाएगा।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आपके आस पास कोई आपको व्यर्थ के पावर गेम में उलझाने की कोशिश करेगा।इससे बचने का रास्ता यही है कि आप खुद पर नियंत्रण रखकर ठंडे दिमाग से काम लें और किसी और की चालों का शिकार न बनें।इससे आप व्यर्थ की परेशानियों से भी बच जायेंगे।अगर आप सावधान रहेंगे तो बहुत सुंदर और चिंतामुक्त दिन गुजार सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है ,लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें।दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे।इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — कपडों और सौंदर्य प्रसाधनों पर काफी खर्च कर सकते हैं।हालाँकि आप अपने खर्च को फिजूलखर्ची की सीमा तक पहुचने से पहले नियंत्रित कर पायेंगे।अपने किसी ख़ास को कोई कीमती उपहार दे सकते हैं,जो उसे बहुत अच्छा लगेगा।हालांकि अपनी भावनाओं को बोलकर व्यक्त करने से आपकी बात अधिक सार्थक लगेगी।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं,लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे।आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आपको अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकलकर अपने आस पास की स्थितियों और अपनी स्थिति को ध्यान से समझना है।आप अपने विभिन्न कर्तव्यों को पूरा करने के लिए बहुत भागदौड करते रहे हैं।अब आप अपनी क्षमता भर इन्हें पूरा कर चुके हैं,अब आराम से बैठकर अपने प्रयासों और मेहनत का आनंद उठाने का समय है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज आपके सब कामों और विचारों में एकाग्रता और शांति रहेगी।आप किसी विवाद से प्रभावित नही होंगे ,दरअसल कार्यस्थल पर भी ऐसी स्थिति बन सकती है कि आपको शान्तिदूत बनना पड़े। घर के सुधार का कोई कार्यक्रम बना सकते हैं या अपने घर की समस्याओं को सुलझाने या संबंधों को बेह्तर बनाने के लिए काम कर सकते हैं।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपको सकारात्मक कदम उठाने के लिए ही प्रेरित करेगा।इससे आपको भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा।अगर कोई आपसे उलझने की कोशिश करता भी है तो आप शांति बनाये रखें और दृढ़ता से अपनी बात सामने रखें।आज आपकी धार्मिक तथा रहस्य विज्ञान के कार्यों में रूचि बनेगी।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आपको अपने पार्टनर को अपने मिशन और लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट बता देना चाहिए। यदि कोई विवाद हुआ भी तो आपके भावनाओं में बह जाने की सम्भावना है,इस प्रवृति पर नियंत्रण रखें। आप दिन का अंतिम हिस्सा किसी बोद्धिक कार्यकलाप या कलाकारी सम्बन्धी रूचि में लगा सकते हैं।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# देश की सबसे पुरानी पार्टी में घमासान

## भर बारिश में कांग्रेस के बीच लू के थपेड़े, पतझड़ का माहौल



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पानी तेज के स्वरूप में हो या ज्ञान का प्रतिरूप, हर व्यक्ति जगह-जगह से दो-दो बूंद पानी लेता है और अपने मन-मस्तिष्क की मटकी भरता चला जाता है। ।।। और जब इस पानी में चांद की परछाईं दिखती है तो उसे पानी से मोह हो जाता है। एक संन्यासी था, जो बरसों- बरस ज्ञान को अर्जित करता रहा। फिर जिस तरह गौतम एक वृक्ष के नीचे बरसों-बरस बैठे रहे और अचानक एक रोशनी को पा लिया, कुछ उसी तरह एक दिन संन्यासी की मटकी अचानक टूट गई। पानी बह गया और उसने देखा- न पानी कहीं, न चांद कहीं।।।। तो सिर उठाया और सीधे चांद का दीदार कर लिया। इस पूरी कहानी का सार यह है कि लापरवाही और उदासीनता के पानी में डूबी हुई कांग्रेस और उसके कर्ताधर्ताओं के सिर की मटकी कब फूटेगी? कब उनकी अंतरात्मा जागेगी और कब उनका असलियत से साक्षात्कार होगा? गुलाम नबी आजाद ने पांच दिन पहले ही कांग्रेस की कश्मीर प्रचार समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। रविवार को दिग्गज कांग्रेसी आनंद शर्मा ने हिमाचल चुनाव संचालन समिति का अध्यक्ष छोड़ दिया। आनंद शर्मा ने कहा कि जब हिमाचल के बारे में किसी फैसले में मुझे शामिल ही नहीं किया जाता तो अध्यक्ष बनाया ही क्यों? ये अध्यक्ष पद आप अपने पास रखिए। मैं आत्म- सम्मान से समझौता नहीं कर सकता। आनंद शर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री भी हैं और कांग्रेस के ग्रुप- 23 नेताओं में भी शामिल हैं। जब पार्टी संकट में हो तब बड़े और पुराने नेताओं का एक के बाद एक अपमान करना कौन सी राजनीतिक समझदारी का हिस्सा है, यह समझ से परे है। जिस तरह बारिश में, गर्मी में एक अलग तरह की हवा आती है। कभी सौंधी सुगंध लेकर। कभी शीतलता लेकर। ठीक उसी तरह पतझड़ की भी एक गंध होती है। लगता है- भर बारिश के बीच कांग्रेस में लू के थपेड़े और पतझड़ की आंधी चल पड़ी है। अशुभ यह है कि आग वे दिशाएं उगल रही हैं जो कभी शीतलता उपजाया करती थीं। कांग्रेस में आज जो हालात हैं, यह उसके अपने होठों से निकली हुई भयानक चीख है। ।।।और अब इस चीख को भी टुकड़ों में बांटा जा रहा है।

कपिल सिब्बल की चीख। गुलाम नबी आजाद की चीख। आनंद शर्मा की चीख। होना यह चाहिए कि समय की मांग को देखते हुए कांग्रेस को खुद को जोड़ने और लोगों से जुड़ने का काम पूरी ताकत से करना चाहिए। हो इसका उल्टा रहा है। कोई किसी की मान नहीं रहा। कोई किसी की सुन नहीं रहा। पार्टी दिनोंदिन दुबली होती जा रही है। हिमाचल में चुनाव हैं। वहां कांग्रेस, भाजपा से सत्ता छीनना चाहती है, लेकिन हालत यह है कि वह अपनी संचालन समिति के अध्यक्ष को ही संतुष्ट नहीं कर पा रही है। मतदाता कैसे संतुष्ट होंगे, अंदाजा लगाया जा सकता है।

# विमान में धुएं की चेतावनी के बाद

## इंडिगो विमान कोलकाता हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा, जांच के आदेश



कोलकाता, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कोलकाता जा रहे इंडिगो एयरलाइन के एक विमान में तकनीकी खराबी की वजह से यात्रियों की सासें अटक गईं। दरअसल, दिल्ली से कोलकाता जा रहे इंडिगो एयरलाइन के एक विमान में रविवार को सामान रखे जाने की जगह से धुंआ निकलने की चेतावनी का सायरन बिना किसी कारण के बजने लगा। यह घटना विमान के हवाईअड्डे पर उतरने से पहले की है।

**जांच में 'चेतावनी' को गलत पाया गया**

इंडिगो एयरलाइन ने रविवार को एक बयान में कहा, कोलकाता हवाईअड्डे पर उतरने के बाद एयरबस विमान में जांच की गई और लेकिन इस चेतावनी को गलत पाया गया। इसमें कहा गया कि धुंए का पता लगाने की प्रणाली में आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं। वहीं इस बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस मामले की जांच करने की बात कही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डीजीसीए इस घटना की जांच करेगा। यह घटना उड़ान संख्या 6ई 2513 में हुई जिसमें 165 यात्रियों के अलावा चालक दल के छह सदस्य सवार थे।

**बीते महीनों में विमानों में कई खामियां आईं**

अधिकारियों ने बताया कि विमान को कोलकाता हवाईअड्डे पर सुबह 10।45 बजे उतरना था लेकिन करीब 10।20 बजे विमान के कार्गो में धुएं की चेतावनी मिली। इसके बाद पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रण सेवा से संपर्क किया और फिर विमान को प्राथमिकता के साथ उतारने के बंदोबस्त किए गए। वहीं आनन-फानन में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी तैयारियां कर ली गई थीं। गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों में विभिन्न एयरलाइनों के विमानों में तकनीकी खामी की कई घटनाएं सामने आई हैं।

# आदित्य ठाकरे लगा रहे बागियों के गढ़ में सेंध, भीड़ देखकर भाजपा भी चिंतित



मुंबई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में शिवसेना को मजबूत करने के कवायद में जुटे ठाकरे परिवार को अच्छे संकेत मिल रहे हैं। खबर है कि पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे के कार्यक्रमों में जनता की खासी भीड़ जुट रही है, जिससे भारतीय जनता पार्टी के खेमें में चिंताएं बढ़ रही हैं। खास बात है कि बीएमसी चुनाव नजदीक हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि मानसून के बाद चुनाव आयोजित हो सकते हैं। ऐसे में शिवसेना का उद्धव ठाकरे कैंप, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कैंप और भाजपा अपना वर्चस्व बढ़ाने की कोशिश में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि आदित्य के राज्य में जारी दौरों के चलते महाराष्ट्र भाजपा सतर्क हो गई है। हाल ही में उद्धव के बेटे जलगांव जिले के पाचोरा में पहुंचे थे, जिसे शिंदे सरकार में मंत्री गुलाबराव पाटिल का गढ़ है। खबरें आईं कि यहां शिवसैनिक महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री से मिलने के लिए परेशान हो रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा के राज्य के रणनीतिकारों का मानना है कि उद्धव और आदित्य दोनों ही सेना के बगावत की बातें लगातार कर रहे हैं। वे आरोप लगाते हैं कि यह बागियों की सत्ता की चाह को दिखाता है। वहीं, भाजपा इस बात को दूर करने की कोशिश में है कि उन्होंने महाविकास अघाड़ी सरकार को गिराने के लिए सेना के गुट का साथ दिया है। भाजपा के पदाधिकारी का कहना है, 'ठाकरे पिता-पुत्र के खंजीर खुपासला के बयानों का सामना करने के लिए एक अच्छी चुनावी रणनीति की जरूरत है। मतदाता कई बार सहानुभूति से बह जाते हैं। इसलिए मातोश्री उद्धव जी को कमजोर बताने की कोशिश कर रही हैं।' जानकार मानते हैं कि भाजपा-शिंदे गठबंधन को सुशासन और सिंचाई, सड़कें और हेल्थ केयर जैसे विकास के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा शिंदे सरकार के सामने कई कानूनी मुद्दे भी खड़े हुए हैं। इधर, उद्धव भी शहर भर में शिवसैनिकों से जुड़ रहे हैं और आदित्य गांवों में जाकर सभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

# 8 महीने की गर्भवती महिला के पेट पर मारी लात, अस्पताल में भर्ती; टीएमसी वर्कर्स पर आरोप

कोलकाता, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आठ महीने की गर्भवती महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि हमलावरों ने उसके पेट पर भी लात मारी है। पीड़िता को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह मारपीट संपत्ति से जुड़े विवाद को लेकर हुई जिसमें गर्भवती महिला के साथ ही उसके घरवालों को भी मारा-पीटा गया है। इस हमले के पीछे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं का हाथ बताया जा रहा है। हालांकि, टीएमसी ने इसे निराधार आरोप बताया है। रियल एस्टेट एजेंट की टीएमसी नेताओं से करीबी की बात भी सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आज उन्हें अदालत के सामने पेश किया जाएगा। बीजेपी नेता इसे लेकर पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन कर सकते हैं। महिला के ससुर शिबशंकर दास ने बताया कि जमीन को लेकर प्रमोटर के साथ विवाद चल रहा था। शुक्रवार को स्थानीय टीएमसी विधायक परेश पाल ने दास को उनसे मिलने के लिए बुलाया था। जब दास नहीं गए तो टीएमसी के गुंडों ने शनिवार को उनके घर पर हमला बोल दिया। दास ने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ता उनके घर में घुस आए और उनके बेटे व गर्भवती बहू को मारने-पीटने लगे। रविवार को जब हम इसकी शिकायत दर्ज कराने गए तो पुलिस ने हमें ही गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद मेरे घर में तोड़फोड़ की गई। वहीं, पीड़ित महिला के पति दीपक दास ने कहा, 'मेरी पत्नी 8 महीने की गर्भवती है, उसके पेट पर लात मारी गई है।

# कश्मीर में वोटर लिस्ट पर सियासत तेज

## एनसी ने बुलाई सर्वदलीय बैठक तो बीजेपी भी साध रही रणनीति



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की संशोधित मतदाता सूची में गैर स्थानीय मतदाताओं को शामिल करने के मुद्दे पर अपने नेताओं की बैठक बुलाई है। यह मीटिंग नेशनल कॉन्फ्रेंस की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के खिलाफ जवाबी रणनीति तैयार करने के लिए होगी। पार्टी के एक प्रवक्ता ने बताया कि भाजपा की जम्मू-कश्मीर की इकाई के अध्यक्ष रविंद्र रैना ने पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक बुलाई है। दरअसल, केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिरदेश कुमार ने संशोधित मतदाता सूची में जम्मू-कश्मीर में रहने वाले 'गैर-स्थानीय मतदाताओं को शामिल करने' की बात कही है। प्रशासन ने शनिवार को कहा था कि मतदाता सूची के संक्षिप्त संशोधन के बाद 25 लाख से अधिक मतदाताओं के शामिल होने की खबरों में निहित स्वार्थों के चलते तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। भाजपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी का बचाव करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी कानूनी और संवैधानिक रूप से सही है। बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सुनील सेठी ने कहा कि कानून के तहत, कोई भी व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और किसी भी कानून से प्रतिबंधित नहीं है, वह किसी भी क्षेत्र, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता बनने का विकल्प चुन सकता है, जहां वह सामान्यतः रहता है। सेठी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भी इसे ही लागू किया गया है। धारा 370 के अधिकतर प्रावधान खत्म किए जाने के बाद एक भारत एक कानून होना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर मामले को गलत तरह से पेश करने का आरोप लगाया। सेठी ने जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा समाप्त किए जाने का जिक्र करते हुए कहा, 'वे केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक तरह का अपवाद चाहते हैं, जो कि स्वीकार्य नहीं है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने बिना किसी अपवाद या आरक्षण के फैसले (5 अगस्त 2019 के) को स्वीकार किया है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा और इसे स्वीकार करना होगा।'

# दिलीप घोष बोले- सीबीआई और टीएमसी मिले हुए थे इसलिए बंगाल में ईडी को भेजा गया



कोलकाता, 22 अगस्त (एजेंसियां)। देश भर में केंद्रीय जांच एजेंसियों को लेकर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पश्चिम बंगाल के नेता दिलीप घोष ने ऐसा बयान दे डाला जिस पर विवाद हो सकता है। उन्होंने रविवार को दावा किया कि सीबीआई के कुछ अधिकारियों की तृणमूल कांग्रेस के साथ 'सांठगांठ' थी, इसी कारण वित्त मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए ईडी को यहां भेजा।

**'सीबीआई और तृणमूल कांग्रेस के बीच सांठगांठ'**

दरअसल, पीटीआई ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घोष ने यह कहा है। उन्होंने दावा किया कि सीबीआई के कुछ अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के बीच सांठगांठ रहने के चलते कोयला घोटाला, मवेशी तस्करी मामला और स्कूल भर्ती अनियमितता की जांच में कोई नतीजा नहीं निकला है।

**'ईडी कोई पालतू कुत्ता नहीं है'**

उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में सीबीआई अधिकारियों के एक वर्ग और टीएमसी के बीच सांठगांठ रहने के चलते एजेंसी की जांच में कोई नतीजा नहीं निकला। जांच महीनों तक खींची गई। यही कारण है कि सीबीआई के कुछ अधिकारियों को बंगाल से बाहर भेज दिया गया। फिर ईडी ने वित्त मंत्रालय के निर्देश पर काम करना शुरू किया। दवा की खुराक बढ़ा दी गई। ईडी को पालतू कुत्ते की तरह काबू नहीं किया जा सकता।

**'ममता बनर्जी की उल्टी गिनती शुरू'**

घोष ने ईडी के आने के बाद कद्दावर लोगों की गिरफ्तारी के साथ जांच के गति पकड़ने का जिक्र करते हुए दावा किया कि ममता बनर्जी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ईडी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी।

**बयान पर तृणमूल कांग्रेस का पलटवार**

रिपोर्ट में मुताबिक उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया भी आई है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि अपनी टिप्पणियों से घोष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कमतर कर रहे हैं, जिनके तहत सीबीआई काम करती है। टीएमसी के महासचिव कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार सीबीआई और ईडी का अपने विरोधियों के खिलाफ राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है।

बता दें कि हाल ही में ईडी ने स्कूल भर्ती घोटाले में बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को, जबकि सीबीआई ने मवेशी तस्करी मामले में टीएमसी की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष अनुब्रत मंडल को गिरफ्तार किया है। फिलहाल दिलीप घोष के इस बयान के बाद हलचल मची हुई है।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 23 अगस्त, 2022

# ममता दीदी के 25 और नेता रडार पर

वामपंथियों के 34 साल के राज को खत्म कर 2011 में बंगाल की सत्ता पाने वाली ममता बनर्जी के करीब 25 विधायक ईडी-सीबीआई के रडार पर हैं। इनमें टीएमसी के मोस्ट सीनियर लीडर भी शामिल हैं। पार्टी के लिए चिंता का सबसे बड़ा सबब कोलकाता हाईकोर्ट का नया आदेश बन गया है। 2017 में कोलकाता के एक वकील बिप्लव रॉय चौधरी ने जनहित याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि 2011 से 2016 के बीच टीएमसी के 19 विधायकों की प्रॉपर्टी बेहिसाब बढ़ी। इसकी जांच होनी चाहिए। इनमें ममता के सबसे खास कहे जाने वाले और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम का नाम भी है।

बिप्लव रॉय चौधरी की याचिका का 5 साल से निपटारा नहीं हुआ। पार्थ चटर्जी की सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के पास से 50 करोड़ रुपए और 5 किलो सोना मिलने के बाद चौधरी फिर हाईकोर्ट पहुंच गए। उन्होंने हाईकोर्ट में पार्थ से मिले कैश के विजुअल्स दिखाए और कहा कि 19 विधायकों की प्रॉपर्टी की जांच भी जल्दी होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका एक्सेप्ट कर ईडी को जांच में शामिल करने की बात कही। ईडी से इस बारे में 12 सितंबर तक जवाब मांगा गया है।

हाईकोर्ट का आदेश आते ही टीएमसी के तीन मंत्री फिरहाद हकीम, ज्योतिप्रिया मलिक और अरूप रॉय भी कोर्ट पहुंच गए। उन्होंने पिटीशन लगाकर कहा कि जांच में ईडी को शामिल नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि गड़बड़ी के कोई सबूत न इलेक्शन कमीशन को मिले और न ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को। इसके अलावा भी कई सारी दलीलें रखी गईं। कोशिश यही है कि जांच ईडी के हाथ में नहीं दी जाना चाहिए। अब ईडी इसकी जांच करेगा या नहीं, यह हाईकोर्ट से तय होगा, लेकिन मामले को समझने वाले एक्सपर्ट कह रहे हैं कि ईडी की एंट्री होना तय है।

ईडी के जांच में शामिल होते ही टीएमसी के 19 नेता बड़ी मुश्किल में फंस जाएंगे, क्योंकि उनकी प्रॉपर्टी कई गुना बढ़ी है, ये तो सच है। ये बात इन नेताओं ने ही अपने चुनावी एफिडेविड में बताई है। उसी को पिटीशनर ने आधार बनाया है।

पश्चिम बंगाल के मंत्री और विधायक गौ तस्करी, कोयला तस्करी और एसएससी स्कैम में ईडी और सीबीआई के निशाने पर हैं। पिछले हफ्ते सीबीआई ने अनुब्रत मंडल को बोलापुर में उनके घर से गिरफ्तार किया था। अनुब्रत ममता के सबसे खास लोगों में से हैं। वे बीरभूम जिले में पार्टी के चीफ भी हैं। गिरफ्तारी के पहले सीबीआई ने उन्हें 10 बार नोटिस दिए, लेकिन वे जांच में शामिल नहीं हुए। इसके बाद उन्हें अरेस्ट किया गया। अनुब्रत को गौ-तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उनसे जुड़ी 49 प्रॉपर्टी डीड भी सीबीआई ने कोर्ट में दी हैं।

उनकी गिरफ्तारी पर ममता बनर्जी ने कहा कि 'केष्टो (अनुब्रत मंडल) ने क्या किया है? पिछले साल वे घर में बंद थे, तब भी हम चुनाव जीते थे। ईडी और सीबीआई ने आधी रात को उनके घर में तोड़फोड़ की। यदि तुम एक केष्टो को अरेस्ट करोगे तो हम हजारों केष्टो खड़े कर देंगे। एक बार फिर से खेला होगा।'

इसी तरह शिक्षक भर्ती घोटाले में पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में जल्द विधायक माणिक भट्टाचार्य पर भी एक्शन हो सकता है। ईडी उनसे पूछताछ कर चुकी है। उन्हें नया नोटिस दिया गया है। ईडी के टॉप सोर्सेज के मुताबिक, जल्द ही भट्टाचार्य सहित टीएमसी से जुड़े 3-4 नेताओं को इस मामले में अरेस्ट किया जा सकता है।

सिर्फ नेता ही नहीं, बल्कि बंगाल के आईएएस, आईपीएस भी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। कोयला घोटाले में 2 आईपीएस श्याम सिंह (डीआईजी सिविल डिफेंस) और आईबी राजीव मिश्रा (एडीजी) को नोटिस जारी हो चुका है। गाय तस्करी में 6 आईपीएस को नोटिस जारी हुआ है। इनमें सुकेश जैन, ज्ञानवंत सिंह, राजीब मिश्रा, श्याम सिंह, सेल्वा मुरूगना, कोटेश्वर राव का नाम शामिल है। ईडी की जांच में सामने आया है कि इन अफसरों को तस्करी के बारे में जानकारी थी, लेकिन इन्होंने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया। अनुब्रत मंडल के गिरफ्तार होने के बाद इन अफसरों की परेशानी बढ़ गई है। सभी को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया है।

अभिषेक बनर्जीः ममता बनर्जी के भतीजे और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी कोयला घोटाले में ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। अभिषेक और उनकी पत्नी रुजिरा को पूछताछ के लिए कई बार बुलाया जा चुका है।

पार्थ चटर्जीः एसएससी स्कैम में फंसे पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी अपनी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के साथ जेल में हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही टीएमसी ने उनसे दूरी बना ली है। उन्हें मंत्री पद से हटाते हुए पार्टी से भी बर्खास्त कर दिया गया है।

माणिक भट्टाचार्यः एसएससी टीचर रिक्रूटमेंट स्कैम के मामले में ही ईडी विधायक माणिक भट्टाचार्य से पूछताछ कर चुकी है। पार्थ चटर्जी के अरेस्ट के बाद उन्हें नोटिस जारी किया गया था।

विनय मिश्राः ईडी जुलाई 2022 में टीएमसी के यूथ विंग लीडर विनय मिश्रा से जुड़ी कंपनी की 13.63 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी अटैच कर चुकी है। इस मामले में मनी लॉनड्रिंग का केस रजिस्टर्ड किया गया है।

टीएमसी के 25 नेता जांच के घेरे में

पार्टी के 19 नेता आय से ज्यादा संपत्ति के मामले में फंसे हैं। इनमें फिरहाद हकीम, ज्योतिप्रिया मलिक, मलय घटक, ब्रात्य बासु, अर्जुन सिंह, गौतम देब, इकबाल अहमद, स्वर्ण कमल साहा, अरूप रॉय, जावेद अहमद खान, अमित मित्रा, अब्दुर रजक मोल्ला, राजीब बनर्जी, सेउली शाहा, सब्यासाची दत्ता, बिमान बनर्जी और मदन मित्रा शामिल हैं। वहीं सुब्रत मुखर्जी और साधन पांडे का निधन हो चुका है।

इसके अलावा शिक्षक भर्ती घोटाले में पार्थ चटर्जी जेल में हैं। अभिषेक बनर्जी, माणिक भट्टाचार्य, विनय मिश्रा और अनुब्रत मंडल से अलग-अलग मामलों में पूछताछ जारी है। 4-5 नेता ऐसे हैं, जिनके अभी नाम सामने नहीं आए हैं। जल्द ही इन तक सीबीआई-ईडी का नोटिस पहुंच सकता है। ये खेल 2024 तक चलता रहेगा। अब सवाल सीबीआई और ईडी की निष्पक्षता पर है। इनकी जांच और चुनावों की टाइमिंग मैच क्यों होती है। बंगाल में टीएमसी के जीतते ही उसके 4 नेताओं को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया था। दो दिन रिमांड पर रखा। इन्हें नारदा केस में गिरफ्तार किया गया। यह केस करीब 8 साल पुराना है।

सवाल ये है कि 8 साल में भी सीबीआई केस खत्म क्यों नहीं कर पाई। चुनावों या नतीजों के आसपास ही गिरफ्तारी और नोटिस जारी क्यों होते हैं। इस मामले में कोलकाता हाईकोर्ट भी सीबीआई की आलोचना कर चुका है। हालांकि, नारदा केस में कोर्ट ने कोई डेडलाइन नहीं दी।

घोटाला : शिक्षक भर्ती

क्या हुआ : 2016 टॉपर का नाम हटाकर कम नंबर वालों को नौकरी दी गई। टॉपर से 16 नंबर कम पाने वाली मंत्री परेश अधिकारी की बेटी अंकिता को टॉपर बना दिया गया। इसी मामले में पार्थ चटर्जी जेल में हैं। अभी मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता जेल में हैं। जांच चल रही है।

शारदा चिटफंड 2013 इसे बंगाल का सबसे बड़ा आर्थिक घोटाला कहा जाता है। शारदा नाम की कंपनी के जरिए करीब 10 लाख लोगों को ठगा गया। 40 हजार करोड़ रुपए के हेरफेर का अनुमान है। अभी 8 साल से सीबीआई इसकी जांच कर रही है। ईडी भी इसमें शामिल है। अब तक न किसी की गिरफ्तारी हुई और न जांच पूरी हो सकी।

**कोयला तस्करीः** 2020 में यह अवैध खनन का मामला है। इसमें ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी की भी जांच चल रही है। ये करीब 1352 करोड़ रुपए का घोटाला बताया जा रहा है। अभी सीबीआई जांच जारी है। अब तक क्लोजर रिपोर्ट पेश नहीं हो पाई है।

**रोज वैली घोटालाः** 2013 में रोज वैली कंपनी ने 464 करोड़ रुपए का चिटफंड घोटाला किया। लोगों को निवेश पर ज्यादा रिटर्न का लालच दिया गया। घोटाले में आरोपी गौतम कुंडु 2015 से जेल में है। अभी मामले की जांच सीबीआई के पास है, लेकिन अब तक जांच पूरी नहीं हो सकी।

**नारदा स्टिंग घोटाला :** 2016 विधानसभा चुनाव के पहले इस स्टिंग के टेप वायरल किए गए थे। इसमें टीएमसी के मंत्री, सांसद और विधायक की तरह दिखने वाले लोगों को कंपनी के प्रतिनिधियों से रुपए लेते दिखाया गया था। यह ऑपरेशन नारदा न्यूज पोर्टल के मैथ्यू सैमुअल ने किया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर 2017 से सीबीआई जांच कर रही है। कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसमें भी जांच पूरी नहीं हो पाई है।

## बैठक में जीजा क्यों?

बिहार में सरकार बदलते ही बैठक का सरकारी तरीका भी लगता है बदल गया है। नवगठित सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री की जिम्मेदारी लालू यादव के बडे बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के भाई तेजप्रताप को दी गई है। उनके ही विभाग की पहली बैठक में ही सरकारी कामकाज की मर्यादा के उल्लंघन का मामला उठ गया है। खबरों के अनुसार तेजप्रताप प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की समीक्षा बैठक में गए तो अपने बहनोई यानी मीसा यादव के पति को भी साथ ले गए। इस पर विपक्ष ने सख्त एतराज जताया है। बता दें कि सरकारी कामकाज का एक तय तरीका निर्धारित किया गया है। उसकी अपनी मर्यादा होती है जिसके कुछ नियम-कायदे बना गए हैं। उसी नियम के तहत मंत्री व अफसर को काम करना पडता है। जो भी निर्धारित तरीकों तरीकों, मर्यादाओं का पालन नहीं करता उसके खिलाफ दंड का भी प्रावधान है। इसके बावजूद सरकार के शीर्ष पदों का बैठ कर नीति निर्धारण करने वाले ही कुछ लोग जब इस तकाजे को नजरंदाज कर मनमानी करने लगते हैं तो फिर किससे अपेक्षा की जाए कि वे नियमों का पालन करेंगे। ऐसे नेताओं को मगरूर व नियमों के प्रति जानकारी का अभाव भी कहा जा सकता है। नेताओं की ऐसी हरकतों की वजह से अक्सर विवाद भी खड़े होते रहते हैं। बहरहाल, तेज प्रताप के जीजा की बैठक वाली तस्वीर वायरल हुई तो भाजपा को इस पर निशाना साधने का मौका मिल गया। भाजपा नेताओं ने निशाना साधा कि बिहार में फिर से जीजा-साले की सरकार चलनी शुरू हो गई है। बता दें कि जब लालू यादव मुख्यमंत्री थे, तब उनके दो साले, साधू और सुभाष यादव सरकारी कामकाज में खूब हस्तक्षेप किया करते थे, अब नई सरकार में लालू के दामाद का हस्तक्षेप बढ़ता दिख रहा है। जब हकीकत सामने हो तो विपक्ष के एतराज को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। ऐसा नहीं माना जा सकता कि सरकारी कामकाज के नियम-कायदों से तेजप्रताप वाकिफ न हों। वे लंबे समय से राजनीति में हैं। उनके पिता और मां मुख्यमंत्री रह चुके हैं और उन्होंने सरकारी कामकाज के तौर-तरीके नजदीक से देखे भी होंगे। उनके बहनोई को भी नियमों से अपरिचित नहीं माना जा सकता। सरकारी बैठकों में जो बातचीत होती है, जो फैसले किए जाते हैं, उन्हें गोपनीय रखा जाता है। इसलिए बैठकों में बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित माना गया है। हैरानी की बात तो यह है कि बैठक में मौजूद अधिकारियों ने भी इस बात क्यों मौन साधे रखा। तेजप्रताप के बहनोई को उस बैठक में प्रवेश ही क्यों दिया गया। देखा जाए तो यह इकलौता मामला नहीं है। उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे तेजस्वी यादव भी अपने विभाग की एक बैठक में पार्टी के एक कार्यकर्ता को साथ ले गए तो उस पर भी विवाद स्वाभाविक है। मंत्रियों को अपने सलाहकार आदि नियुक्त करने का अधिकार है, कुछ पदों पर वे सरकारी अफसरों के अलावा बाहरी लोगों को भी नियुक्त कर सकते हैं। अब तक ऐसी परंपरा चलती आई है। इस तरह उनके करीबी लोगों को बैठकों आदि में हिस्सा लेने का अधिकार मिल जाता है। लेकिन यह अधिकार किसी परिवार के व्यक्ति या रिश्तेदार को नहीं मिलता। सरकारी कामकाज पारिवारिक रिश्तों से अलग होते हैं। अफसोस है कि बिहार के दोनों भाई मंत्रियों को इस तकाजे का खयाल क्यों नहीं आया। क्या उनमें आत्मविश्वास की इतनी कमी है कि अपने विभागों से संबंधित फैसले खुद या अपने अधिकारियों से विचार-विमर्श कर ले सकें। इसके लिए रिश्तेदारों और पार्टी कार्यकर्ताओं को बैसाखी बनाकर बैठक में ले जाना कदापि न्यायसंगत नहीं कही जा सकता। किसी राजनेता की योग्यता इससे नहीं आंकी जाती कि वह किस जुगाड से सरकार बना लेता है, बल्कि इससे आंकी जाती है कि वह सरकारी कामकाज में कितनी ईमानदारी बरतता है।

## सलमान रुश्दी पर इमरान का कमाल



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कमाल की बहादुरी दिखाई है। इमरान ने सलमान रुश्दी पर हमले की निंदा जिन शब्दों में की है, क्या भारत और पाकिस्तान के किसी नेता में इतना दम है कि वह भी उस हमले की वैसा निंदा करे? इमरान के इस बयान ने उनको दक्षिण एशिया ही नहीं, सारे पश्चिम एशिया का भी बड़ा नेता बना दिया है। इमरान खान ने लंदन के अखबार 'गार्जियन' को दी गई भेंटवार्ता में दो-टूक शब्दों में कह दिया कि रुश्दी पर जो हमला हुआ वह 'अत्यंत भयंकर और दुखद' था।

उन्होंने कहा कि सलमान रुश्दी की किताब 'द सेटेनिक वर्सेज' पर मुस्लिम जगत का गुस्सा बिल्कुल जायज है लेकिन भारत में पैदा हुए इस मुस्लिम लेखक पर जानलेवा हमला करना अनुचित है। पैगंबर मोहम्मद के लिए हर मुसलमान के दिल में कितनी श्रद्धा है, यह बात रुश्दी को पता है। इसके बावजूद उसने ऐसी किताब लिखी।

इमरान ने अपने इसी नजरिए के कारण 10 साल पहले भारत में हुए एक लेखक सम्मेलन में भाग लेने से मना कर दिया था, जिसमें रुश्दी भाग लेने वाला था। लेकिन इस बार अमेरिका में चल रहे एक सम्मेलन में जब लेबनान में पैदा हुए एक मुस्लिम नौजवान ने रुश्दी पर जानलेवा हमला कर दिया तो दक्षिण, मध्य और पश्चिम एशिया के नामी-गिरानी नेताओं को सांप सूंघ गया। वे डर गए कि उनकी हालत भी कहीं सलमान रुश्दी जैसी न हो जाए।भारत के बड़े-बड़े सीनों वाले नेताओं की भी छातियां सिकुड़ गईं। उन्हें भी डर लगा कि उनके साथ भी कहीं वैसा ही न हो जाए, जो नूपुर शर्मा के नाम पर हुआ है। लेकिन इमरान ने सिद्ध किया कि वह मुसलमान तो पक्का है लेकिन वह पूरा पठान भी है। वह सच बोले बिना रह नहीं सकता। जिस ईरान ने सलमान रुश्दी की हत्या का फतवा 1989 में जारी किया था, उसका रवैया पहले के मुकाबले इस बार थोड़ा नरम था लेकिन उसमें भी हिम्मत नहीं थी कि वह इमरान की तरह दूध का दूध और पानी का पानी कर दे। इमरान खान ऐसे अकेले पाकिस्तान के बड़े नेता हैं, जो तालिबान से खुलेआम कह रहे हैं कि वे अफगान औरतों का सम्मान करें। लेकिन इमरान ने पिछले साल यह भी कहा था कि पश्चिमी राष्ट्र तालिबान को अपनी जीवन पद्धति का अनुकरण करने के लिए मजबूर न करें।

तालिबान ने गुलामी का जुआ उतार फेंका है यानी अमेरिकियों को अफगानिस्तान से मार भगाया है। इमरान के रुश्दी और तालिबान पर दिए गए बयानों से क्या पता चलता है? क्या यह नहीं कि इमरान मध्यम मार्ग अपना रहे हैं? एक ऐसा मार्ग, जिससे सत्य की रक्षा भी हो और कोई उससे आहत भी न हो। यही मार्ग असली भारतीय मार्ग है, जिसे गौतम बुद्ध ने भी प्रतिपादित किया था।

संकीर्ण और सांप्रदायिक लोगों को यह बयान इमरान के लिए घाटे का सौदा लगेगा लेकिन इस बयान ने इस्लाम और पाकिस्तान की छवि को चमकाने का काम किया है।

## बेरोजगारी में नंबर वन हरियाणा



प्रियंका 'सौरभ'

आज हरियाणा देशभर में बेरोजगारी में कई सालों से पहले स्थान पर है। देश और प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। हरियाणा बेरोजगारी में 35.1% के साथ देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में 18 से लेकर 40 वर्ष तक का हर दूसरा युवा बेरोजगार है। हरियाणा की इस उपलब्धि में सीधा-सा सरकार का हाथ है, कई सालों से यह छोटा-सा राज्य पहले स्थान पर काबिज है। हरियाणा में लाखों पदों की रिक्तियों के बावजूद साल 2014 से क्यों तरस रहे हैं नौकरी के लिए युवा? कौन जिम्मेदार है। क्यों विभिन्न विभागों में लाखों पदों के खाली होने के बावजूद सरकार की मंशा नहीं है कि इन पदों को भरा जाए। और न ही हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों को चिंता कि वह सरकार से इन पदों को भरने के लिए कहे। दिल्ली से लगे हरियाणा राज्य में भर्तियों का हाल यह है कि साल 2014 से विज्ञापित बहुत से पदों का परिणाम आज तक जारी नहीं हुआ। अगर कोई परिणाम जारी हो भी गया तो वह भर्तियां कोर्ट में लटकी हुई है। चयनित आवेदक जॉइनिंग को लेकर तरस रहे हैं। शिक्षा विभाग में पिछले 8 सालों में कोई भर्ती नहीं हुई है जबकि हरियाणा के लाखों युवा हर साल राज्य पात्रता परीक्षा पास करते हैं। इस आस में कि वो एक दिन अध्यापक बन कर देश के सुनहरे भविष्य का निर्माण करेंगे। मगर अब तो उनका खुद का भविष्य अंधकार में खो गया है। हरियाणा में भर्ती प्रणाली और कर्मचारी चयन आयोग की कार्यशैली कि बानगी देखिए। पारदर्शिता के नाम पर यहां रोज नए- नए नियम बनाए जाते हैं तो कभी कॉमन भर्ती टेस्ट के नाम पर युवाओं को बहलाया जाता है। तरह-तरह के सब्जबाग दिखाए जाते हैं। बेरोजगार युवा उनका पीछा करते हैं मगर आखिर हाथ कुछ नहीं लगता। आज हरियाणा के युवाओं की स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि यहां के करोड़ों युवा पहले तो खाली पदों के लिए विज्ञापन के लिए सरकार से प्रार्थना करते है, बात नहीं बनती तो मजबूरी में आंदोलन करते हैं। सही समय पर पेपर नहीं होते तो फिर उनके एग्जाम के लिए आंदोलन कर सड़कों पर आते हैं। पहली बात तो एग्जाम होता ही नहीं, होता है तो बार-बार लीक होता है। अगर कोई एग्जाम पूर्ण हो भी जाता है तो उसके परिणाम के लिए आवेदक सालों तक इंतजार करते हैं या फिर राजनीतिज्ञों की कोठियों पर चक्कर लगाते हैं। अगर परिणाम जारी भी हो जाता है तो जॉइनिंग के लिए सालों तक इन बेरोजगार युवाओं को इंतजार में बैठा रहना पड़ता है या फिर वही भर्तियां ऐसे मोड़ पर लाकर कोर्ट में उलझा दी जाती है। उदाहरण के लिए यहां के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में लगभग 3000 पदों की इंस्ट्रक्टर की भर्ती पिछले 9 सालों से पेंडिंग है। युवाओं के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरुप कुछ पदों का परिणाम जारी हुआ है, मगर जॉइनिंग उनकी भी नहीं हुई । यही नहीं मुख्य ट्रेड वाली बड़ी भर्ती का परिणाम अभी भी कर्मचारी चयन विभाग ने रोका हुआ है। एक-एक, दो-दो पोस्ट वाली कैटेगरी का परिणाम जारी करके ये कह दिया कि हम लिस्ट दे रहें है। भर्ती के नियमों में स्पष्टता के अभाव में भर्तियां कोर्ट और आयोग के बीच झूलती रहती है। आखिर क्यों आयोग विज्ञापन जारी करते हुए स्पष्ट नियम नहीं बनाता। आखिर उनकी मंशा क्या है? क्यों युवाओं को बेरोजगारी के साथ-साथ कोर्ट और आयोग के बीच पीसना पड़ रहा है ? स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि कॉमन टेस्ट के नाम पर हरियाणा के लाखों युवा एग्जाम के इंतजार में घर बैठे हैं लेकिन सरकार है कि समझती ही नहीं। आखिर क्यों हरियाणा सरकार को अपने द्वारा की गई एक -दो छुटपुट भर्तियों की ही जांच बार-बार करनी पड़ रही है? हरियाणा सरकार की दो ऐतिहासिक भर्तियां ग्रुप डी और क्लर्क कि आए दिन जांच बैठती है। ग्रुप डी को तो वोट बैंक का जरिया कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी क्योंकि यह भर्ती पिछले चुनाव से थोड़े दिन पहले रातों-रात बिना किसी वेरिफिकेशन के आनन-फानन में की गई थी। कुछ ऐसा ही हाल क्लर्क की 5000 पदों की भर्ती का हुआ जिसका संशोधित परिणाम अब सालों बाद जारी हो रहा है। जिसके परिणाम स्वरुप हज़ारों युवाओं का भविष्य अंधकार में खो गया है, गलती करें कोई, भरे कोई। हरियाणा पुलिस में हर साल हजारों पदों की भर्ती का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार पिछले 3 साल से चल रही कॉन्स्टेबल की भर्ती को भी पूरा नहीं कर पाई है। इस भर्ती के लिए लाखों युवाओं ने मेहनत की, लेकिन यह भर्ती आज भी सरकार की मंशा के अभाव में पूर्ण नहीं हुई है। आलम यह है कि हरियाणा के हर विभाग में लाखों पद खाली है लेकिन सरकार इन पदों को भरना नहीं चाहती। तभी तो हरियाणा रोजगारी में नंबर वन है। अगर ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दिन दूर नहीं जब हरियाणा बेरोजगारी के साथ-साथ चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं में में नंबर वन पर होगा। हरियाणा सरकार के एचएसआईआईडीसी में निकली 200-300 पदों की विभिन्न श्रेणियों की भर्तियां आज चयन के बावजूद जॉइनिंग के लिए तरस रही है। आखिर क्यों वहां के विभागाध्यक्ष और सरकार इन युवाओं को जॉइनिंग नहीं दे रहे। इसमें युवाओं की क्या गलती है कि वह चयन के बाद भी सालों तक घर बैठे जॉइनिंग का इंतजार कर रहे हैं।

परिणाम यह है कि आज यहां का पढ़ा लिखा युवा नौकरी के अभाव में अपना घर बसाने को तरस रहा है क्योंकि भर्तियां नहीं होने की वजह से युवा लगातार तैयारी करते रहते हैं। उम्र बढ़ती जाती है और वह रोजगार के अभाव में शादी के लिए सही समय पर सोच नहीं पाता।

## लेने और देने के बीच



डॉ. सुरेश कुमार

एक साहब बड़ी देर से रोये जा रहे हैं। लगता है मानों बाढ़ इन्हीं की आँखों में आयी है। कहते कम हैं रोते ज्यादा हैं। रहते तो हमारी कॉलोनी में ही हैं लेकिन कमाई इतनी कि अपने लोगों से मिलने की फुर्सत नहीं है। उनका मानना है कि अपनों से मिलने पर मान घट जाता है। दूर अमेरिका में बैठे अनजान से चैट कर लेंगे लेकिन पड़ोस में रहने वाले गुप्ता अंकल के एक्सीडेंट होने पर मिजाजपुर्सी करने कतई नहीं जायेंगे। भला स्टेटस भी कोई चीज़ होती है। मुँह उठाए किसी के घर चल देना निकम्मेपन की पहली निशानी है। वे तो कान, मुँह, हाथ पर एप्पल चिपकाए दुनिया भर की पल-पल की खबर रखते हैं। हाँ तो मैं आपको बता रहा था कि वे निर्बाध गति से रोए जा रहे हैं। मैंने केवल हाल पूछने की गलती क्या कि उनका छुटका रोतू मुँह भाखड़ा नंगल की तरह पूरा खुल गया। बोले – हमें कल रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। जबकि हमारे हाथों का रंग हमेशा से वही था जो अब है। मैं भ्रष्टाचार विभाग को लाख समझाकर थक गया कि यही मेरे हाथों का रंग है, लेकिन वे हैं कि मानते नहीं। हमने देने वालों से कभी माँगा नहीं। देने वालों ने कभी देते समय हमसे पूछा नहीं। वे धर देते थे हम उठा लेते थे।

हमारा लेना देने वाले को और देने वाले को हमारा लेना कभी अखरा ही नहीं। हम दोनों में कुछ यूँ अंडरस्टैंडिंग थी कि शादी कर लेते तो मरते दम साथ नहीं छोड़ते। लेकिन भ्रष्टाचार विभाग यह बात समझे तो। भ्रष्टाचार विभाग ने लेन-देन को अपने शब्दों में इसे रिश्वत कहा। भला लक्ष्मी कब से रिश्वत कहलाने लगी। लक्ष्मी का काम ही एक स्थान से दूसरे स्थान आना-जाना होता है। कभी इधर तो कभी उधर। लक्ष्मी अपने स्वामी को और स्वामी अपनी लक्ष्मी को खुले में ढूँढ़ ले तो यह भला रिश्वत का पाप कैसे कहलाएगा। क्या लक्ष्मी के लिए स्वामी हाथ नहीं बढ़ा सकता? मैंने देने वाले के लिए कई काम किए थे। सरकारी ठेकों के नाम पर व्यर्थ के रुपए गंवाने से बचाया था। जो बचाए थे उसी में से कुछ पाया था। जो बचा उसी में से लेना भला रिश्वत कैसे कहला सकता है? मैं बरसों से यही काम कर रहा हूँ दुर्भाग्य से परसों-परसों बना भ्रष्टाचार विभाग अब मुझे पैसों के लिए तरसो कह रहा है। मैंने कहा लक्ष्मी जिसे तरसाए वह गरीब जरूर हो सकता है लेकिन रिश्वतखोर कतई नहीं। लक्ष्मी पर लक्ष्मी की कोठी बनाकर उसे उसी में कैद करना रिश्वतखोरी है। मैं तो लक्ष्मी के रूप बदलकर कभी कार तो कभी कुछ खरीदकर उसका सम्मान करता हूँ। उसी से मैं नाम कमाता हूँ। नाम कमाने वाला कुछ ही हो सकता है लेकिन रिश्वतखोर कतई नहीं।

## क्रिप्टो करेंसी का मायाजाल



संजीव ठाकुर

आज का युग तकनीकी तथा नवाचार का युग है वैश्विक स्तर पर हर देश में आज तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं । तकनीकी परिवर्तन के कारण देश में हर क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन हो रहा है। ऐसा ही एक नया प्रयोग,नवाचार आभासी मुद्रा यानी क्रिप्टो करेंसी का आर्थिक क्षेत्र में पदार्पण हुआ है। क्रिप्टो करेंसी के सिक्के के भी दो पहलू हैं एक पहलू में बहुत सारे लाभ हैं और दूसरे पहलू में आर्थिक संदर्भ में चुनौतियां या सुरक्षा अंतर्निहित है। इसको अपनाने से पहले या इसे स्वीकार करने से पहले इसके कानूनी पक्ष और विधि सम्मत स्वीकार्यता पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी। क्रिप्टोकरंसी एक डिजिटल मुद्रा है, जिसे ना तो देखा जा सकता है ना ही चुन सकते न मुद्रा की भांति जेब में या पर्स में रखा जा सकता है, क्योंकि इसकी हार्ड कॉपी या मुद्रित रूप उपलब्ध ही नहीं है। यह करेंसी भौतिक रूप से उपलब्ध ना होने के कारण इसे आभासी मुद्रा कहा जाता है। यह एक स्वतंत्र किस्म की मुद्रा है इसका संचालन व नियमन किसी संस्था या सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता इसे विकेंद्रीकृत मुद्रा भी कहा जाता है। यह एक डिजिटल मुद्रा है। यह एक ऐसी मुद्रा है जिसे कंप्यूटर एल्गोरिथ्म के आधार पर बनाया जाता है। किसे केवल कंप्यूटर में ही देखा जा सकता है गिना जा सकता है एवं भुगतान किया जा सकता है। यह मुद्रा सरकारी नियंत्रण से मुक्त है। विश्व में सबसे पहले 2009 में जापान के संतोषी नाकमोतो द्वारा बनाई गई थी। वर्तमान में बाजार में 1500 से भी ज्यादा क्रिप्टो करेंसी उपलब्ध है, जो पियर टू पियर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के रूप में काम करती है। वर्तमान में क्रिप्टोकरंसी काफी लोकप्रिय होती जा रही है इसकी लोकप्रियता का कारण एक यह भी है कि यह गोपनीयता बनाए रखने में सहायक होती है। जिसके लेन देन में छद्म नाम एवं पहचान बनाई जाती है। ऐसे में निजता तो लेकर अत्यधिक संवेदनशील व्यक्तियों को यह व्यवस्था बहुत उपयुक्त लगती है। इसके लेनदेन में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आर्थिक बोझ कम पड़ता है। जिसके लेन देन में थर्ड पार्टी के सर्टिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। इसके लेनदेन में समय तथा धन की बहुत ज्यादा बचत होती है। सामान्य बैंक खातों की तरह इसमे किसी भी प्रकार के कागजात की आवश्यकता भी नहीं होती है। बैंकिंग प्रणाली तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले लेनदेन पर सरकार का कड़ा नियंत्रण होता है, जबकि यह राष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम के प्रत्यक्ष नियंत्रण के बाहर होने कारण लेनदेन के आदान-प्रदान का विश्वसनीय एवं सुरक्षित माध्यम बनकर उभरा है। सरकार के पास बैंक खाते को जप्त करने का अधिकार होता है, जबकि की क्रिप्टो करेंसी के मामले में ऐसा नहीं कर सकती अतः सरकार से बचाव के प्रभावशाली विकल्प के रूप में इस मुद्रा का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही नोटबंदी एवं मुद्रा के अवमूल्यन का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यह डिजिटल करेंसी है, अतः इसमें धोखाधड़ी की संभावनाएं बहुत कम होती है। या निवेश के लिए इस प्लेटफार्म पर अधिक पैसा होने पर क्रिप्टोकरंसी में निवेश करना लाभप्रद माना जा रहा है, क्योंकि इसकी कीमतों में बहुत तेजी से उछाल होता है। क्रिप्टो करेंसी राशि सीमाओं से परे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही कम लागत पर एक देश से दूसरे देश को पैसा भेजने के लिए सुगम साधन बन चुका है। 2009 में बिटकॉइन क्रिप्टो करेंसी की शुरुआत हुई थी। वर्तमान में एक बिलियन बिटकॉइन इंटरनेट के नेटवर्क में समाहित है, तथा नए बिटकॉइन का लगातार आगमन हो रहा है। आज प्रत्येक बिटकॉइन का मूल्य 500 है, जो दुनिया की सबसे महंगी करेंसी मानी जाती है। कुछ लोग इसे गोल्डरश के नाम से भी पुकारते हैं। वर्ष 2014 से माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी सेवाओं के लिए बिटकॉइन के रूप में भुगतान लेना शुरू कर दिया है।

निकोसिया विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के प्रवेश शुल्क के रूप में बिटकॉइन करेंसी स्वीकार किया था । 2018 प्रशांत महासागर में स्थित मार्शल द्वीप क्रिप्टो करेंसी के लीगल टेंडर को मान्यता देने वाला पहला वैश्विक देश है। वेनेजुएला ने भी क्रिप्टो करेंसी की तर्ज पर पेट्रो नामक एक करेंसी प्रारंभ की है ऐसा करने वाला विश्व का पहला संप्रभुता वाला देश है। कई देशों में इसे आर्थिक संकट से उबारने वाला उपाय की तरह देखा जा रहा है।

विश्व के कई देश इसकी पारदर्शिता तथा विधि स्वीकार्यता को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं। कई देशों ने इस पर प्रतिबंध लगा रखा है उसे मान्यता प्रदान नहीं की है।

# अजा एकादशी

## इस दिन तुलसी और पीपल पूजा करने की परंपरा




मंगलवार, 23 अगस्त यानी मंगलवार को सुबह करीब 6.05 तक एकादशी रहेगी। सूर्योदय के वक्त ये तिथि होने से इसी दिन व्रत किया जाएगा। ये भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी है। इसे अजा एकादशी कहा जाता है। इस तिथि पर भगवान विष्णु के साथ पीपल और तुलसी के पौधे की पूजा की भी परंपरा है। ऐसा करने से इस व्रत का पूरा फल मिलता है। पीपल में भगवान विष्णु का वास माना जाता है। वहीं, तुलसी को लक्ष्मीजी का रूप माना गया है।

अजा एकादशी पर भगवान विष्णु के अवतारों की विशेष पूजा करने की भी परंपरा है। इस एकादशी पर भगवान विष्णु के लिए व्रत-उपवास किए जाते हैं। इस व्रत में पीपल की पूजा सुबह जल्दी करने का विधान है। साथ ही सुबह और शाम दोनों समय तुलसी की पूजा की जाती है और दीपक लगाया जाता है।

**पीपल पूजा:** भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी पर पीपल की पूजा का भी खास महत्व है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर पानी में गंगाजल, कच्चा दूध और तिल मिलाकर पीपल को चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से भगवान विष्णु की कृपा मिलती है और पितृ भी तृप्त हो जाते हैं।

**तुलसी पूजा:** दूध और पानी से भगवान शालग्राम का अभिषेक करें और पूजन सामग्री चढ़ाएं। अभिषेक किए जल में से थोड़ा सा खुद पीएं और बाकी तुलसी में चढ़ा दें। इसके बाद हल्दी, चंदन, कुमकुम, अक्षत, फूल और अन्य पूजन सामग्रियों से तुलसी माता की पूजा करनी चाहिए।

### अन्न और कपड़ों के दान से महायज्ञ का फल

ग्रंथों में बताया है कि इस एकादशी पर पर दान करने से गरीबी से मुक्ति मिलती है। ये भी माना जाता है कि जितना पुण्य हर तरह के दान और कई तीर्थों के दर्शन से मिलता है, उसके बराबर पुण्य अजा एकादशी पर अन्न और कपड़ों के दान करने से मिल जाता है। इसलिए इस दिन तुलसी और पीपल को जल चढ़ाना चाहिए। साथ ही जरुरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। इस दिन गायों की सेवा करने से भी व्रत का पुण्य और बढ़ जाता है।

# कुंवारी लड़कियों को नहीं छूना चाहिए शिवलिंग



यदि आपकी भी अब तक शादी नहीं हुई तो कोई बात नहीं. आप शिव जी के मंदिर जाइए और प्रेम भाव से बिना छुए उनकी पूजा आराधना कीजिये.

इसमें कोई दोराय नहीं, कि पुरुष हो या महिलाएं सब की भगवान शिव में बड़ी आस्था है और सब भगवान शिव को मानते है। इसलिए आज हम आपको सावधानीपूर्वक एक बात बताना चाहते है। दरअसल शास्त्रों के अनुसार ऐसा माना जाता है, कि अविवाहित लड़कियों को कभी शिवलिंग को नहीं छूना चाहिए। इसका सबसे बड़ा कारण ये है, कि भगवान् शिव एक योगी और वो हमेशा तपस्या में लीन रहते है और ऐसा कहा जाता है, कि यदि कुंवारी लड़किया शिवलिंग को छू लेती है तो भगवान् शिव की तपस्या भंग हो जाती है और भगवान शिव की तपस्या भंग करना बिलकुल शुभ नहीं माना जाता।

हालांकि कुंवारी लड़किया भगवान शिव को पूज सकती है यानि उनकी पूजा कर सकती है, पर उन्हें दूरी बना कर ही भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए। इसके इलावा लड़किया जो भी चीजे भगवान शिव पर चढ़ाना चाहती है, वो भी चढ़ा सकती है और साथ ही उनका अभिषेक भी कर सकती है। इसके इलावा आप बुधवार को गाय को रोटी या चारा जरूर खिलाएं, क्यूकि गाय भगवान शिव जी के प्रिय जानवरो में से एक है। वैसे हम आपको बता दे कि शिवलिंग को न छूने का नियम केवल कुंवारी लड़कियों पर ही लागू होता है, यानि विवाहित महिलाएं शिव जी या शिवलिंग को हाथ लगा कर भी उनका आशीर्वाद ले सकती है।



# कुंडली के किस भाव में शनिदेव के होने से बनते हैं शुभ योग



ज्योतिष शास्त्र में शनिदेव को न्याय और कर्मफल देवता माना गया है। वहीं शनि का नाम सुनकर आमतौर पर लोग भयभीत हो जाते हैं। परंतु वास्तविकता में शनि ग्रह हमेशा ही पीड़ा नहीं देता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुभ कर्मों के तहत यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में शनि उच्च स्थिति में विराजमान हैं तो ऐसे लोग जीवन में बहुत तरक्की, सम्मान और धन कमाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली में शनि तीसरे, छठे या ग्यारहवें भाव में स्थित है तो यह योग व्यक्ति को बहुत मेहनती और पराक्रमी बनाता है। ऐसे लोग हर परिस्थिति में परिश्रम करके आगे बढ़ते हैं। शनि व शुक्र की युति चतुर्थ भाव में होने पर ऐसे व्यक्ति को महिलाओं और दोस्तों से धन प्राप्ति होती है। वहीं अगर शनि व शुक्र की युति दशम भाव में हो तो व्यक्ति वैभवशाली होता है।

अगर शनि ग्रह मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, धनु और मीन राशि का होकर कुंडली में विराजमान है तो ऐसे जातक किसी खास विषय में महारत हासिल करते हैं।

ज्योतिष के जानकारों के मुताबिक यदि शनि की दृष्टि चंद्र ग्रह पर हो और दोनों एक साथ एक ही लग्न में मौजूद हों तो ऐसी कुंडली वाले लोग महान तपस्वी तथा धर्म प्रचारक बनते हैं।




# गौतम बुद्ध से एक व्यक्ति ने पूछा रोज-रोज सत्संग सुनने से क्या लाभ मिलता है?

संगत का हमारे जीवन में काफी अधिक महत्व है। संगत सही रहेगी तो हमारे विचार सही रहेंगे और विचार सही रहेंगे तो कर्म भी सही रहेंगे और जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। इसलिए सत्संग करते रहने की और अच्छा साहित्य पढ़ने की सलाह दी जाती है। सत्संग हमारे जीवन पर कैसे असर करता है, इस संबंध में गौतम बुद्ध की एक कथा प्रचलित है।

बात उस समय की है जब गौतम बुद्ध काफी प्रसिद्ध



हो चुके थे, वे रोज प्रवचन देते, जिन्हें सुनने के लिए काफी लोग पहुंचते थे। प्रवचन सुनने एक लड़का रोज आता था। वह गौतम बुद्ध की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनता था। काफी दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद एक दिन उस लड़के ने सोचा कि मैं प्रवचन तो रोज सुन रहा हूं, लेकिन मेरे जीवन में कोई बदलाव नहीं आ रहा है। बुद्ध बातें तो अच्छी बताते हैं, लेकिन कुछ लाभ नहीं हो रहा है। मुझे इस बारे में बुद्ध से बात करनी चाहिए।

अगले दिन वह लड़का बुद्ध से बात करने की इच्छा लेकर पहुंच गया। बुद्ध का प्रवचन शुरू हुआ और वे कह रहे थे कि अगर कोई व्यक्ति हम पर गुस्सा करता है तो वह हमसे ज्यादा खुद का नुकसान करता है। अगर हम भी दूसरे के गुस्से का जवाब गुस्से से ही देते हैं तो हम खुद का नुकसान कर लेते हैं।

बुद्ध की ये बातें सुनते ही वह लड़का खड़ा हो गया और कहने लगा कि तथागत मैं बहुत दिनों से आपके प्रवचन सुन रहा हूं, लेकिन मेरे जीवन में तो कोई बदलाव ही नहीं आया है। मुझे तो प्रवचन सुनने से कोई लाभ नहीं हो रहा है।

बुद्ध ने अपने प्रवचन बीच में रोके और उस लड़के की बात सुनने लगे। जब वह लड़का चुप हो गया तो बुद्ध ने उससे पूछा कि तुम कहां रहते हो?

लड़का बोला कि मैं श्रावस्ती में रहता हूं।

बुद्ध ने कहा कि श्रावस्ती से यहां तक की दूरी कितनी होगी और यहां आने में कितना समय लगता है? उस लड़के ने बुद्ध की बातों का उत्तर दिया तो बुद्ध ने फिर पूछा कि यहां आते कैसे हो?

उसने बताया कि मैं कभी पैदल आता हूं, कभी सवारी का कोई साधन मिल जाता है तो उससे आ जाता हूं।

बुद्ध ने फिर एक नया प्रश्न पूछ लिया कि क्या तुम यहां बैठे-बैठे अपने घर पहुंच सकते हो?

ये प्रश्न सुनकर वह लड़का और वहां बैठे सभी लोग हैरान हो गए। लड़के ने कहा कि ये कैसे संभव है? मैं बैठे-बैठे कहीं और नहीं पहुंच सकता। इसके लिए तो मुझे ही चलकर जाना होगा।बुद्ध ने कहा कि तुम्हारी बातों में ही तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर है। सत्संग सुनने से तब तक कोई लाभ नहीं होगा, जब तक कि तुम उन अच्छी बातों को अपने जीवन में उतारते नहीं हो। जब तक तुम अच्छे काम नहीं करोगे, इच्छाओं का त्याग नहीं करोगे, बुराइयों से दूर नहीं रहोगे, तब तक तुम्हारे जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। सिर्फ प्रवचन सुनने से, यहां बैठने से जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। बुद्ध ने आगे कहा कि अगर तुम कोई अच्छा करना चाहते हो तो उसके लिए तुम्हें प्रयास करना होंगे, विचार करने से काम नहीं होगा। सत्संग में तुम्हें सही-गलत बातों की जानकारी मिलती है, लेकिन उन्हें अपने जीवन में किस तरह उतारना है, ये तो तुम्हें ही तय करना होगा, तुम्हें प्रयास करने होंगे, तभी जीवन में सुख-शांति और सफलता आएगी।

सत्संग करते रहने से हमारी बुद्धि पवित्र रहती है और हमारा मन गलत बातों से बचा रहता है। अगर हम सत्संग नहीं करेंगे तो हमारे विचार भटक सकते हैं। इसलिए अच्छी किताबें पढ़नी चाहिए, अच्छे लोगों की संगत में रहना चाहिए।

# इस दिशा में खुलता है घर का मुख्य द्वार तो हो सकता है परेशानी का संकेत

वास्तु शास्त्र में मुख्य द्वार से लेकर घर में मौजूद हर चीज के स्थान और दिशा का महत्व बताया गया है। वहीं घर के मेन गेट यानी मुख्य द्वार की स्थिति का घर में रहने वाले लोगों के जीवन पर काफी असर पड़ता है क्योंकि मुख्य द्वार से ही घर में प्रवेश करने वाली सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का निर्धारण होता है। हर कोई चाहता है कि उसके आसपास सकारात्मक ऊर्जा और घर में सुख-शांति बनी रहे।

ऐसे में वास्तु शास्त्र के अनुसार यदि घर के मुख्य द्वार के खुलने की दिशा गलत हो तो यह आपके जीवन में बेवजह की समस्याएं पैदा कर सकता है। आइए जानते हैं किस दिशा में मुख्य द्वार का होना सही है और किसमें अशुभ...




### दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार होना

वास्तु शास्त्र के अनुसार यदि घर का मुख्य द्वार दक्षिण दिशा में है तो यह घरवालों के जीवन में संघर्ष में पैदा करता है। दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा माना जाता है और यहीं से पितरों का आगमन होता है। इस दिशा में मुख्य द्वार होने से घर का मुखिया और महिलाएं दोनों दुखी रहते हैं। इसलिए दक्षिण दिशा में घर का मेन गेट होना अशुभ माना गया है।

### पश्चिम दिशा में मुख्य द्वार होना

वास्तु शास्त्र कहता है कि यदि आपके घर का मुख्य द्वार पश्चिम दिशा में है तो यह शुभ फल देता है। हालांकि इस दिशा में मेन गेट होने से घर के लोगों की तरक्की धीरे होती है लेकिन उन्हें स्थाई सफलता हासिल होती है।

### उत्तर दिशा में घर का मुख्य द्वार होना

यदि आपके घर का मुख्य द्वार उत्तर दिशा में है तो यह सबसे शुभ माना गया है। उत्तर दिशा में देवी-देवताओं का वास होता है। इस दिशा में मेन गेट होने से घर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहता है।

# नियमित रूप से करेंगे ये कार्य तो चमक उठेगी किस्मत



हर व्यक्ति अपने जीवन में खुशियां और सुख समृद्धि की इच्छा रखता है। इसके लिए लगातार दिन रात मेहनत करके अपने परिजनों को और खुद को खुश रखने की भरसक कोशिश करता है। परंतु कड़ी मेहनत के बाद भी कई लोगों को इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं होता और लगातार परेशानियां बनी रहती हैं। इन परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए ज्योतिष शास्त्र में कुछ उपाय बताए गए हैं।



### 1 खाना खाते समय रखे दिशा का ध्यान

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब भी भोजन करें, मुख पूर्व दिशा की तरफ ही होना चाहिए। पूर्व दिशा में मुख करके भोजन करने से जीवन सुखी होता है। खाना खाते टाइम कभी भी जूते-चप्पल पहन कर ना खाएं। इसके अलावा जिनकी वजह से आपको भोजन प्राप्त हो रहा है, उनका धन्यवाद करना ना भूलें।

### 2 घर में गंगाजल का छिड़काव करें

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार घर के ईशान कोण में नियमित



रूप से गंगाजल का छिड़काव करने से निगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है। इसके अलावा घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ जाता है।

### 3 सुबह शाम मंदिर में दीपक जलाएं

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार घर के पूजा घर में नियमित रूप से पूजा पाठ करके दीपक जरूर जलाना चाहिए। साथ ही रविवार के दिन गूलर के पेड़ की जड़ लाकर उसकी विधिवत पूजा करें और उसे तिजोरी या फिर पैसे रखने वाली जगह पर रखें।

# लोग पीठ पीछे क्या बोल रहे हैं, मुझे इस बात से कोई मतलब नहीं : सोनम कपूर



सोनम कपूर ने 20 अगस्त को एक बेबी बॉय को जन्म दिया है। नीतू कपूर ने सबसे पहले पोस्ट शेयर नन्हें मेहमान के आने की खुशखबरी दी थी। सोनम की डिलीवरी के बाद एक मैगजीन ने अपने कवर पर एक्ट्रेस के लेटेस्ट फोटोशूट को रिवील किया था। इसके बाद से ही सोनम को ट्रोल किया जाने लगा। अब हाल ही में सोनम ने एक इंटरव्यू में इस बारे में बात करते हुए कहा कि अगर कुछ लोग उनके पीठ पीछे कुछ बोल रहे हैं, तो उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं है।

**मैं सारी चीजों पर रिएक्ट नहीं करती हूं- सोनम**

एक मैगजीन को दिये इंटरव्यू में न्यू मॉम सोनम ने कहा, मुझे लगता है कि एक चीज जिससे दूर रखकर मुझे बड़ा किया गया है, वो है उन चीजों पर रिएक्ट करना, जिन पर मुझे रिएक्ट करने की जरूरत नहीं है। इसमें से बहुत कुछ उम्र के साथ भी आया है, लेकिन ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि मैं समझती हूं कि मैंने बहुत चार्मिंग लाइफ जी है। मैं एक प्रिविलेज वाली जगह से हूं और मेरे पास किसी बारे में शिकायत करने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए अगर कोई मेरे लिए पीठ पीछे से कुछ कह रहा है, तो इससे मुझे कोई लेना-देना नहीं है।

**विमेनहुड को सेलिब्रेट करना चाहिए**

सोनम ने आगे कहा, अगर मैं आज अपनी बॉडी और विमेनहुड को सेलिब्रेट करने के लिए कुछ भी करती हूं, तो यह आपके लिए सरप्राइज की बात नहीं होनी चाहिए। मैं हमेशा से ऐसी इंसना रही हूं, जो डार्क सर्कल्स, पीसीओएस, बढ़े हुए वजन और स्ट्रेच मार्क्स के बारे में पब्लिकली बात करती हूं।

**नीतू कपूर ने सबसे पहले दी थी खुशखबरी**

नीतू कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सोनम और आनंद आहूजा के बेबी की अनाउंसमेंट कर एक नोट शेयर किया था। नोट में लिखा था, 20.08.2022 को हम अपने ब्यूटीफुल बेबी बॉय का झुके हुए सिर और खुले दिल से स्वागत करते हैं। सभी डॉक्टर्स, नर्स, फ्रेंड्स और फैमिली, जिसने भी हमें इस जर्नी में सपोर्ट किया उनका धन्यवाद। यह तो बस शुरुआत है, लेकिन हमें पता है कि हमारी लाइफ हमेशा के लिए बदल गई है।

**चार साल पहले हुई थी सोनम और आनंद की शादी**

मई 2018 में हुई थी कपल की शादी सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने 8 मई 2018 को शादी की थी। इस शादी में बॉलीवुड के कई सेलेब्स समेत सोनम के फ्रेंड्स और फैमिली मेंबर्स शामिल हुए थे। इस साल के शुरुआत में सोनम ने अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी।

# ऑनस्क्रीन रोकर ट्रोल होने पर नेहा कक्कड़ का रिएक्शन:बोलीं- मैं ट्रोलर्स को इल्जाम नहीं देती क्योंकि वो मेरी तरह इमोशनल नहीं हैं



सिंगर नेहा कक्कड़ को रियलिटी शोज पर रोने के लिए क्रिटिसाइज और ट्रोल किया जाता है। सिंगर ने अपने 15 साल के करियर में बहुत सारे लोगों के जजमेंट को फेस किया है। नेहा ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में ट्रोलिंग को लेकर बात की है। सिंगर ने बताया कि वो लोगों को इस बात के लिए ब्लेम नहीं करती हैं, क्योंकि हर कोई उनकी तरह इमोशनल नहीं हो सकता है।

रियलिटी शो में रोने के लिए उन्हें ट्रोल करने वाले लोगों पर रिएक्शन में नेहा ने कहा, मैं उन्हें इस बात के लिए दोषी नहीं ठहरा सकता हूं। बहुत से ऐसे लोग होते हैं, जो इमोशनल नहीं होते हैं। जो लोग इमोशनल नहीं होते, उन्हें मैं फेक लग सकती हूं, लेकिन जो लोग मेरी तरह सेंसिटिव हैं, वो मुझसे रिलेट कर पाते होंगे।आज के दौर में बहुत कम लोग ही ऐसे मिलते हैं, जो दूसरों का दर्द समझ पाते हैं और उनकी हेल्प करना चाहते हैं। मेरे अंदर दूसरों की हेल्प करने की क्वालिटी है और मुझे इसे लेकर कोई रिग्रेट नहीं है।

रियलिटी शो अक्सर कंटेस्टेंट की पर्सनल पर फोकस करके ड्रामा एड करने के लिए ट्रोल किए जाते हैं। इस पर नेहा ने रिएक्ट करते हुए कहा, मैं इसे ड्रामा नहीं कहूंगी। शो को इंटरेस्टिंग बनाने के लिए उसमें कुछ एलिमेंट्स एड किए जाते हैं। शो में केवल डांस और सिंगिंग को दिखाना बोरिंग हो सकता है, इसलिए कंटेस्टेंट की पर्सनल लाइफ और उनकी फैमिली पर भी फोकस किया जाता है। व्यूअर्स भी उससे खुद को रिलेट कर पाते हैं।

**हर किसी को स्ट्रगल कर चीजें हासिल होती हैं**

नेहा ने आगे कहा, ₹जब हम दिखाते हैं कि कैसे एक कंटेस्टेंट इतनी सारी चीजें सेक्रिफाइज करके यहां तक पहुंच पाते हैं। लोग इससे खुद को कनेक्ट कर पाते हैं, क्योंकि हर किसी ने कभी न कभी स्ट्रगल करके चीजें हासिल की हैं। हम बस वही शो पर दिखाते हैं, जो हमारे घरों में होता है।

# राजू की सुरक्षा को खतरा ! आईसीयू में घुसा अनजान शख्स, करने लगा ये काम



कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव अभी भी आईसीयू में वेंटिलेटर पर हैं। बता दें कि 10 अगस्त को दिल का दौरा पड़ने बाद राजू श्रीवास्तव को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उनका स्वास्थ्य कई उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कॉमेडियन की हालत अब भी गंभीर है। उनका इलाज नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में चल रहा है।

राजू श्रीवास्तव की तबीयत को लेकर लगातार कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। बीते दिन मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि एम्स के डॉक्टर्स का कहना है कि कॉमेडियन की हालत नाजुक है और उनके लिए अगले 24 घंटे काफी अहम है। अस्पताल कर्मियों ने उस शख्स से पूछताछ की और राजू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आईसीयू के बाहर गार्ड तैनात कर दिए हैं। अब बिना अनुमति किसी को भी अंदर जाने नहीं दिया जाएगा। एक चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। दरअसल, एक अनजान शख्स राजू श्रीवास्तव के रूम में पहुंच गया। और आईसीयू के अंदर कॉमेडियन के साथ सेल्फी लेने लगा। शख्स को देख हर कोई घबरा गया और कॉमेडियन की सुरक्षा के लिए चिंतित हो गया। प्रशांत का कहना है कि तीन दिन पहले ब्रेन में आई सूजन की वजह से चिंता बढ़ गई थी। लेकिन अब हर दिन राजू की सेहत में कुछ न कुछ सुधार देखने को मिल रहा है। इसलिए यहां विशेष पूजा कराई जा रही है। राजू के भाई काजू के साले प्रशांत ने मीडिया हाउस से बातचीत में कहा, हम लोग राजू के लिए विशेष पूजा करा रहे हैं। हम चाहते हैं कि भगवान राजू पर कृपा करें और उन्हें फिर से ठीक कर दें। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजू के भाई के घर पिछले दो दिनों से पूजा चल रही है। यह विशेष पूजा पांच दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई ब्राह्मणों द्वारा भगवान की विधि विधान से पूरी आस्था के साथ पूजा कराई जा रही है। इस पूजा में राजू के सभी भाई, उनकी पत्नी शिखा और उनके बच्चे शामिल होकर भगवान से राजू को जल्द स्वास्थ्य करने की प्रार्थना कर रहे हैं। राजू श्रीवास्तव के परिवार वालों ने कॉमेडियन के स्वास्थ्य की जानकारी नहीं दी है। हालांकि, शेखर सुमन के मुताबिक राजू श्रीवास्तव के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। उनके अंग अब काम कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, उसके अंग सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। हालांकि वह अब भी बेहोश हैं, डॉक्टर्स का कहना है कि उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार आ रहा है। महादेव की कृपा है। हर हर महादेव।

# फिल्मफेयर पर केस करेंगी कंगना रनोट

## कंगना के आरोपों पर फिल्मफेयर का रिएक्शन : नॉमिनेशन से कंगना का नाम हटाया

**पने बयानों से** बॉलीवुड में तहलका मचाने वाली कंगना ने फिल्मफेयर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का फैसला लिया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी शेयर करते हुए फिल्मफेयर के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की है। दरअसल फिल्मफेयर ने कंगना को अपने एक अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया है , जो उनके ऊपर भारी पड़ सकता है। जहां बाकी स्टार्स फिल्मफेयर जीतने को अचीवमेंट मानते हैं, वहीं कंगना नॉमिनेशन से नाराज हो गई हैं।

67 वें फिल्मफेयर के नॉमिनेशन की लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसमें बेस्ट एक्टर के लिए रणवीर सिंह को फिल्म 83 और बेस्ट एक्ट्रेस के कैटगरी में कंगना रनोट को फिल्म थलाइवी को नॉमिनेट किया गया है। इसे लेकर वो नाराज हो गई हैं।

कंगना ने इंस्टा स्टोरी पर नाराजगी जताते हुए कहा ' मैं हैरान हूं कि फिल्मफेयर वाले मुझे नॉमिनेट कर रहे हैं। लेकिन मैं किसी भी भ्रष्ट और अनैतिक अवार्ड सेरेमनी का हिस्सा नहीं बनना चाहती हूं। यह मेरी गरिमा के खिलाफ है, इसलिए मैंने फिल्मफेयर पर मुकदमा करने का



फैसला लिया है।

इंस्टाग्राम पर कंगना ने कहा 'मैंने साल 2014 में फिल्मफेयर को बैन कर दिया है। वह भ्रष्ट और अनैतिक अवार्ड है, इसलिए मैं उसका हिस्सा नहीं बनूंगी।' एक्ट्रेस ने लिखा कि मुझे फिल्मफेयर की तरफ से कई कॉल्स आ रहे हैं। क्योंकि फिल्मफेयर वाले उन्हें फिल्म थलाइवी के लिए अवार्ड देना चाहते हैं।

कंगना रनोट और फिल्मफेयर के बीच जंग शुरू हो गई है। दरअसल कंगना ने कहा था कि वो अवॉर्ड शो में नॉमिनेट करने और इनवाइट करने के लिए फिल्मफेयर पर मुकदमा दर्ज करेंगी। कंगना के बेबुनियाद आरोपों के चलते फिल्मफेयर ने अब उनका नॉमिनेशन रद्द कर दिया है। मैग्जीन ब्रांड ने एक्ट्रेस के आरोपों को झूठा बताते हुए, यह कहा हम उन्हें कोई भी अवॉर्ड नहीं दे रहे थे। साथ फिल्मफेयर ने दावा कि उन्होंने कंगना को किसी परफॉर्मेंस के लिए भी नहीं कहा था। बता दें कि कंगना को उनकी फिल्म थलाइवी के लिए बेस्ट फीमेल एक्ट्रेस के अवार्ड के नॉमिनेट किया गया था। जिसपर कंगना नाराज थीं। एक्ट्रेस का कहना था कि वो इस अवार्ड शो का हिस्सा नहीं बनना चाहती हैं, इसके बावजूद भी उन्हें कॉल करके परेशान किया जा रहा है। जिस कारण वो अब फिल्मफेयर पर मुकदमा दर्ज करने का मन बना रही हैं।

**मैग्जीन ने दिया जवाब-**

कंगना के इस कदम के बाद फिल्मफेयर ने एक बयान शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया ' अवॉर्ड नियमों के मुताबिक फिल्मफेयर के संपादक ने कंगना को बेस्ट एक्ट्रेस इन अ लीडिंग रोल के नॉमिनेशन के बारे में जानकारी थी और शो का इनविटेशन भेजने के लिए उनका पता पूछा था।' इतना ही नही फिल्मफेयर ने सोशल मीडिया पर अपने इनविटेशन की कॉपी शेयर भी शेयर की जिसमें कंगना को अवॉर्ड नॉमिनेशन की बधाई दी गई थी। साथ 30 अगस्त को अवॉर्ड शो इवेंट में आने का इनविटेशन दिया गया था। एक्ट्रेस से उनका पता मांगा गया था ताकि उन्हें शो के लिए इनविटेशन भेजा जा सके

अवॉर्ड देने की नहीं हुई थी बात-फिल्मफेयर ने कहा कि कहीं पर भी कंगना को अवॉर्ड देने या इवेंट में परफॉर्म करने के की कोई भी रिक्वेस्ट नहीं की गई थी। एक्ट्रेस ऐसे बयानों को देखते हुए उनका नॉमिनेशन रद्द कर दिया गया। फिल्मफेयर ने कहा' कंगना की गैर जिम्मेदाराना कमेंट के बाद, हम फिल्म थलाइवी के लिए उनका नॉमिनेशन वापस लेते हैं। इतना ही नहीं अगर कोई कानूनी कार्रवाई होती है तो हम उसके लिए भी तैयार हैं।

मामले पर कंगना ने किया रिएक्ट- नॉमिनेशन वापस लेने के बाद कंगना ने फिल्मफेयर को टैग करते हुए कोर्ट में मिलने की बात कही। एक्ट्रेस ने कहा कि वो इतनी आसानी से चुप नहीं बैठेंगी और फिल्मफेयर पर लीगल एक्शन लेंगी।

# उर्फी जावेद को आधी रात अनजान शख्स ने किया वीडियो कॉल, एक्ट्रेस बोलीं- मैं किसी से डरने वाली नहीं

**सोशल मीडिया** पर अपने आउटफिट और अनोखे अंदाज के लिए मशहूर उर्फी जावेद अपने बोल्ड अंदाज के साथ ही अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। बीते दिनों ओबेद आफ्रीदी की तरफ से की जा रही ब्लैकमेलिंग का खुलासा करते हुए उर्फी ने इंस्टाग्राम पर कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। हालांकि, उर्फी के पोस्ट के बाद पुलिस ने मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए कथित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इसके बाद एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें उनके उस पोस्ट के लिए धमकी दी जा रही है। इसी बीच अब उर्फी ने एक बार फिर चौंकाने वाला खुलासा किया है।

दरअसल, उर्फी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उन्हें एक बार फिर धमकी मिली है। इस बारे में जानकारी देते हुए एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर चैट्स के कई सारे स्क्रीन शॉट्स और अपना एक वीडियो शेयर किया है। उर्फी ने बताया कि इस बार उन्हें शार्प शूटर का वीडियो भेज धमकाने की कोशिश की गई। एक्ट्रेस के मुताबिक उन्हें



देर रात किसी शख्स का वीडियो कॉल आया। जब उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया तो शख्स ने गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया गैंग के शार्प शूटर के गिरफ्तार होने का वाडियो शेयर किया।

वीडियो को देख उर्फी जावेद ने शख्स से पूछा कि वह कौन है और इतनी रात में वीडियो कॉल क्यों कर रहा है। दरअसल, उर्फी को धमकी देने वाला व्यक्ति उनकी इंस्टा स्टोरी पर लगी तस्वीर को लेकर नाराज था। इतना ही नहीं वह यह भी चाहता था कि उर्फी इंस्टा स्टोरी से उस तस्वीर को हटा दें। लेकिन जब एक्ट्रेस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो शख्स ने सेरा (ओबेद की गर्लफ्रेंड) की फोटो हटाने की मांग की। हालांकि, उर्फी ने बिना डरे साफ शब्दों में शख्स को जवाब देते हे कहा कि वह किसी से डरने वाली नहीं हैं और दोषी को सजा दिलवा कर रहेंगी।

गौरतलब है कि बीते दिनों ही उर्फी ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से ताल्लुक रखने वाले ओबेद आफ्रीदी उन्हें वीडियो सेक्स के लिए ब्लैकमेल कर रहा है। उर्फी ने वह भी बताया कि जब उन्होंने उसकी मांग नहीं मानी तो आरोपी ने उनकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी। उर्फी के मुताबिक यह शख्स लंबे समय से उन्हें परेशान कर रहा था। ऐसे में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए सबके सामने इसका खुलासा किय, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# रणवीर सिंह ने मुंबई पुलिस से मांगा 2 हफ्ते का समय



**न्यूड फोटोशूट** मामले में अभिनेता रणवीर सिंह ने मुंबई पुलिस से 2 हफ्ते का समय मांगा है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने एक्टर को 22 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि अभी तक पुलिस की तरफ से कोई बयान नहीं आया है।

बता दें, कि रणवीर ने 22 जुलाई को पेपर मैगजीन के लिए न्यूड फोटोशूट कराया था। तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद रणवीर के खिलाफ मुंबई के एक एनजीओ ने चेंबूर पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई थी।

**3 धाराओं में दर्ज हुई है FIR**

एनजीओ ने कहा था कि रणवीर ने अपनी न्यूड फोटोज से महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और उनका अपमान किया है। इसलिए ट्विटर और इंस्टाग्राम से उनकी फोटो हटाई जाए। साथ ही उनकी गिरफ्तारी की भी मांग की गई। रणवीर के खिलाफ आईपीसी की धारा 509, 292, 293 आईटी एक्ट के सेक्शन 67ए के तहत केस दर्ज किया गया था।

**IT एक्ट में रणवीर को हो सकती है 5 साल की सजा**

शिकायत दर्ज होने के बाद मुंबई पुलिस ने 48 घंटे का समय मांगा था। इसके बाद रणवीर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आईपीसी की धारा 292 के तहत 5 साल और धारा 293 के तहत 3 साल की सजा का प्रावधान है। वहीं, आईटी एक्ट 67A के तहत भी रणवीर को 5 साल की सजा हो सकती है।

**रणवीर ने कहा- नेकेड होने से मुझे फर्क नहीं पड़ता**

रणवीर ने फोटो शूट के बाद दिए एक इंटरव्यू में कहा था- 'मेरे लिए फिजिकली नेकेड होना बहुत आसान है। मेरी कुछ परफॉर्मेंस में मुझे नेकेड किया गया है। आप उनमें मेरी आत्मा को देख सकते हैं। वो कितनी नेकेड है? मैं हजारों लोगों के सामने अपने सारे कपड़े उतार सकता हूं। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन वहां मौजूद लोग थोड़ा अनकम्फर्टेबल हो जाएंगे।'

# बॉलीवुड में हो रही फ्लॉप फिल्मों पर फरहान का रिएक्शन:बोले- अब हमें ग्लोबल ऑडियंस को ध्यान में रखकर कंटेंट बनाना होगा



**बॉलीवुड एक्टर फरहान** अख्तर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बॉलीवुड में हो रही फ्लॉप फिल्मों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अब लोग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दूसरी भाषा के कंटेंट को देखने लगे हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा की बॉलीवुड को अच्छे कंटेंट बनाने के लिए काफी कोशिश करनी होगी और उन्हें ग्लोबल ऑडियंस को ध्यान में रखकर कंटेंट बनाना होगा।

फरहान ने कहा, 'हर किसी को अपनी भाषा से एक इमोशनल कनेक्शन होता है। आप अपनी भाषा में फिल्म के इमोशन्स को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। कई बार केवल एक शब्द से ही बहुत सारे इमोशन्स जाहिर हो जाते हैं, इसलिए अपनी भाषा के कंटेंट की अलग बात होती है। लेकिन जब हम किसी फिल्म को ट्रांसलेट करते हैं, तब वो इमोशन्स थोड़े अलग हो सकते हैं।'

फरहान ने आगे कहा, 'आप इंग्लिश का कंटेंट बिल्कुल देख सकते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि हमें अब इस बैरियर को तोड़ना होगा। आपको ऐसा करने के लिए कोई नया तरीका सोचना ही होगा ताकि किसी भी भाषा में वही इमोशन्स जाहिर किए जा सकें। पर्सनली ये मुझे बहुत बड़ा मुद्दा नहीं लगता है। ये अच्छी बात है कि दुनिया अब दूसरी भाषाओं के कंटेंट को देख रही है और ये सभी के लिए फायदेमंद है।'

फरहान आगे कहते हैं, 'हमें ज्यादा लोगों तक पहुंचने के लिए वही तरीका अपनाना होगा जैसा 'द अवेंजर्स' ने किया था। इससे फर्क नहीं पड़ता कि ऑडियंस इंग्लिश जानती है या नहीं। इन फिल्मों में कुछ ऐसा था कि ऑडियंस ऐसी फिल्मों को देखती ही है। कंटेंट क्रिएटर्स के तौर पर हमें लोगों के लिए बेहतरीन एक्सपीरियंस बनाना चाहिए। फिर भाषा की समस्या इसके बहुत बाद में आती है।'

# अल्लू अर्जुन के रंग में रंगे न्यूयॉर्क सिटी के मेयर 'पुष्पा' का सिग्नेचर पोज देते आए नजर



फिल्म 'पुष्पाः द राइज' फेम साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के फैंस की दुनियाभर में कमी नहीं है। वह कहीं भी चले जाएं 'पुष्पा' के अपने सिग्नेचर पोज 'मैं झुकेगा नहीं' के लिए जरूर तारीफ पाते हैं। न्यूयॉर्क में भी सुपरस्टार के साथ ऐसा ही हुआ। दरअसल, अल्लू अर्जुन हाल ही में न्यूयॉर्क गए थे, जहां उन्होंने अमेरिका में भारतीय डायस्पोरा द्वारा आयोजित प्रसिद्ध भारतीय वार्षिक कार्यक्रमों में से एक इंडिया डे परेड में देश का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान अल्लू अर्जुन ने न्यूयॉर्क सिटी के मेयर से मुलाकात की, जो काफी दिलचस्प रही।

अभिनेता अल्लू अर्जुन ने न्यूयॉर्क में मेयर एरिक एडम्स से मुलाकात की। अल्लू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुलाकात के दौरान की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। दिलचस्प बात यह है कि मुलाकात के दौरान मेयर एरिक एडम्स भी अल्लू अर्जुन के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने बाकायदा अल्लू अर्जुन के साथ उनकी फिल्म 'पुष्पा' के सिग्नेचर पोज के साथ तस्वीरें क्लिक कराईं। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

बता दें कि अल्लू अर्जुन ने पोस्ट में कुल तीन तस्वीरें साझा की हैं। एक ग्रुप फोटो में अल्लू अर्जुन ठहाका लगाकर हंसते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर सेल्फी है, जिसमें अल्लू अर्जुन और एरिक एडम्स 'मैं झुकेगा नहीं' पोज दे रहे हैं। पीछे खड़े नजर आ रहे बाकी लोग भी यह पोज देते दिखाई दे रहे हैं। तीसरी तस्वीर में अल्लू अर्जन ने एक सर्टिफिकेट की तस्वीर साझा की है। अल्लू अर्जुन की इस पोस्ट पर फैंस की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही है। बता दें कि इंडिया डे परेड में अल्लू अर्जुन ने अपनी पत्नी स्नेहा रेड्डी के साथ शिरकत की। अल्लू अर्जुन न केवल परेड में शामिल हुए बल्कि उन्हें ग्रैंड मार्शल की उपाधि से भी सम्मानित किया गया। बात करें वर्क फ्रंट की तो फिल्म 'पुष्पा पार्ट टू' को लेकर मेकर्स और अभिनेता अल्लू अर्जुन शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।





# गले में ऐसा दर्द माना जाता है टॉन्सिल का संकेत

गले में होने वाली कोई भी समस्या काफी असहज कर देने वाली हो सकती है। टॉन्सिलाइटिस भी ऐसी ही काफी सामान्य सी समस्या है जिसने आपको भी कभी न कभी जरूर परेशान किया होगा। टॉन्सिलाइटिस, गले में पिछले हिस्से में मौजूद दो अंडाकार ऊतकों में होने वाली सूजन की स्थिति है। टॉन्सिल का मुख्य कार्य सांस के माध्यम से आने वाले बैक्टीरिया या वायरस को रोकना होता है। टॉन्सिल में मौजूद एंटीबॉडीज गले और फेफड़ों के संक्रमण को रोकने में मदद करती हैं। हालांकि कुछ स्थितियों में इनमें सूजन आ जाती है जिसके कारण खाना-पीना तक काफी कठिन हो जाता है। बच्चों में यह समस्या बहुत आम होती है।

टॉन्सिल में होने वाली सूजन के कारण गले में खराश, निगलने में कठिनाई, दर्द और बुखार हो सकता है। वैसे तो यह समस्या किसी को भी हो सकती है, हालांकि बच्चों और किशोरों में यह दिक्कत अधिक देखी जाती है।

यदि आपको बार-बार टॉन्सिलाइटिस की समस्या होती रहती है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से मिलकर स्थिति का सही निदान करना बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए टॉन्सिलाइटिस की समस्या के बारे में आगे विस्तार से जानते हैं। टॉन्सिलाइटिस की समस्या वायरस या बैक्टीरियल संक्रमण के कारण होती है।

### क्यों होती है टॉन्सिलाइटिस की दिक्कत?

मायोक्लीनिक की रिपोर्ट से पता चलता है कि वायरस या



बैक्टीरियल संक्रमण के कारण गले में मौजूद इन ऊतकों में सूजन आ सकती है। टॉन्सिलाइटिस का मुख्य कारण स्ट्रेप्टोकोकस पाइोजेन्स (समूह ए स्ट्रेप्टोकोकस) है नामक जीवाणु माना जाता है, यह स्ट्रेप थ्रोट समस्या का भी कारण बनता है। वैसे तो यह समस्या गंभीर नहीं होती है और सामान्य उपचार से इसे ठीक किया जा सकता है, हालांकि यदि आपको बार-बार टॉन्सिलाइटिस की दिक्कत महसूस होती रहती है, तो इस बारे में विशेषज्ञ की राय ले लेना बहुत आवश्यक हो जाता है।

### टॉन्सिलाइटिस के क्या लक्षण होते हैं?

टॉन्सिलाइटिस की स्थिति गले में कई तरह की समस्याओं का कारण बन सकती है, जिसको लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए। टॉन्सिलाइटिस की स्थिति में सामान्यतौर पर इस तरह की दिक्कतें महसूस हो सकती हैं।

टॉन्सिल में सूजन और लालिमा।

टॉन्सिल पर सफेद या पीले रंग के धब्बे दिखना।

गला खराब होना।

निगलने में कठिनाई या दर्द।

बुखार और सिरदर्द।

सांसों की बदबू

पेट दर्द

### टॉन्सिलाइटिस से बचाव कैसे किया जाए?

टॉन्सिलाइटिस की स्थिति में सामान्य दवाओं से सूजन को ठीक किया जा सकता है। हालांकि अगर आपको इस तरह की दिक्कत अक्सर होती रहती है तो इससे



बचाव करना बहुत आवश्यक हो जाता है। टॉन्सिलाइटिस से बचाव के लिए ओरल हाइजीन का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। इसके अलावा इन बातों को ध्यान में रखकर भी टॉन्सिलाइटिस से बचाव किया जा सकता है।

अपने हाथों को को साफ रखें जिससे भोजन के माध्यम से गले में संक्रमण न होने पाए।

खाना, पानी का गिलास या बोतलें किसी के साथ साझा करने से बचें।

टॉन्सिलिटिस का निदान होने के बाद अपने टूथब्रश को बदलें।

बच्चों को बैक्टीरिया या वायरल संक्रमण से बचाने के उपायों के बारे में बताएं।

अगर आप टॉन्सिलाइटिस की स्थिति के प्रति अधिक संवेदनशील हैं तो इस बारे में डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।

### टॉन्सिलाइटिस हो जाने पर क्या करें?

टॉन्सिलाइटिस की स्थिति में कुछ सामानय से घरेलू उपायों को प्रयोग में लाकर भी आराम पाया जा सकता है।

गले के दर्द को कम करने के लिए बहुत ठंडे चीजों के सेवन से बचें।

अपने कमरे में कूल-मिस्ट वेपोराइज़र या ह्यूमिडिफ़ायर का उपयोग करें।

गर्म नमक के पानी से गरारे करें।

गले की सेकाई करने से भी सूजन और दर्द में आराम मिल सकता है।

बिना डॉक्टर की सलाह के दवाओं के सेवन से बचें।

# न्यूट्रिशन के लिए कहीं आप भी तो नहीं कर रहे इन चीजों का अधिक सेवन, फायदे की जगह हो सकता है नुकसान



### पोषक तत्वों वाले आहार का सेवन

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए रोजाना आहार के माध्यम से पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। पोषक तत्वों की विस्तृत श्रृंखला शरीर के अंगों को स्वस्थ रखते हुए, ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने और आपको कई प्रकार की बीमारियों के खतरे से बचाने में लाभदायक मानी जाती है।

यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को रोजाना आहार में फलों-सब्जियों और नट्स को शामिल करने की सलाह देते हैं। हालांकि हमेशा इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि चीजों का संयमित मात्रा में ही सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है, इसकी अधिकता आपमें कई प्रकार की समस्याओं का कारण बन सकती है।

### अधिक कॉफी के नुकसान

कॉफी को कई अध्ययनों में सेहत के लिए फायदेमंद बताया गया है, इसमें एंटीऑक्सिडेंट और अन्य सक्रिय यौगिकों की अधिकता होती है जिससे शरीर को कई प्रकार से लाभ हो सकता है। कॉफी में सक्रिय संघटक कैफीन होता है जो आपको रिफ्रेश रखने और कुछ अध्ययनों में इसे कई प्रकार की बीमारियों के लक्षणों को कम करने वाला भी बताया गया है। हालांकि



इसका अधिक मात्रा में सेवन करना (प्रतिदिन 500-600 मिलीग्राम) तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर सकता है, जिससे अनिद्रा, घबराहट, चिड़चिड़ापन, पेट में ऐंठन, दिल के धड़कन में अनियमितता की समस्या हो सकती है।

### जायफल के लाभ और नुकसान जायफल के अधिक सेवन से नुकसान

जायफल हर घर में मसालों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाली औषधि है, इसे भोजन के स्वाद को बढ़ाने के साथ कई प्रकार की समस्याओं के घरेलू उपचार के तौर पर भी प्रयोग में लाया जाता रहा है। जायफल में मिरिस्टिसिन नामक यौगिक होता है, जो एक मनो-एक्टिव पदार्थ है। कम मात्रा में जायफल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है पर इसकी अधिकता मिरिस्टिसिन विषाक्तता का कारण बन सकती है। इस स्थिति में हृदय गति में अनियमितता, मतली, चक्कर आने, दर्द और मतिभ्रम जैसी समस्याओं का खतरा हो सकता है।

### रेड मीट का अधिक सेवन नुकसानदायक

पशुओं पर आधारित चीजें जैसे मछली, अंडा, डेयरी उत्पाद, चिकन शरीर के लिए आसानी से कई प्रकार के पोषक तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं, लेकिन अधिक मात्रा में यह हानिकारक हो सकता है। विशेषकर रेड मीट के अधिक सेवन को अध्ययनों में कई प्रकार से नुकसानदायक बताया गया है। शोध से पता चला है कि नियमित रूप से रेड मीट या प्रोसेस्ड मीट खाने से टाइप-2 डायबिटीज, कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक और कुछ प्रकार के कैंसर, विशेष रूप से कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

### नमक का सेवन कम मात्रा में करें

नमक शरीर के लिए अति आवश्यक है, इसमें मौजूद सोडियम शरीर को बेहतर ढंग से कार्य करते रहने में सहायक है। हृदय की लय को बनाए रखने, तंत्रिका आवेगों का संचालन करने और रक्तचाप के लिए भी इसे आवश्यक माना जाता है। हालांकि ध्यान रखें अधिक मात्रा में नमक का सेवन उच्च रक्तचाप का कारण बन सकता है। हाई सोडियम वाले खाद्य पदार्थों का लगातार सेवन हृदय की समस्याओं का कारण बनता है, इसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहना चाहिए।

# किडनी स्टोन के ये लक्षण नजर आए तो डॉक्टर से मिलने में न करें देर

जब शरीर के जरूरी हिस्सों की बात आती है तो उनमें किडनी भी शामिल है। जी हां, किडनी हमारे शरीर के जरूरी हिस्सों में से एक है। ऐसे में व्यक्ति को किडनी स्टोन की समस्या हो जाए तो काफी दर्दनाक स्थिति का सामना करना पड़ता है। इन लोगों को पता होना चाहिए कि जब किडनी स्टोन की समस्या होती है तो लक्षणों के रूप में कौन-कौन सी समस्याएं नजर आ सकती हैं। आज का हमारा लेख इसी विषय पर है। आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि किडनी की समस्या होने पर कौन से लक्षण नजर आ सकते हैं।




## किडनी स्टोन के लक्षण

जब व्यक्ति को किडनी स्टोन की समस्या होती है तो उससे पेशाब करने में दिक्कत महसूस होती है। यह स्थिति डिसुरिया कहलाती है। बता दें कि किडनी स्टोन के दौरान व्यक्ति को पेशाब करने में दर्द महसूस होता है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत है।

जब स्थिति ज्यादा गंभीर हो जाती है तो व्यक्ति को पेशाब से खून भी आ जाता है। खासतौर पर गुर्दे की पथरी के दौरान व्यक्ति को पेशाब में खून आने की समस्या हो जाती है। इस समस्या को हेमट्यूरिया भी कहते हैं। ऐसे में पेशाब करने में दर्द महसूस हो या पेशाब करने के दौरान खून आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत है।

यदि व्यक्ति को अपने पेशाब में बदबू महसूस हो तो या तीखी गंध महसूस हो तो यह भी गुर्दे या मूत्र पथ के संक्रमण का संकेत दे सकते हैं। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत है।

यदि व्यक्ति को गुर्दे की पथरी हो जाए तो ऐसे में पीठ में दर्द, पेट में दर्द, बाजू में दर्द की शिकायत हो सकती है। ऐसा तब होता है जब पथरी मूत्रवाहिनी में चली जाती है, जिसके कारण पेशाब करने में रुकावट महसूस होती है।

इसके अलावा जब व्यक्ति को गुर्दे में दबाव महसूस होता है तब भी पीठ में, पेट में, बाजू में दर्द हो सकता है। ऐसे में यह समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत है।

# योनि में संक्रमण होने पर किन चीजों का करें सेवन?



योनि में संक्रमण आमतौर पर 18-50 आयु वर्ग की महिलाओं में देखा जाता है, ऐसा मानसून और गर्मी के दौरान अधिक होता है। इसके लक्षणों में योनि स्राव, खुजली, जलन और बेचैनी आदि शामिल हैं। योनि में मुख्य रूप से स्वस्थ माइक्रोबायोटा होता है, जब अस्वस्थ माइक्रोबायोटा की स्वस्थ स्वस्थ बैक्टीरिया से अधिक होती है तो महिलाओं को योनि संक्रमण हो जाता है। मूत्रमार्ग और गुदा से योनि का मार्ग निकट होने की वजह से संक्रमण बढने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में तनाव, धूम्रपान, योनि की ठीक से सफाई ना होना आदि इस समस्या और बढ़ा सकते हैं। ऐसे में इस समस्या के दौरान कौन-सा आहार लेना चाहिए, ये पता होना जरूरी है।

आज का हमारा लेख इसी विषय पर है। आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि

संक्रमण के दौरान किन चीजों का सेवन न करें। इसके लिए हमने मसिना हॉस्पिटल, मुंबई की कन्सल्टेंट ऑब्सटेट्रिशियन, स्त्री रोग आणि प्रजनन विशेषज्ञ से बात की है।

### किस तरह का आहार आपको लेना चाहिए?

वसा(फैट) से भरपूर आहार बीवी और गंभीर बीवी के बढ़ते जोखिमों से जुड़ा हुआ है। आहार वसा योनि के पीएच को बढ़ा सकती है और इस प्रकार बीवी की संभावना को बढ़ा सकती है। सैचुरेटेड फैट आंत की प्रतिरक्षा को कम करके भी कार्य कर सकता है। यह सीधे योनि को प्रभावित कर सकता है या फिर आंत माइक्रोबायोटा के माध्यम से प्रभावित कर सकता है।

फाइबर, विटामिन और एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर एक संतुलित, स्वस्थ आहार, संतृप्त वसा योनि के पीएच और म्यूकोसल प्रतिरक्षा को बनाए रखने में मदद कर सकता है

प्रीबायोटिक्स से भरपूर विभिन्न खाद्य पदार्थः बिना फैट वाले डेयरी उत्पाद दही, पनीर, प्याज, लीक, शतावरी, लहसुन और सोयाबीन आदि।

अच्छी तरह से पका हुआ चिकन, मांस या मछली, ताजे फल और सूखे मेवे का सेवन किया जा सकता है। हरी पत्तेदार सब्जी, ताजी सब्जियों का खूब सेवन करें।

जिन खाद्य पदार्थों से योनि में संक्रमण की संभावना बढ़ सकती है, उनमें फूल फैट वाले डेयरी उत्पाद, पनीर आदि शामिल होते हैं इसलिए इनसे बचना चाहिए।

ऐसे फल और सब्जियां, जिन्हें ठीक से धोया और साफ नहीं किया जाता है उन से बचना चाहिए।

# अपने चेहरे पर भूलकर भी न लगाएं ये 5 चीजें, बनने लगेंगे काले निशान

सुंदर बनने की इच्छा सभी को होती है। ऐसे में वे हर मुमकिन कोशिश करते हैं। लोग घरेलू नुस्खे अप्लाई करते हैं या महंगी -महंगी ट्रीटमेंट्स लेते हैं। लेकिन बता दें कि इन लोगों को पता होना चाहिए कि अपने चेहरे पर किन चीजों को नहीं लगाना चाहिए। गलत जानकारी के कारण यदि त्वचा पर कुछ चीजें लगाई जाएं तो इससे त्वचा से संबंधित कई समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में लोगों को इन चीजों के बारे में पता होना जरूरी है। आज का हमारा लेख इसी विषय पर है। आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि आप अपने चेहरे पर किन चीजों को ना लगाएं।

व्यक्ति को अपनी त्वचा पर नींबू नहीं लगाना चाहिए। नींबू एक तरीके का ब्लीचिंग एजेंट होता है। ऐसे में नींबू को हमेशा किसी के साथ मिलाकर लगाना चाहिए। डायरेक्ट स्किन पर नींबू लगाने से बचें।



व्यक्ति को बेकिंग सोडा भी डायरेक्ट नहीं लगाना चाहिए। इसके कारण न केवल जलन की समस्या हो सकती है बल्कि डायरेक्ट बेकिंग सोडा यदि चेहरे पर लगाया जाए तो काले काले निशान भी बनने शुरू हो जाते हैं। व्यक्ति को अपनी त्वचा पर गर्म पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसके कारण स्किन के सेल्स को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही चेहरे पर काले निशान बन सकते हैं। व्यक्ति को टूथपेस्ट अपनी त्वचा पर नहीं लगाना चाहिए। टूथपेस्ट न केवल जलन की समस्या पैदा कर सकता है बल्कि समस्या भी हो सकती है। नमक और चीनी का इस्तेमाल व्यक्ति को अपनी त्वचा पर नहीं करना चाहिए। यह दोनों मिलाकर लगाने से स्किन छिल सकती है। ऐसे में लगाने से बचें।

# क्या डिप्रेशन का आयुर्वेद में उपचार है?

**प्रश्न : डॉक्टर कहते हैं मैं डिप्रेशन से पीड़ित हूं। क्या इसका आयुर्वेद में उपचार है? कृपा कर बताएं!**

**- श्रीमती प्रभावती आर्य, निजामाबाद**

उत्तर : डिप्रेशन याने अवसाद के कई कारण हो सकते हैं। किसी को बार-बार लड़की होने पर या फिर संबंध विच्छेद होने पर, अपने प्रियतम व्यक्ति की अचानक मृत्यु पर, या व्यापार आदि में अचानक घाटा होने पर, मन के हार मान जाने पर व्यक्ति अवसाद ग्रस्त हो जाता है। ऐसा व्यक्ति खालीपन, एकाकीपन से ग्रस्त हो जाता है। उसमें निराशा, कुछ भी ना कर सकने का भाव, स्फूर्ति का अभाव, उमंग व उत्साह की कमी, नींद की कमी, एकदम उचाट हो जाना अनिर्णय की स्थिति में पहुंच जाना, भूख- प्यास का अभाव, दुनिया के विषयों में बेरुखी, पाचन का गड़बड़ा जाना, गमगीन रहना, उदासी के भाव से जकड़े रहना आदि लक्षण अवसाद ग्रस्त में देखे जा सकते हैं।

आयुर्वेद में अवसाद का इलाज है। यह वात और कफ दोष के विकृत होने से होता है। जीवन शैली में परिवर्तन इसके लिए आवश्यक है। रात जल्दी सोना, सुबह जल्दी उठना, रोज हल्की कसरत करना, ध्यान करना, प्राणायाम का अभ्यास करना, अच्छे मित्रों और संबंधियों की संगति में रहना, समयोचित ताजा व संतुलित भोजन करना, हमेशा सकारात्मक रुझान वाले लोगों की संगत में रहना, यह सब इसकी चिकित्सा में सहायता करते हैं। ब्राह्मी घृत को दूध में सुबह-शाम देवें । ऊंझा ब्राह्मी वटी,टेंसट्रीम को रात्रि में देवें। भोजन के बाद ऊंझा सारस्वतारिष्ट व अश्वगंधारिष्ट को 10 -10 मिलीलीटर की मात्रा में, दोगुने गुनगुने पानी में मिलाकर देने से बहुत लाभ मिलता है। जटामांसी व तगर का प्रयोग भी लाभप्रद है। बढ़े वात दोष को ठीक करने शिरोधारा व अभ्यंग उपयोगी है। यह सारा चिकित्सा कार्य योग्य आयुर्वेदज्ञ की निगरानी में ही करवाना चाहिए।

**प्रश्न : रसोई और पूजा में हल्दी का महत्वपूर्ण स्थान है। क्या हल्दी में औषधीय गुण भी है? कृपया कर समझाएं!**

**- करुणाकर पांडे, हैदराबाद**

उत्तर : भारत में हल्दी का हजारों वर्ष से प्रयोग होते रहा है। अपने विशेष गुणों के कारण ही यह रसोई और पूजा का अभिन्न अंग रही है। हर मंगल कार्य में हल्दी का उपयोग होते रहा है। शादी- ब्याह से लेकर मातृशक्ति की पूजा में हल्दी एक प्रधान मांगलिक द्रव्य के रूप में प्रयोग में आती रही है। यह औषधि, मसाला, और भोज्यपदार्थो को रंगने के लिए प्राचीन का ल से प्रयोग में आ ती



रही है। आज इस पर हो रहे शोधों ने साबित किया है कि यह एक प्रमुख एंटीऑक्सीडेंट। शोथहर, शूलहर, पाचक , कैंसर-रोधक, एंटीप्लेटलेट, रोग प्रतिरोधक, कृमिघ्न व मधुमेहारी है।

* हल्दी में पाया जाने वाला कुरकुमिन नामक रसायन कैंसर को मात देता है। शरीर की व्याधिक्षमत्व शक्ति को बढ़ाता है।

* अपने शॉर्ट हर फूल हर गुण के कारण यह जोड़ों के दर्द में कष्टार्तव, श्वास - कास, संक्रमण में ,दाद - खाज में ,सोरियासिस में, मोच चोटो में व अन्य दर्द की स्थितियों में समान रूप से उपयोगी साबित हुआ है।

*यह एक उत्तम कोलेस्ट्रॉल नियंत्रक के रूप में , हृदय व रक्त परिवहन संस्थान के लिए परम उपयोगी साबित हुआ है।

* लगभग हर प्रकार की एलर्जी व शीतपित्त की स्थितियों में इससे बना योग गुरु हरिद्रा खंड बहुत ही उपयोगी साबित हुआ है।

* दाद- खाज व विभिन्न त्वचा के रोगों में हल्दी के लेप लगाने से राहत वह पूरी तरह से रोग से छुटकारा मिलता है।

* तमक श्वास और प्रतिश्यायय से तुरंत राहत के लिए हल्दी, चाय पत्ती, तुलसी व उड़द दाल को जलाकर इसका धुआं देने से तुरंत राहत मिलती है।

* मोच आने पर हल्दी और चूने का लेप या हल्दी, प्याज व गुड़ की पोटिस लगाने या बांधने पर तुरंत दर्द से छुटकारा मिलता है।

* प्राचीन काल से आज तक हल्दी का सौंदर्य वृद्धि के लिए भी उपयोग होते रहा है। हल्दी, दूध की मलाई, चंदन का चूर्ण व मसूर की दाल का बेसन बनाकर चेहरे पर ₹फेस पैकर₹ जैसे लगाने से चेहरे का सौंदर्य निखरता है। यह चेहरे को गोरा बनाने का सबसे सस्ता व सरल नुस्खा है ।

* नीम तेल में हल्दी मिलाकर लगाने से यह एक उत्तम संक्रमण रोधक के रूप में कार्य करता है। इसे पुराने फोड़ो, दाद- खाज, सोरियासिस आदि में लगाने से कालांतर में पूर्ण लाभ मिलता है।

* यह विषाणु रोधक होने के कारण वायरल रोगों में विशेष रूप से उपयोगी है। लगभग सभी विषाणु जनित संक्रमण में, विसर्पिणी, हरपीज आदि में भी इसे नारियल के तेल या नीम तेल के साथ मिलाकर बाहरी प्रयोग में लाभकर है। तथा हल्दी का चूर्ण 1 से 3 ग्राम सुबह शाम गुनगुने पानी से लेने पर वायरल इन्फेक्शन से बचाव व उपचार दोनों ही होते हैं। हल्दी इसी कारण एक परम उपयोगी जड़ी बूटी है।


**डॉ च पुरुषोत्तम बिदादा**

Email: purushottambidada@gmail.com


**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य चिपकाएं।**

आयुर्वेदिक प्रश्नोत्तरी

स्वतंत्र वार्ता

396 लोअर टैंकबंड, हैदराबाद-80



# ऑस्ट्रेलिया का 90% ईंधन आयात तकरार के कारण खतरे में

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। ताइवान को लेकर चीन की तीखी नोकझोंक और दक्षिण चीन सागर में जारी संघर्ष के बीच ऑस्ट्रेलिया को अपनी जरुरतों की पूर्ति के लिए तैयार रहने की जरूरत है। दक्षिण चीन सागर में अपनी बढ़ती नौसेना और वायुसेना के साथ चीन पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अपने ठिकानों का भी निर्माण कर रहा है। ऐसा करके चीन ऑस्ट्रेलिया के निर्यात और आयात के लिए महत्वपूर्ण शिपिंग लेन को बाधित करने में सक्षम है। ये खुलासा हुआ है विशेषज्ञों की एक टीम की ओर से जारी रिपोर्ट में।

इस टीम में कर्टिस यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रिचर्ड ओलोरंटोबा और आरएमआईटी यूनिवर्सिटी बुई कैम, मैथ्यु वॉरेन, छेत्री विन थाई व तस्मानिया यूनिवर्सिटी के होंग ओन्ह नुगुयेन शामिल थे। विशेषज्ञों की इस टीम ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि दक्षिण चीन सागर में जारी तनातनी से आस्ट्रेलिया का ईंधन आयात 90% तक प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा है कि ऐसा इसलिए है कि पिछले कुछ दशकों के दौरान दो स्थानीय रिफाइनरी बंद हो गए हैं।

टीम का कहना है कि हम क्रूड ऑयल का तो निर्यात करते हैं पर हमें रिफाईंड ईंधन का 90% आयात करना पड़ता है।

# चीन पर छाए आर्थिक संकट के बादल

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। चीन की आर्थिक स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। लोग बैंक में जमा अपना पैसा निकाल रहे हैं। बेरोजगारी बढ़ी है। घरेलू आय में कमी आयी है। चीन की जीडीपी में 30% हिस्सेदारी रखने वाले रियल एस्टेट की हालत भी पस्त हो चुकी है। करीब 9 करोड़ घर बनकर तैयार हैं लेकिन खरीदार नहीं हैं। देश की दूसरी सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी चाइना एवरग्रांडे ग्रुप समेत 21 प्रमुख डेवलपर्स ने पिछले साल बैंकों का लोन नहीं चुकाया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चेतावनी दी है कि कुल चीनी डेवलपर्स में से करीब 20% दिवालिया हो सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार जनवरी और जून के बीच आवास की बिक्री में 27% की गिरावट आई है। जुलाई की बिक्री जून से 13% कम थी।



जुलाई में लगातार 11वें महीने घरों की कीमतों में गिरावट आई है। एसएंडपी का अनुमान है कि 2022 में संपत्ति की बिक्री में एक तिहाई की गिरावट हो सकती है। ये तो हो गई घर बनाने और न बिकने की बात। लेकिन जिन्होंने घर खरीद लिया है, वो ईएमआई देने की हालत में नहीं है। सभी बैंक ऋणों में से लगभग 30% प्रॉपर्टी से संबंधित हैं। जिस देश पर छोटे-छोटे विद्रोहों को भी कुचलने का दाग है, उस देश में अकल्पनीय रूप से सैकड़ों हजारों नागरिक एक साथ होम लोन चुकाने से इनकार कर रहे हैं। एएनजेड रिसर्च का अनुमान है कि ये बहिष्कार लगभग 222 अरब डॉलर के ऋण को प्रभावित कर सकता है। इस तरह बैंकों पर दोहरी मार पड़ी है। एक तरफ प्रॉपर्टी डेवलपर्स की हालत खराब है। दूसरी तरफ प्रॉपर्टी बायर्स की। बैंकों के आर्थिक रूप से टूटने की अफवाहों के बाद नागरिक अपनी जमा राशि निकालने की कोशिश कर रहे हैं। इन सब के बीच पिछले वर्ष की तुलना में पिछली तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था केवल 0.4% बढ़ी है। तमाम प्रयासों के बावजूद देश जीडीपी के वृद्धि दर के अपने लक्ष्य 5.5% को नहीं छू पाया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने अनुमान में चीन के 2023 का जीडीपी का ग्रोथ रेट 5.1% से घटाकर 4.6% कर दिया है। ऐसे में ये जानना जरूरी हो जाता है कि जिस चीनी अर्थव्यवस्था को वैश्विक विकास का इंजन माना जाता है, वह इस स्थिति में कैसे पहुंच गया और भारत समेत दुनिया पर इसका क्या असर पड़ने वाला है? साल 2001 में चीन वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन में शामिल हुआ। कुछ ही साल में चीन अमेरिका को पछाड़कर वैश्विक व्यापार प्रणाली का सेंटर बन गया। सेब और टेस्ला सहित कई बड़ी वैश्विक कंपनियों के चीन में बड़े मैन्युफैक्चरिंग बेस हैं। विश्व निर्यात में चीन की हिस्सेदारी 2001 में 4% से बढ़कर 2021 में 15% हो गई है। दूसरी ओर, इसी अवधि के दौरान अमेरिका की हिस्सेदारी 12% से घटकर 8% हो गई है।

# भारत के लिए जी-20 प्रेसीडेंसी कृषि सब्सिडी पर जारी मुद्दों को ठीक करने का सुनहरा मौका




नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जी 20 की अध्यक्षता मिलना भारत के लिए कृषि और खाद्य पदार्थों की सब्सिडी पर लंबे समय से जारी गतिरोध के मुद्दों को ठीक करने का एक सुनहरा अवसर है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक रिसर्च में इस बात का दावा किया गया है। बता दें कि भारत एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता करने वाला है। जी-20 देशों की अर्थव्यवस्थाओं के तहत दुनिया की कुल जीडीपी का 85 प्रतिशत हिस्सा आता है। वहीं, दुनिया के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75% हिस्सा भी जी-20 देशों की अर्थव्यवस्था से ही आता है। इसके अंतर्गत दुनिया की दो तिहाई आबादी आती है। इन विशेषताओं के कारण यह दुनिया में आर्थिक सहयोग का सबसे प्रमुख मंच माना जाता है। एसबीआई की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू स्तर पर किसानों को सहारा देने की बात करें तो साल 2016 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में यह आंकड़ा 60,586 अमेरिकी डॉलर प्रति किसान है। जबकि ब्रिटेन में यह राशि 6,762 अमेरिकी डॉलर प्रति किसान है। कोरोना काल के बाद इसमें बड़ी बढ़ोतरी हुई है यह भी तय है। यहां तक कि चीन में भी किसानों को भारत की तुलना में चार गुना ज्यादा सब्सिडी सपोर्ट मिलता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सब्सिडी कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। विकसित देशों में किसानों को मिलने वाली भारी सब्सिडी वहां के किसानों को वैश्विक बाजार में कृषि उत्पादों के मामले में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अधिक मजबूत बनाते हैं। भारत में किसानों को कोराना काल के दौरान की सबसे खराब स्थिति की बात करें तब भी महत 600 अमेरिकी डॉलर प्रति किसान की सब्सिडी ही मिल पाई।

# केंद्रीय कर्मियों को जल्द मिल सकती है खुशखबरी

## मिलेगा 18 माह का डीए/डीआर का एरियर!

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोनाकाल के दौरान केंद्र सरकार के कर्मियों के डीए/डीआर का 18 माह का बकाया 'एरियर' मिलने की संभावना बन रही है। सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार इस बाबत जल्द ही कोई सकारात्मक निर्णय ले सकती है। दूसरी तरफ, एरियर जारी कराने के लिए सरकार पर केंद्रीय कर्मियों का दबाव बढ़ता जा रहा है। 'स्टाफ साइड' की राष्ट्रीय परिषद के सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने 18 अगस्त को कैबिनेट सेक्रेटरी एवं नेशनल काउंसिल (जेसीएम) के चेयरमैन को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि एक जनवरी 2020, एक जुलाई 2020 और एक जनवरी 2021 से प्रभावी महंगाई भत्ते/महंगाई राहत का 'एरियर' तुरंत जारी किया जाए। इस बाबत सरकार के साथ विस्तृत चर्चा हुई थी। 'स्टाफ साइड' की राष्ट्रीय परिषद के सचिव



एवं सदस्य एरियर जारी करने के तरीके पर चर्चा के लिए तैयार हैं। शिव गोपाल मिश्रा ने कैबिनेट सचिव को लिखे अपने पत्र में सुप्रीम कोर्ट के 08 फरवरी 2021 को दिए गए एक फैसले का हवाला दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि आर्थिक संकट के कारण कर्मचारियों के वेतन या पेंशन को अस्थायी रूप से रोका जा सकता है। हालांकि, स्थिति में सुधार होने पर इसे कर्मचारियों को वापस देना होगा। ये कर्मियों का अधिकार है। इनका भुगतान कानून के मुताबिक होना चाहिए। बतौर शिव गोपाल मिश्रा, केंद्र सरकार को यह बात मालूम है कि सेना, रेलवे, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कृषि और दूसरे मंत्रालयों के अंतर्गत काम करने वाले कार्मिकों ने कोरोनाकाल में निस्वार्थ भाव से सरकार का साथ दिया है। केंद्र ने साल 2020 की शुरुआत में एक झटके के साथ यह घोषणा कर दी थी कि सरकारी कर्मियों को डीए, डीआर व दूसरे भत्ते नहीं मिलेंगे। उसके बाद भी कर्मियों ने सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर काम किया था। कोरोनाकाल के दौरान सरकारी कर्मियों व पेंशनरों को महंगाई भत्ता और महंगाई राहत न मिलने के कारण कई तरह की आर्थिक परेशानियां उठानी पड़ी थीं। इस दौरान अनेक सरकारी कर्मचारी रिटायर भी हो गए। कुछ कर्मियों व पेंशनरों की मौत भी हुई। उन्हें डीए व डीआर न मिलने का बड़ा नुकसान हुआ है। ऐसे कर्मचारी जो एक जनवरी 2020 और 30 जून 2021 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं, उनकी ग्रैच्युटी और दूसरे भुगतान की भरपाई कौन करेगा। उन कर्मियों की तो कोई गलती नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद वे निर्धारित आर्थिक लाभ से वंचित हो गए हैं। जेसीएम के सदस्य सी. श्रीकुमार का कहना है, केंद्र सरकार ने कोविड-19 की आड़ लेकर सरकारी कर्मियों और पेंशनरों के डीए-डीआर पर रोक लगा दी थी। सभी कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई थी। इन कर्मियों ने पीएम केयर फंड में एक दिन का वेतन जमा कराया था। सरकार ने तब कर्मियों के 11 फीसदी डीए का भुगतान रोक कर 40000 करोड़ रुपये बचा लिए थे। केंद्रीय कर्मचारियों के 18 महीने से रुके डीए एरियर के भुगतान को लेकर कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार को कई तरह के विकल्प सुझाए थे।

# शाओमी ने 900 कर्मचारियों को जॉब से बाहर किया

## अमेरिका में 32 हजार टेक वर्कर्स की भी नौकरी गई

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। स्मार्टफोन बनाने वाली चीन की कपंनी शाओमी ने अपने 900 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी ने आर्थिक मंदी से निपटने के लिए अपने तीन प्रतिशत कर्मचारियों को कंपनी से बाहर करने का फैसला किया है। हालांकि शाओमी की ओर से अब तक इस बात की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि बीते कुछ महीनों में वैश्विक मंदी की आशंका के चलते दुनिया की कई बड़ी कंपनियों ने कर्मचारियों की छंटनी की है। इन कंपनियों में एपल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज टेक कंपनियां भी शामिल हैं। भारत में कारोबार कर रहे कंपनियों ने भी बीते कुछ महीनों के दौरान अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर किया है। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के कारण दुनिया की सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे पूरी दुनिया पर मंदी का खतरा मंडरा रहा है। दुनियाभर के लोग अभूतपूर्व महंगाई का सामना कर रहे हैं। महंगाई से निपटने के लिए भारत के रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया समेत दुनिया के कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दरों को बढ़ाने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निजी कंपनियों की सूचना उपलब्ध करवाने वाली कंपनियों के आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि बीते जुलाई तक अमेरिका में 32,000 से ज्यादा तकनीकी कामगार अपनी नौकरी से निकाले जा चुके हैं। कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने वाली कंपनियों में माइक्रोसॉफ्ट और मेटा (फेसबुक) जैसी कंपनियां भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्मार्टफोन निर्माता कंपनी शाओमी का राजस्व साल के दूसरे क्वार्टर में घटकर 70.2 बिलियन यूआन पर पहुंच गया है। पिछले साल के इसी महीने में कंपनी के राजस्व की तुलना में इसमें 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछली तिमाही की तुलना में इसमें भारी गिरावट देखने को मिली है। बताया जा रहा है इसे देखते हुए ही कंपनी ने अपने तीन प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी का फैसला किया है।

# अगस्त में 8% बढ़े कॉटन के दाम:कॉटन की कीमतों में गिरावट की संभावना कम, आखिर इसकी वजह क्या है?



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। शॉर्ट टर्म में डोमेस्टिक स्पॉट मार्केट में कॉटन का भाव 45,455 रु. से 47,500 रु. के दायरे में कारोबार करेगा। हालांकि कटाई के साथ भाव धीरे-धीरे कम होकर 40,000 रुपए के नीचे आ सकता हैं। उससे नीचे जाने पर कीमतें 35,000 रुपए प्रति गांठ के आस-पास पहुंच सकती है।ओरिगो ई मंडी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर (कमोडिटी रिसर्च) तरुण तत्संगी के मुताबिक आइस कॉटन में आई मजबूती के साथ ही देश में कपास उत्पादक इलाकों में भारी बारिश और कीड़ों की वजह से फसल खराब होने की खबरें है। इसी के चलते भारतीय हाजिर बाजार में कॉटन की कीमतों में 46,000 रुपए प्रति गांठ के ऊपर मजबूती देखने को मिली थी। अगस्त में अभी तक कॉटन की कीमतों में करीब 8% की तेजी आ चुकी है। लगातार बारिश का कपास की फसल पर निगेटिव असर पड़ा है और ऐसा लग रहा है कि कॉटन की कीमतों ने इस साल देश में अनुमानित ज्यादा फसल के आंकड़े को नजर अंदाज कर दिया है। पिछले एक पखवाड़े में आईसीई कॉटन दिसंबर वायदा का भाव 21% बढ़ चुका है और भाव ने पिछले हफ्ते की साप्ताहिक बंदी 116.01 सेंट प्रति पाउंड से पहले 8 हफ्ते की ऊंचाई 119.59 सेंट प्रति पाउंड को छू लिया था। तरुण तत्संगी कहते है कि अमेरिका में कपास की फसल और एंडिंग स्टॉक में तेज गिरावट की आशंका के चलते कीमतों में मजबूती देखने को मिली है। तरुण तत्संगी के मुताबिक अमेरिका में कपास की फसल कमजोर रहने के साथ ही भारतीय फसल के आंकड़ों के बारे में अनिश्चितता की वजह से शॉर्ट टर्म में कॉटन की कीमतों में भारी उठापटक का माहौल रहेगा। घरेलू बाजार में इस महीने के आखिर तक या अगले महीने की शुरुआती 15 दिन के भीतर बहुत कुछ स्पष्ट हो जाएगा। लेकिन अमेरिका में कपास की फसल ऐतिहासिक स्तर पर कमजोर रहने से ग्लोबल मार्केट पर इसका निश्चित रूप से निगेटिव असर पड़ेगा।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने निकासी समेत इन 17 बैंकों पर लगाए थे कई प्रतिबंध

## अब लोगों के पैसों का भुगतान करेगा डीआईसीजीसी

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। डिपॉजिट इंश्योरेंस और गारंटीड कॉर्पोरेशन अक्टूबर में 8 महाराष्ट्र के सहकारी बैंकों समेत कुल 17 बैंकों के ग्राहकों के पैसे का भुगतान करने वाला है। क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से इन सभी बैंकों पर निकासी से लेकर कई प्रतिबंध लगाए गए थे। आरबीआई की ओर से इन बैंकों पर जुलाई में वित्तीय समस्या के कारण रोक लगाया गया था। डीआईसीजीसी, भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो बैंक जमा पर 5 लाख रुपए तक का बीमा कवर प्रदान करती है। 17 सहकारी बैंकों में से आठ महाराष्ट्र, चार उत्तर प्रदेश, दो कर्नाटक और एक-एक नई दिल्ली, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में हैं। साहेबराव देशमुख सहकारी बैंक, सांगली सहकारी बैंक, रायगढ़ सहकारी बैंक, नासिक जिला गिरना सहकारी बैंक, साईबाबा जनता सहकारी बैंक, अंजनगांव सुरजी नगरी सहकारी बैंक, जयप्रकाश नारायण नगरी सहकारी बैंक और करमाला शहरी सहकारी बैंक हैं। लखनऊ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (सीतापुर), नेशनल अर्बन को-ऑप बैंक (बहरीच), और यूनाइटेड इंडिया कंपनी -ऑप बैंक (नगीना) हैं। श्री मल्लिकार्जुन पट्टाना सहकारी बैंक नियमिता (मस्की) और श्री शारदा महिला सहकारी बैंक (तुमकुर), रामगढ़िया को-ऑपरेटिव बैंक (नई दिल्ली), सूरी फ्रेंड्स यूनियन को-ऑप बैंक (बीरभूम, सूरी, पश्चिम बंगाल) और दुर्गा को-ऑप अर्बन बैंक (विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश) के पात्र जमाकर्ताओं को भी डीआईसीजीसी द्वारा अक्टूबर में भुगतान किया जाएगा। डीआईसीजीसी की ओर से जानकारी देते हुए कहा गया है कि पात्र जमाकर्ताओं को अपने जमा राशि का दावा करने के लिए वैध दस्तावेज, पहचान और लिखित सहमति होनी चाहिए, जो उनके जमा खातों में जमा राशि को अधिकतम 5 लाख रुपए तक प्राप्त करने के साथ-साथ वैकल्पिक बैंक खाते के विवरण की भी जानकारी हो।

# सेंसेक्स 872 अंक लुढ़का, निफ्टी 17500 नीचे, निवेशकों को 3.7 लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार (22 मार्च) को भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स 872 अंक टूटकर 58,774 अंकों पर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 268 अंकों की गिरावट दिखी। निफ्टी सोमवार को 17,491 के लेवल पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट के कारण आज निवेशकों को 3.7 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स लगभग 345 अंक फिसलकर 59,300 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 118 अंक गिरकर 17639 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। इससे पहले, वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बाद भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार (22 अगस्त 2022) को सुस्ती के संकेत मिले। ब्याज दरें बढ़ने की आशंका से शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में गिरावट नजर आई। डाऊ जोंस 300 अंक तो नैस्डैक 260 अंकों तक लुढ़का। बड़ी रैली के बाद बाजार में मुनाफावसूली दिखी। ग्रोथ सेक्टर के स्टॉक्स पर सबसे ज्यादा दबाव दिखा। वहीं एशियाई बाजारों में एसजीएक्स निफ्टी 75 अंक नीचे लुढ़क कर 17669 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। सोमवार को भारतीय बाजार में बैंकिंग, ऑटो, फाइनेंशियल सेवाओं, आईटी, मेटल, रियल्टी और फार्मा शेयरों में गिरवट देखने को मिली।

# सोना हुआ सस्ता, चांदी की चमक पड़ी फीकी

## देखें जीएसटी समेत गोल्ड-सिल्वर के लेटेस्ट रेट

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। आज सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आज यानी सोमवार को 24 कैरेट सोना 51550 रुपये पर खुला, जो शुक्रवार के बंद रेट से 252 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता है।वहीं, चांदी 715 रुपये गिरकर 55166 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4704 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 20842 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 51344 रुपये पर आ गई है। जबकि, 22 कैरेट 47220, 18 कैरेट 38663 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 30157 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1546 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 53096 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा यानी 5309 रुपये जोड़ने के बाद सोने का भाव 58406 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 56820 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें



ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 62503 रुपये में देगा। 24 कैरेट का सोना 22 या 18 कैरेट सोने से बहुत अधिक महंगा होता है। यह इतना मुलायम और लचीला होता है कि इससे गहने नहीं बनाए जा सकते। इसके अलावा 24 कैरेट गोल्ड का इस्तेमाल सिक्कों व बार बनाने और इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल डिवाइसेज में उपयोग किया जाता है। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 58406 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 48636 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 53500 रुपये का पड़ेगा। जहां तक 22 कैरेट सोने की बात है तो इसका अधिकतर उपयोग आभूषण बनाने में किया जाता है। क्योंकि, इस गोल्ड की बनी ज्वेलरी ज्यादा मजबूत बनती हैं। इसे 91.67 फीसद शुद्ध सोने के तौर पर जाना जाता है। इसमें दूसरी धातुएं जैसे ल्विर, जिंक, निकल और दूसरी मिश्रित धातुएं होती हैं। मिश्रित धातुओं के होने से यह कठोर बनता है और इसलिए इसे ज्वैलरी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 3 फीसद जीएसटी के साथ 39822 रुपये प्रति 10 ग्राम होगी। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 43805 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट सोने में 75 फीसद गोल्ड और 25 फीसद दूसरी धातुओं जैसे तांबा, चांदी मिला होता है। ऐसे सोने को स्टोन स्टडेड गहने बनाने और दूसरी डायमंड जुलरी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह 24 और 22 कैरेट के मुकाबले सस्ता व ज्यादा मजबूत होता है। इसका रंग हल्का पीला होता है। अब 14 कैरेट सोने का भाव जीएसटी के साथ यह 31061 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34167 रुपये का पड़ेगा। बता दें 14 कैरेट के सोने में 58.1 फीसद शुद्ध सोना और बाकी दूसरी धातुओं का मिश्रण होता है।

# साइबर फ्रॉड: व्हाट्सएप लिंक पर क्लिक करते ही बैंक अकाउंट हो गया हैक

## रिटायर टीचर से 21 लाख रुपए की ठगी

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। इन दिनों साइबर फ्रॉड के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। आंध्र प्रदेश में एक सेवानिवृत्त स्कूल शिक्षक के साथ एक व्हाट्सएप लिंक पर क्लिक करने करते ही 21 लाख रुपए की ठगी हो गई। पुलिस ने बताया कि रिटायर टीचर को व्हाट्सएप पर एक लिंक मिला था और उस लिंक पर क्लिक करने के बाद उनका बैंक अकाउंट हैक हो गया और उसके खाते से सारे पैसे चुरा लिए गए। अन्नामय्या जिले के मदनपल्ले शहर के रेडेप्पनईडू कॉलोनी की रहने वाली वरलक्ष्मी ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें लगातार एक संदेश मिल रहा था कि 'खाते से पैसा काट लिया गया है'। उन्होंने बैंक अधिकारियों से संपर्क किया तो पता चला कि उसका खाता हैक कर लिया गया था और उसके खाते से 21 लाख



रुपए निकाल लिए गए थे। रिटायर टीचर ने इसकी शिकायत साइबर सेल को की है। पुलिस ने एक और घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि बैंक खाता हैकिंग साइबर अपराधों के लिए आम हो चुका है। साइबर अपराधी व्हाट्सएप नंबरों के लिंक भेज रहे हैं और अकाउंट हैक कर रहे हैं और उनके जरिए पैसे निकाल रहे हैं। साइबर अपराधियों ने हाल ही में मदनपल्ले के एक सॉफ्टवेयर कर्मचारी ज्ञानप्रकाश के खाते से 12 लाख रुपए की चोरी की है। दो टाउन पुलिस ने शुक्रवार को इस घटना पर मामला दर्ज किया। वहीं हरियाणा के पंचकूला की एक गेमिंग कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ने हाल ही में साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि एक ऐप यूजर ने उनके साथ 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। हालांकि जैसे ही लेन-देन का पता चला, शिकायतकर्ता ने उपयोगकर्ता से बात की, जिसने पैसे देने से इनकार कर दिया और अपना फोन बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी का पता चलने के बाद, साइबर हेल्पलाइन 1930 पर एक शिकायत की गई थी। पीड़ित द्वारा 1930 को 'गोल्डन ऑवर्स' में तत्काल सूचना प्रदान करने के परिणामस्वरूप लेनदेन को फ्रीज करके धोखाधड़ी की राशि प्राप्त कर ली गई है। अगर आपके जानने में कोई ऐसी घटना हो जाती है तो नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर तुरंत कॉल करके शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इसके साथ ही लोकल पुलिस स्टेशन में जाकर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहीं साइबर सेल से भी संपर्क कर सकते हैं। साइबर अपराधों के लिए व्हाट्सऐप पर लिंक भेजकर ठगी करना आम हो चुका है। व्हाट्ऐऐप के आए लिंक पर क्लिक करने और पर्सनल डाटा शेयर करने से आपकी पूरी जानकारी चुरा ली जाती है, जिसके अपराधी आपके बैंक खाते में पहुंच बना लेते हैं और कुछ समय में पैसे अकाउंट से गायब हो जाते हैं। ऐसे में लोगों को किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। साथ ही किसी भी फ्रॉड वाले मैसेज पर भी क्लिक नहीं करना चाहिए। ओटीपी या कोई भी पर्सनल जानकारी किसी के साथ भी शेयर नहीं करनी चाहिए।



# राहुल गांधी के लिए फिर माहौल बनाने लगे कांग्रेसी

## गहलोत बोले- भावनाओं को समझें



जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव अगले एक महीने के दौरान होना है और अभी तक राहुल गांधी ने इस बारे में कोई सक्रियता नहीं दिखाई है। यही नहीं किसी और नेता ने भी अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के लिए अब दावेदारी नहीं जताई है। ऐसे में कांग्रेस के नए अध्यक्ष को लेकर पसोपेश बढ़ गई है। इस बीच कांग्रेस के एक वर्ग ने राहुल गांधी को ही फिर से पार्टी का अध्यक्ष बनाने के लिए माहौल तैयार करना शुरू कर दिया है। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि राहुल गांधी को देश भर के कांग्रेसियों की भावनाओं को समझना चाहिए और अध्यक्ष का पद स्वीकार कर लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पार्टी में एकतरफा राय राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के समर्थन में है। इसके साथ ही गहलोत से कहा कि अगर राहुल पार्टी के अध्यक्ष नहीं बनते हैं तो इससे कांग्रेसी निराश होंगे।पार्टी के नए अध्यक्ष को लेकर जारी अटकलों के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनना चाहिए। उन्होंने कहा,'राहुल गांधी अध्यक्ष नहीं बनते हैं तो इससे देश में कांग्रेस में निराशा आएगी। कई लोग घर बैठ जाएंगे और हम लोगों को तकलीफ होगी। उनको (राहुल गांधी) पूरे देश के आम कांग्रेसजनों की भावना समझते हुए यह पद स्वीकार करना चाहिए।'

राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की है एकतरफा मांग, करना चाहिए स्वीकार

गहलोत ने कहा कि पार्टी के भीतर भी एक राय राहुल गांधी को नया अध्यक्ष बनाने के पक्ष में है। उन्होंने कहा, 'एकतरफा राय उनके अध्यक्ष बनने के समर्थन में है तो मैं समझता हूं कि उन्हें इसे स्वीकार करना चाहिए।' उन्होंने कहा,' यह गांधी या गैर गांधी परिवार की बात नहीं है। यह तो संगठन का काम है कोई प्रधानमंत्री तो बन नहीं रहा।' इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'बीते 32 साल में इस परिवार का कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री या मुख्यमंत्री नहीं बना तो फिर (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी जी इस परिवार से डरते क्यों हैं, (दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद) केजरीवाल को कहना पड़ता है कि 75 साल में कुछ नहीं हुआ देश में। तो सब लोग कांग्रेस पर ही हमला क्यों करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी और देश का डीएनए एक है।'

**भाजपा से लेकर केजरीवाल तक इसलिए करते हैं कांग्रेस पर अटैक**

राजस्थान के सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने बीते 75 साल में देश में लोकतंत्र को जिंदा रखा है। उसकी बदौलत ही आज मोदी देश के प्रधानमंत्री व केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा,' कांग्रेस कहीं जाने वाली नहीं है। इस प्रकार की बातें कर उन्होंने कहा कि लोगों को गुमराह किया है। 75 साल में देश में कुछ नहीं हुआ। 75 साल में कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र को जिंदा रखा इसलिए इस देश में आज प्रधानमंत्री का नाम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री का नाम अरविंद केजरीवाल है। अगर लोकतंत्र नहीं होता तो ये प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कैसे बनते। यह देश को कांग्रेस की देन है।'

**गहलोत बोले- मोदी के लिए आसान नहीं होगा 2024 का चुनाव**

उन्होंने कहा, '2023 में होने वाला अगला चुनाव जीतेंगे फिर 2024 के चुनाव में मोदी के लिए आसान खेल नहीं है। लगता अभी उनको है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस प्रकार से उनकी खुद की घेराबंदी हो रही है और जिस प्रकार बिहार में नीतीश कुमार ने उनको झटका दिया है उसके बाद महंगाई व बेरोजगारी का मुद्दे को लेकर कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में किए गए आंदोलन से मोदी सरकार हिल चुकी है और 2024 में कुछ भी परिणाम हो सकते हैं।' गहलोत ने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है और पार्टी इसको लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाए रखेगी।

## राजस्थान में भारी बारिश, नाले में बहे पति-पत्नी



**उदयपुर में बाइक सवार दो युवक लापता; टोंक, बूंदी, कोटा में सड़कें बनीं नदियां**

जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी से आए डीप डिप्रेशन सिस्टम की आज राजस्थान के पूर्वी हिस्से में एंट्री हो गई। इसके कारण जयपुर, झालावाड़, कोटा, बूंदी, बारां, टोंक, दौसा, करौली, उदयपुर जिलों में तेज बारिश हुई। बारिश से सड़कें दरिया बन गईं, कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। जगह-जगह पानी भरने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ।

टोंक में बरसाती नाले में बहने से पति-पत्नी की मौत हो गई। खेत पर जाने के लिए दोनों नाला पार कर रहे थे। वहीं उदयपुर में बाइक से पुलिया पार कर रहे दो युवक बह गए। दोनों की तलाश की जा रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश कोटा शहर में हुई। यहां 9 इंच तक पानी बरसा, जिससे बाढ़ के हालात पैदा हो गए। प्रशासन ने स्कूल-कॉलेजों में छुट्टियां घोषित कर दी। जयपुर में भी रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक बरसात हुई।

इधर, मध्य प्रदेश (एमपी) में हो रही भारी बरसात से कालीसिंध, चंबल, परवन नदियां का जलस्तर बढ़ने से राजस्थान की टेंशन बढ़ गई। इन नदियों पर बने सभी बांधों के गेट खोल दिए हैं।

जल संसाधन विभाग के मुताबिक आज गांधी सागर के 8 गेट खोलकर चंबल में पानी छोड़ा गया, इस कारण राणा प्रताप सागर बांध के 6, जवाहर सागर के 7 और कोटा बैराज के 16 गेट खोले गए हैं। कोटा बैराज से 3 लाख 80 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे चंबल नदी से लगते गांवों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। कालीसिंध बांध के 10 गेट खोले गए, जिससे 1 लाख 46,843 क्यूसेक पानी, जबकि भीम सागर के 4 गेट खोलकर 14 हजार 400 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

मौसम केन्द्र जयपुर और जल संसाधन विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, झालावाड़, कोटा, बूंदी, बारां, टोंक, दौसा, करौली, उदयपुर जिलों के कई इलाकों में 2 से लेकर 9 इंच तक बरसात हुई। झालावाड़, कोटा में तो बाढ़ जैसे हालात हो गए। मौसम केंद्र जयपुर की मानें तो ये सिस्टम (डीप डिप्रेशन) धीरे-धीरे पश्चिम दिशा की ओर से बढ़ रहा है। संभावना है कि आज देर रात से या कल से जोधपुर, अजमेर संभाग के जिलों में भारी बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

## आईजी बोले-पूर्व विधायक के खिलाफ एक्शन लेंगे

### ज्ञानदेव आहूजा ने दिया था साम्प्रदायिक माहौल खराब करने वाला बयान



अलवर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। अलवर जिले के गोविंदगढ़ में हुई मॉब लिंचिंग की घटना के बाद पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने विवादित बयान दिया था। रामगढ़ से पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा के बयान को लेकर आईजी उमेश चंद्र दत्ता ने कहा कि उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

आईजी दत्ता ने कहा कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई करेंगे। पूर्व विधायक आहूजा ने गोविंदगढ़ में मॉब लिंचिंग की घटना के बाद कहा था कि हमारे लोगों ने पहले कई जनों को मारा है। मैंने कार्यकर्ताओं को खुली छूट दे रखी है। इसके बाद आहूजा के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।

**आईजी ने माना- अलवर में बढ़ा अपराध**

आईजी उमेश चंद्र दत्ता सोमवार को अलवर आए थे। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने अलवर में बढ़ते अपराध को लेकर कहा कि अपराध हुए हैं, लेकिन उनका खुलासा भी किया गया है। अब अलवर में किराएदारों का गंभीरता से वेरिफिकेशन कराया जाएगा। ताकि संदिग्ध लोगों के बारे में पता लगे।

उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की गैंग अलवर में सक्रिय हैं तो पुलिस भी सजग है। भिवाड़ी में एक्सिस बैंक डकैती के मामले में भिवाड़ी पुलिस ने अच्छी पड़ताल की है। गैंग को दूर के राज्यों से गिरफ्त में लिया है। कुछ रकम व अन्य माल भी बरामद किया है।

**कोतवाल सस्पेंड मामले में कहा- जांच चल रही**

बदमाशों की कार से मिले 50 लाख रुपए खुर्द-बुर्द करने की शिकायत पर सस्पेंड चल रहे पूर्व कोतवाल महेश शर्मा के मामले में कहा कि जांच चल रही है। अभी जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। जिला मुख्यालय पर जांच पूरी होने के बाद इस विषय पर जानकारी दी जा सकेगी। इस घटना में पत्रकारों के जुड़े होने का जिक्र एसपी कर चुकी हैं। आईजी ने कहा कि अभी जांच पूर्ण हुए बिना कुछ नहीं कहा जा सकता।

## टीचर ने पीटा तो 10वीं के स्टूडेंट ने जहर पिया

**पिता को फोन पर कहा-आज के बाद आप मेरा मुंह नहीं देखोगे**



श्रीगंगानगर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर स्कूल के छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ के रावला मंडी में कक्षा 10 के एक स्टूडेंट ने कीटनाशक पीकर जान देने की कोशिश की। छात्र के हवाले से कहा जा रहा है कि स्कूल में टीचर ने उसे बुरी तरह पीटा। कीटनाशक पीने से पहले छात्र गुरप्रीत सिंह ने अपने पिता निरंजन सिंह को फोन पर कहा कि टीचर ने उसे बहुत पीटा है। आज के बाद आप मेरा मुंह नहीं देखोगे। इसके बाद छात्र गुरप्रीत ने फोन काट दिया। छात्र के पिता निरंजन सिंह ने बताया कि गुरप्रीत रावला के BR पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं क्लास का स्टूडेंट है। बेटा सुबह स्कूल गया था, करीब 11 बजे वापस घर आ गया। इसके बाद कीटनाशक पीकर सुसाइड करने का प्रयास किया।

निरंजन सिंह ने कहा कि बच्चे का फोन आने के बाद पड़ोसियों ने कहा कि गुरप्रीत की हालत बिगड़ गई है। निरंजन सिंह घर पहुंचा, इससे पहले ही पड़ोसी गुरप्रीत को रावला के राजकीय चिकित्सालय भर्ती करा दिया था। सूचना के बाद तहसीलदार पृथ्वीराज मौर्य और एसआई जिया राम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। फिलहाल छात्र के बयान दर्ज किए गए हैं।

उधर बीआर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल में एग्जाम चल रहे हैं। गुरप्रीत एग्जाम देकर घर चला गया था। किसी भी टीचर ने गुरप्रीत को नहीं पीटा है। एसआई जिया राम हटिला ने कहा कि छात्र गुरप्रीत सिंह अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार-ट्रक की टक्कर में पति-पत्नी बेटी समेत 4 की मौत

### भिड़ंत के बाद कार के टुकड़े हुए, हाईवे पर लगा जाम



सीकर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल हाईवे संख्या-65 पर कार-ट्रक की टक्कर में पति-पत्नी और बेटी समेत चार की मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। हादसा सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना इलाके में आज सुबह 9 बजे के करीब हुआ।

ASI बाबू खान ने बताया कि कार हिसार से सालासर की तरफ आ रही थी। कार में कर्मवीर (35) पुत्र रणवीर, उनकी पत्नी रेणु (32), बेटी प्राची (2) और 5 साल का भतीजा कार्तिक सवार थे। नेशनल हाईवे संख्या 65 पर पेट्रोल पंप के पास कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर जबर्दस्त थी कि कार दो हिस्सों में बंट गई। हादसे में कार सवार चारों की मौत हो गई। मृतक हिसार के आजाद नगर के रहने वाले थे। कर्मवीर बाउंसर थे।

**हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार**

घटना के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। वहीं हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को हटवाकर रास्ता खुलवाया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी है।

## छात्रसंघ चुनाव के नामांकन के दौरान छात्रों पर लाठीचार्ज, दो उम्मीदवार घायल, अफसरों के सिर फटे



जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र और पुलिस आमने-सामने हो गई। छात्रसंघ चुनाव के लिए नामांकन के दौरान हंगामा हो गया। निर्दलीय उम्मीदवार निर्मल चौधरी के समर्थक राजस्थान यूनिवर्सिटी के अंदर घुसने लगे। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। उसके बाद छात्र भी पुलिस वालों से भिड़ गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निर्दलीय उम्मीदवार निर्मल चौधरी के समर्थक जेएलएन मार्ग पर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान वहां जाम लग गया। उसके बाद समर्थक मना करने के बावजूद राजस्थान यूनिवर्सिटी के अंदर घुसने लगे। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज में उम्मीदवार निर्मल चौधरी घायल हो गए।

आरोप है कि पुलिस ने निर्दलीय उम्मीदवार निर्मल चौधरी के समर्थकों की गाड़ियों के कांच तोड़ दिए। कई छात्र के शरीर में कांच घुस गया, जिससे वो घायल हो गए। लाठीचार्ज से आक्रोशित निर्मल के समर्थक गांधी नगर थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने वहां से भी छात्रों को खदेड़ दिया। लाठीचार्ज में 24 से अधिक दर्जन से ज्यादा छात्रों को चोट आई हैं। आरोप है कि निर्मल और उनकी बहन के साथ भी मारपीट की गई।

एबीवीपी समर्थकों पर भी लाठीचार्ज

उसके बाद एबीवीपी के प्रत्याशी नरेंद्र अपने समर्थकों के साथ राजस्थान यूनिवर्सिटी पहुंचे। कुछ ही देर में पुलिस और एबीवीपी के कार्यकर्ता भी आमने-सामने हो गए। पुलिस ने इस बार एबीवीपी पर लाठीचार्ज किया। इसमें एबीवीपी के प्रत्याशी नरेंद्र और उनके समर्थकों को गंभीर चोट आईं।

## पाकिस्तान में भूकंप, राजस्थान तक हिली धरती

### बीकानेर के बॉर्डर इलाके पुंगल और खाजूवाला में देर रात महसूस हुए झटके



जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के सीमावर्ती जिले बीकानेर में देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान का बहावलपुर रहा, जहां रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.1 रही। इसी वजह से भूकंप के झटके राजस्थान के बीकानेर तक आए। भूकंप के झटकों का असर पूरे बीकानेर जिले के बजाय सीमावर्ती क्षेत्र पर पुंगल, खाजूवाला तक सीमित रहा। भूकंप से अब तक किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

भारतीय समयानुसार भूकंप रविवार-सोमवार की रात करीब 2 बजकर 1 मिनट पर आया। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर अंदर था। भूकंप के केंद्र वाले बहावलपुर की बीकानेर से दूरी लगभग 236 किलोमीटर है। ऐसे में यहां हल्के झटके ही महसूस किए गए। मामूली असर बीकानेर के पुंगल, खाजूवाला और गंगानगर के रावला मंडी के आसपास देखा गया।

**6 की तीव्रता वाला भूकंप खतरनाक होता है**

भूगर्भ वैज्ञानिकों के मुताबिक, भूकंप की असली वजह टेक्टोनिकल प्लेटों में तेज हलचल होती है। इसके अलावा उल्का प्रभाव और ज्वालामुखी विस्फोट, माइन टेस्टिंग और न्यूक्लियर टेस्टिंग की वजह से भी भूकंप आते हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता मापी जाती है। इस स्केल पर 2.0 या 3.0 की तीव्रता का भूकंप हल्का होता है, जबकि 6 की तीव्रता का मतलब शक्तिशाली भूकंप होता है।

भूकंप की तीव्रता का अंदाजा उसके केंद्र (एपिसेंटर) से निकलने वाली ऊर्जा की तरंगों से लगाया जाता है। सैकड़ों किलोमीटर तक फैली इस लहर से कंपन होता है। धरती में दरारें तक पड़ जाती हैं। भूकंप का केंद्र कम गहराई पर हो तो इससे बाहर निकलने वाली ऊर्जा सतह के काफी करीब होती है, जिससे बड़ी तबाही होती है।

## जयपुर में परिचित ने किया महिला से रेप

### एक्सीडेंट होने पर डॉक्टर को दिखाने का उठाया फायदा, ब्लैकमेल कर ऐंठे 6 लाख



जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में परिचित युवक के महिला से रेप का मामला सामने आया है। महिला का एक्सीडेंट होने पर डॉक्टर को दिखाने ले जाने का फायदा उठाकर आरोपी ने उसे साथ दुष्कर्म किया। डरा-धमकाकर आरोपी दुष्कर्म करता रहा और बदनाम करने की धमकी देकर 6 लाख रुपए भी ऐंठ लिए। करधनी थाने में रविवार दोपहर पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है।

एसएचओ बनवारी लाल मीणा ने बताया कि निवारू रोड निवासी 35 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोपी सुरेन्द्र सिंह उसका परिचित है। करीब 7 साल पहले उसका एक्सीडेंट हो गया था। इलाज के लिए आने ले जाने वाला कोई नहीं था। इसलिए परिचित सुरेन्द्र सिंह ही उसे इलाज के लिए डॉक्टर के दिखाने लेकर जाता था।

आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर एक दिन सुरेन्द्र सिंह ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर अंजाम बुरा होने की धमकी दी। समाज में बदनामी के डर से चुप रही। जिसके बाद डरा-धमकाकर दुष्कर्म करता रहा। बदनाम करने की धमकी देकर करीब 6 लाख रुपए भी ऐंठ लिए।

## गहलोत बोले- अहसान नहीं, बुजुर्गों की सोशल सिक्योरिटी हमारी ड्यूटी

**मंत्री बोले- पेंशन, फ्री दवाई और अनाज देना रेवड़ी है तो हम बांटेंगे**

जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा- बुजुर्गों को सोशल सिक्योरिटी देना सरकार की ड्यूटी है। यह कोई अहसान नहीं है। दुनिया के कई मुल्कों में उन्हें वीकली पैसा मिलता है। हमारी सरकार करीब 1 करोड़ लोगों को पेंशन दे रही है। उसमें ज्यादातर बुजुर्ग हैं। पहले इनकी संख्या 27 लाख थी। दायरा बढ़ाकर ज्यादा लोगों को राहत देने के लिए हमने कई शर्तें हटा दीं हैं।

मैंने भारत सरकार और पीएम मोदी से मांग की है कि अपनी नीति में बदलाव करो। भारत सरकार 15-20 साल से पेंशन के 200-300 या 400 रुपए देती आ रही है। महंगाई के जमाने में ये क्या मायने रखते हैं ? राशि बढ़ाई जाए। हम तो 1000 रुपए देते हैं।

रविवार को गहलोत मानव सेवा ट्रस्ट की ओर से जयपुर के दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान संस्थान में हुए राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

गहलोत बोले- आज जिस बिल्डिंग में हम बैठें हैं, इसमें मजदूर का पसीना लगा है। उस मजदूर का जब शरीर साथ नहीं देता, तब उसकी पेंशन नहीं होती। न इतना धन इकट्ठा होता है, जिससे वह परिवार चला सके। उस पर क्या बीतती है, सोच सकते हैं। वो चिन्ता से घिरा रहता है। इसलिए सरकारों की ड्यूटी है कि उनकी सोशल सिक्योरिटी करे। ताकि वह आराम से जीवन जी सके।

उन्होंने कहा- महंगाई के हिसाब से महंगाई भत्ता भी मिलना चाहिए। कोरोना के बाद महंगाई और बढ़ गई है। महंगाई और बेरोजगारी दो मुद्दे देश के सामने हैं। महंगाई की मार ऐसी है कि घर चलाना मुश्किल हो गया है। दाल समेत हर चीज महंगी हो गई है। गहलोत ने रेलवे में बुजुर्गों को टिकट पर मिलने वाले कन्सेशन को बंद करने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा- रेलवे की छूट बुजुर्गों को नहीं मिल रही यह बहुत मार्मिक बात है। मैंने सोशल मीडिया पर आलोचना भी की।

# अग्रवाल सेवा दल-पित्ती ट्रस्ट द्वारा 100वां विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित









हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल सेवा दल-बदरी विशाल पन्ना लाल पित्ती ट्रस्ट द्वारा 100वां विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर अग्रवाल समाज की उर्दू गली, रिकाबगंज, चारमीनार, मुरलीनगर एवं चेलापुरा शाखा के सहयोग से पुराना कबूतरखाना स्थित श्री माहेश्वरी विद्यालय हाई स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें 388 से अधिक रोगियों ने लाभ लिया।

आज यहाँ सेवा दल के प्रचार प्रसार संयोजक अजित गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस शिविर में मेडिकवर अस्पताल हाई टेक सिटी के अस्थिरोग, सामान्य रोग, हृदय रोग, बाल रोग, ईएनटी रोग, लॉयन्स क्लब ऑफ सिकंदराबाद दंडू आई इंस्टीट्यूट के नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा नेत्रों की जांच की गई जिसमें 157 लोगों को चश्मे तथा 16 लोगों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए भेजा गया। अवसर पर दांतों की जाँय इवोक डेंटल केयर की डॉ.मनीता प्रसाद सेठ, जायसवाल अस्पताल मोती नगर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता, डॉ.गीता, डॉ. उर्वी अग्रवाल ने महिलाओं की जांच की। शिविर रक्तचाप, रैंडम ब्लड शुगर, बोन मिनरल डेंसिटी की निशुल्क जांच का लाभ लोगों ने लिया। ईसीजी तथा टूडी इको के निशुल्क परीक्षण की सुविधा प्रदान की गई। जरूरतमंद रोगियों को 15 दिन से एक माह की दवाई निशुल्क प्रदान की गयी।

कार्यक्रम में अग्रवाल सेवा दल के परामर्शदाता एवं बीपीपीटी के सीएमडी शरद बी. पित्ती, शिविर संयोजक प्रदीप अग्रवाल, संजय पंसारी और सुधीर गुप्ता सहित अग्रवाल सेवा दल के अजित गुप्ता, कैलाश केडिया, निखिल रानासरिया, सुरेन्द्र गोयल, उर्मिला अग्रवाल, अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ.दिलीप पंसारी, कोषाध्यक्ष राकेश जालान, स्थानीय सहयोगी अग्रवाल समाज उर्दूगली शाखा के अध्यक्ष शेष कुमार गोयल, रिकाबगंज शाखा के अध्यक्ष बजरंगलाल अग्रवाल भालवाले, चारमीनार शाखा के अध्यक्ष कमल कुमार गर्ग, मुरलीनगर शाखा के अध्यक्ष दिनेश केडिया, चेलापुरा शाखा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल सहित नवीन कुमार अग्रवाल, अचल गुप्ता, पंकज मित्तल, धीरज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अंकित संघी, जितेन्द्र मित्तल, सुनिल कुमार अग्रवाल, अशोक बंसल, राजेश बगाडिया, सीए विनोद जैन, नवीन कुमार अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, राहुल बगाडिया, तरुण तुलस्यान, राजेन्द्र भालवाले, विजय बांसवाले, शिव कुमार भालवाले, दिनेश अग्रवाल, सुनिल केडिया, महावीरलाल पित्ती, पवन चौधरी, डी.पी.अग्रवाल, उमेश गुप्ता, श्री माहेश्वरी विद्यालय हाई स्कूल के प्रतिनिधि श्याम सुन्दर बंग, एमआईएम डिविजन 32 पुरानापुल के सुन्नम राजमोहन सहित स्वयंसेवी जीतेन्द्र गोयल, निर्मला केडिया बबीता गर्ग, सुनैना नरसरिया, राधेश्याम बियानी, अग्र महिला मंच की दीपा गर्ग, अंजू गोयल, सरला अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, समाजसेवी गोपाल सिंह, राधेश्याम जालू, शंकर यादव, घनश्याम यादव सहित पित्ती लैमिनेसन के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाया।

# शहर को स्वच्छ रखने के लिए लोगों के सहयोग की जरूरत : चाहत बाजपेयी

## अतिरिक्त कलेक्टर ने किया जिला केंद्र की कई कॉलोनियों का दौरा



आसिफाबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला अपर कलेक्टर चाहत बाजपेयी ने कहा कि अगर शहर को स्वच्छ रखना है तो लोगों को उनका सहयोग करना चाहिए और कूड़ा-करकट को सड़कों पर नहीं फेंकना चाहिए। जिला केंद्र के बापूनगर, रावुलावाड़ा और बाजार वाडी क्षेत्रों में सोमवार की सुबह लोग सड़कों पर कूड़ा फेंकने के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए पैदल घूम रहे थे और उन्हें सड़कों पर कचरा न फेंकने की सलाह दी।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी अधिकारियों के साथ-साथ लोगों की भी है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग के बिना शहरी स्वच्छता संभव नहीं है। हर कोई कचरा ट्राली में कचरा डालना चाहिए। कई जगहों पर घरों के सामने कूड़ा-करकट देखा गया, नाले में तरह-तरह के सामान फेंके गए और अगर ऐसा हुआ तो मकान मालिकों को चेतावनी दी गई कि उनसे बकाया शुल्क वसूला जाएगा। अगर तब तक नहीं बदला तो घर का बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरी स्वच्छता लोगों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि कूड़ा उठाने वाले वाहन रोज आते हैं और किसी को भी सड़कों पर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। प्रति माह 30 रुपये प्रति घर देने का सुझाव दिया गया है। इस मौके पर कॉलोनियों में रह रहे लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस कार्यक्रम में पंचायत सचिव वामसी कृष्णा, रवि सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।




संगारेड्डी स्थित श्री आई माताजी मंदिर बडेर प्रांगण में ढगलाराम गेहलोत परिवार द्वारा आयोजित एक शाम माताजी के नाम का विशाल भजन संध्या में भोजनों की बौछार करते हुए सोनू महाराज। भजनों का आनंद लेते हुए भक्तगण।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा की विशेष बैठक आयोजित



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीतारामबाग स्थित जगन्नाथ मठ में अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिड़ंडी स्वामी श्रीनिवास व्रतधर जियर महाराज की अध्यक्षता मे विशेष बैठक आयोजित की गयी। आज जारी प्रेस विज्ञप्ति देते हुए अखिल भारत हिन्दु महासभा के राष्ट्रीय महा सचिव स्वामी कमलेश महाराज ने बताया कि वर्तमान की राजनीति की परिस्थितियों पर समीक्षा करने हेतु बैठक रखी गयी। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिड़ंडी स्वामी ने बताया की स्वतंत्रता सैनानी, अखंड हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना के लिए लड़ने वाले वीर योद्धा श्री वीर सावरकर द्वारा स्थापित अखिल भारत हिन्दु महासभा को समर्थन करने का अवसर अब वापस आया है। त्रिड़ंडी जियरस्वामी ने सभी सनातनी एवं अखंड हिन्दु राष्ट्र के इच्छुक सभी हिन्दु महासभा से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर त्रिड़ंडी श्रीनिवास जीयर स्वामी, स्वामी कमलेश महाराज, रवि कुमार जैन, रिद्धिश जागीरदार, द्वारकाप्रसाद शर्मा, राजेश अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित रहे।



श्री गंगापरमेश्वरी, पंचलिंगेश्वर स्वामी मंदिर, सब्जी मंडी, जियागुडा में दक्षिण भारत के अंतिम श्रावण सोमवार के अवसर पर पूजा अर्चना करते हुए पंडित महेश कुमार, भक्त किशर कुमार, साई कुमार, नरेश, अनिता, भूमीका, अनुसूयम्मा व अन्य।

# पर्यूषण पर्व पर नवकार महामंत्र के अखंड जाप राज राजेश्वरी गार्डन में

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आचार्य श्री महाश्रमणजी की विदुषी सुशिष्या साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी के सानिध्य में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा सिकंदराबाद के द्वारा पर्युषण के दौरान सप्त दिवसीय नवकार महामंत्र के अखंड जाप का आयोजन श्री राज राजेश्वरी गार्डन, डायमंड प्वाइंट मे 24 अगस्त की सुबह 6:00 बजे से आयोजन किया जाएगा, जो निर्बाध रूप से 30 अगस्त रात्रि 12 बजे बजे तक निरन्तर चलेगा। सुबह 6 बजे से रात्रि 7 बजे तक महिलाओं का जाप एवं शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक पुरुषों का जाप रहेगा। प्रतिदिन जाप व्यवस्थित रूप से चल सके इस हेतु नगर में प्रवासित अलग अलग गांवों, शहरों के प्रवासियों को ये जिम्मेदारी दी गई है। 24 अगस्त को सरदारशहर,मोमासर, आडसर, गगानगर, पीलीबंगा के श्रावक श्राविकाए जाप करेंगे। इसी तरह 25 को मारवाड़, मेवाड़ प्रवासीगण, 26 को बीकानेर, गंगाशहर, उदासर, भीनासर,नोखा, नाल, देशनोक, रासीसर के प्रवासी, 27 को बिदासर, राजगढ़, तारानगर, सांडवा, उड़ीसा के प्रवासी गण, 28 को राजलदेसर, श्री डूंगरगढ़, रतनगढ़, नोहर, भादरा, सिरसा, लुनियावास के प्रवासीयो का, 29 तारीख को सुजानगढ़, छापर, चाडवास, पडियारा, टमकोर, चूरू के प्रवासीयो का, 30 तारीख को लाडनू, कालू, लूणकरणसर, छोटी खाटू, फतेहपुर, हनुमानगढ़, रामगढ़ के प्रवासी गण जाप में सहभागिता करेंगे। जाप 30 अगस्त को रात्रि 12:00 बजे समाप्त होगा। जाप को व्यवस्थित रूप ने चलने हेतु संयोजक के रूप में संपतमल गोलछा, महेन्द्र दुगड़, लक्ष्मीपत बेद, प्रकाश दफ्तरी, वीरेंद्र घोसल, नीरज सुराणा, पुनीत दुगड़, अर्हम बेंगानी, रीटा सुराणा, शकुंतला बुच्चा, मंजू बेद को नियुक्त किए गए है।

# माँ सुसवाणी का विशाल जागरण 2 अक्तूबर को, हुई बैठक



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। माँ सुसवाणी सेवा समिति की कार्यसमिति की बैठक उगमराज जी सुराना की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। माँ सुसवाणी सेवा समिति अध्यक्ष और माँ सुसवाणी सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन उगमराज सुराणा ने मीटिंग में पधारे सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस वर्ष नवरात्रि में माँ सुसवाणी का विशाल एवं भव्य जागरण (भक्ति) 02 अक्तूबर को माँ सुसवाणी मंदिर के निर्माण स्थल पर करने का निर्णय लिया गया है। इस भव्य जागरण (भक्ति) के प्रधान संयोजक पारस सुराणा और जय सिंह सुराणा को मनोनीत किया गया। साथ ही संयोजक सज्जन सुराणा, विमल दुगड़, स्नेह दुगड़, निलेश सुराणा और सुरेंदर सुराणा को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष उगमराज ने सभी को मंदिर निर्माण का सम्पूर्ण प्लान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में उपाध्यक्ष पारस सुराणा, सहमंत्री सुरेश सुराणा, सज्जन सुराणा, संगठन मंत्री सुरेंद्र सुराणा, महावीर सुराणा, नीलेश सुराणा, विमल दुगड़, स्नेह दुगड़ आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समिति के मंत्री मुकेश सुराणा ने आभार ज्ञापन किया।

# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा पुस्तक वितरित



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा पुस्तकें वितरित की गई। शाखा मंत्री शीतल जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शाखा अध्यक्षा रक्षा जैन की अध्यक्षता में आंध्रप्रदेश तेलंगाना प्रांत का प्रतिष्ठित कार्यक्रम पुस्तक (नोटबुक) वितरण के अन्तर्गत बालमराय स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया की तर्ज पर सरकारी स्कूल के 155 जरूरतमंद बच्चों को नोटबुक, पेन, पेंसिल, कलर इत्यादि लेखन सामग्री एवं चॉकलेट वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नोटबुक में सहयोगी दानदाता श्रीमान अनुराग डागा का स्वागत प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश एम जैन ने शाल एवं माला द्वारा स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मीना जैन, वंदना दुग्गड, कविता मांडण, संतोष गुजरानी, ललिता लोहार, सरोज माली, रतन जैन, सोनल जैन, ममता जैन, प्रियंका जैन, सरिता शर्मा,अर्चना गांधी,सिद्धी बोहरा,का सराहनीय योगदान रहा। शाखा की कोषाध्यक्ष कला गांधी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अग्रणी महिला मंच ने की श्री कृष्ण बाललीला एवं गणेश उत्सव पर बैठक



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रणी महिला मंच ने श्री कृष्ण बाललीला एवं गणेश उत्सव पर बैठक की।

मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया ने उक्त जानकारी देते हुए कहा सर्वप्रथम सभा का स्वागत रूपा गुप्ता द्वारा किया गया। सर्वसम्हति से निर्णय लिया गया कि श्री कृष्ण बाल लीला एवं गणेश जन्मोत्सव 29 अगस्त को लोवर टैंक बंद स्थित जगदीश मंदिर में किया जाएगा।

प्रतियोगिताओं के तहत फांसी ड्रेस, भजन अंताक्षरी, छोटे छोटे बच्चों लड़के लड़कियां 1 साल से 8 साल के बच्चे राधा कृष्ण बैश भूषा में के त्यार होके आए। महिलाओं को राधा, यशोदा आदि बेशभूषा में तैयार होकर आए। सभा में बबिता गर्ग, रितु गर्ग, वंदना पंचारिया, सुनयना नरसरिया, टीना खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, रूपा गुप्ता, प्रीति गोयल, सोनिया गोयल, अन्नू अग्रवाल, पायल अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, रितु गोयल, स्मिता शाह, सुमन पांडेय, निधि अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने की आवश्यकता : डॉ. एसके झा

## डॉ. उषा रानी राव ग्यारहवाँ साहित्य गरिमा पुरस्कार से सम्मानित



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साहित्य गरिमा पुरस्कार समिति द्वारा ग्यारहवाँ साहित्य गरिमा पुरस्कार-2019 समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें में डॉ. उषारानी राव को ग्यारहवाँ साहित्य गरिमा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एसके झा (चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, मिधानी) एवं मंचासीन अतिथियों के करकमलो से सत्र का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सुश्री शुभ्रा महंतो की वंदना के साथ समारोह का आरम्भ हुआ। संस्थापक अध्यक्ष डॉ अहिल्या मिश्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गौरवनीय अतिथि डॉ. शुभदा वांजपे, (पूर्व विभागाध्यक्ष, उस्मानिया विश्वविद्यालय), विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती शांति अग्रवाल (कथाकार), सम्माननीय अतिथि श्रीमती अनुराधा रेड्डी (अध्यक्ष, हरित सोसाइटी एवं समाजसेवी) प्रबंधन्यासी मानवेन्द्र मिश्र (उद्योगपति एवं समाजसेवी) मंचासीन रहे तथा डॉ. उषारानी राव का सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ कि साहित्य से हमारा लगाव हो रहा है। आज की शिक्षा में मानवीय मूल्यों की कमी देखने को मिलती है। युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने की आवश्यकता है। डॉ. शुभदा वांजपे ने कहा कि-कविता में केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि प्रेम और समता का सन्देश भी होना चाहिए। डॉ. उषा रानी राव ने पुरस्कृत पुस्तक की सृजन प्रक्रिया के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किये।

# श्रवण मास पर बसवा ज्योति कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्रवण मास पर बसवा ज्योति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विशिष्ट समाजसेवी नंदकिशोर व्यास बिलाल ने भाग लिया तथा गुरुजी आनंद स्वामी जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर साथ में लिंगायत समाज के अध्यक्ष विजय कुमार, युवा अध्यक्ष संजू कोलार, लिंगायत समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति, टीआरएस पार्टी के नेता ईशा, अनिल राज, पुष्पा, रेणुका और अन्य ने मुख्य अतिथि श्री बिलाल का सम्मान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी में अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर तेलंगाना राज्य से चुनी गईं गोशामहल क्षेत्र की एक लड़की बी.कल्याणी का सम्मान भी किया गया।

# आदर्श विद्यालय में भव्य वज्रोत्सव समारोह का समापन कार्यक्रम



आसिफाबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्राचार्य अब्दुल खलील ने बताया कि स्वतंत्र भारत वज्रोतव समारोह का समापन कार्यक्रम जिला केंद्र स्थित तेलंगाना आदर्श स्कूल में भव्य तरीके से आयोजित किया गया। समारोह के तहत सुबह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न स्वतंत्र सेनानियों की वेशभूषा में लगभग 30 छात्रों ने भाग लिया।दोपहर में नृत्य प्रतियोगिता व गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पिछले सप्ताह आयोजित निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।प्राचार्य ने कहा कि ये उपहार लायंस क्लब के तत्वावधान में दिए गए। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष नामपल्ली शंकर, लायंस क्लब के प्रतिनिधि कोटा वेंकन्ना, रमना रेड्डी, पोचैया, पुल्लुरी शंकर और स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।

# ज्योतिबा फूले गुरुकुल पाठशाला की समस्याओं का समाधान करें : डॉ. रमेश

आसिफाबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश ने सोमवार को बीसी वेलफेयर एसोसिएशन के नेताओं के साथ गुरुकुल पाठशाला का दौरा किया और कहा कि स्कूल और बेंच, बेड और बाथरूम में उचित स्तर के साथ-साथ सड़क पर भी उचित मेनू का पालन किया जाए।अधिकारियों से मांग की कि छात्रों को तुरंत जवाब देना चाहिए और उचित उपाय करना चाहिए कि रात के समय सुविधाओं या जनरेटर सुविधा या छात्रों को परेशानी हो रही है। अन्यथा उन्होंने चेतावनी दी कि बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। उनके साथ बीसी युवा संघ जिला भी था अध्यक्ष अविदुपु प्रणई, रायथू अध्यक्ष मारुति पटेल, युवा संघ संभाग के अध्यक्ष बोट्टुपल्ली प्रशांत नायक आलम, प्रशांत, जंजीराला प्रणीत और अन्य उपस्थित थे।



बोडउप्पल स्थित बोल्लीगुडम मे श्री बाबोसा भगवान की मूर्ति स्थापना, महाभिषेक एवं जागरण कार्यक्रम में उपस्थित परम् अराधिका मंजु बाईसा, आयोजक राजुदास, कन्हैयालाल वैष्णव, समाज बन्धु व भक्तगण।






# न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत

## वेस्टइंडीज में पहली बार वनडे सीरीज जीते

## डिसाइडर मैच 5 विकेट से अपने नाम किया

ब्रिजटाउन, 22 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने ब्रिजटाउन के मैदान पर सोमवार को ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उसने 3 मैचों की वनडे सीरीज के निर्णायक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया है।

कीवियों ने पहली बार वेस्टइंडीज में वनडे सीरीज 2-1 जीती है। इससे पहले उसे कैरेबियाई सरजमीं पर पराजय का सामना करना पड़ा है। इस मैच से पहले तक सीरीज 1-1 की बराबरी पर थी।

डिसाइडर मैच में मेजबानों ने पहले खेलते हुए 301/8 रन का स्कोर खड़ा किया। मेहमान टीम ने टॉम लॉथन की लीडरशिप में 47.1 ओवर में 5 विकेट पर 307 रन बनाते




हुए वेस्टइंडीज में पहली बार द्विपक्षीय अपने नाम कर ली।

**मेयर्स का शतक, पूरन ने 55 गेंद पर 91 रन**

शाई होप (51) और काइल मेयर्स (105) ने वेस्टइंडीज ने जबर्दस्त शुरुआत दिलाई। दोनों 173 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। मेयर्स अपने वनडे करियर का दूसरा शतक जमाने के बाद लॉकी फर्ग्यूसन का शिकार बने।

उनके बाद कप्तान निकोलस पूरन ने 55 गेंदों पर 91 रनों की आक्रामक पारी खेली। पूरन ने 4 चौके और 9 छक्के जड़े। शेष बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। ट्रेंट बोल्ड ने 3 विकेट चटकाए। मिचेल सेंटनर को दो विकेट मिले।

कीवियों की ओर से गुप्टिल (57) और कॉनवे (56) ने दूसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। वहीं, लैथम (69), मिचेल (63) और नीशम (35*) ने जीत में अहम योगदान दिया।




**वेस्टइंडीज ने घर में चारों सीरीज जीतीं हैं**

वेस्टइंडीज ने अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ चारों वनडे सीरीज अपने नाम की हैं। दोनों देशों के बीच सबसे पहले 1985 में सीरीज खेली गई थी। जिसे कैरेबियाई टीम ने 5-0 से जीता था। फिर 1996 में 3-2 से, साल 2002 में 3-1 से और 2012 में 4-1 से वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज अपने नाम की थी।

# भारतीय फुटबॉल की बहाली का रास्ता खुला

## सुप्रीम कोर्ट ने भंग की सीओए ; एक्टिंग जनरल सेक्रेट्री को सौंपा एआइएफएफ का जिम्मा

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय फुटबॉल महासंघ के मामलों पर सुनवाई करते हुए प्रशासकों की समिति (सीओए) को भंग कर दिया है। उसने कहा है कि सीओए आगामी आदेश तक एआइएफएफ के मामलों में हस्ताक्षेप नहीं करेगी। इतना ही नहीं, शीर्ष न्यायालय ने भारत सरकार की मांग पर महासंघ के संचालन का जिम्मा एआइएफएफ एडमिनिस्ट्रेशन को सौंपा है, जिसकी अगुआई एक्टिंग सेकेट्री जनरल कर रहे हैं।




कोर्ट ने भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) की दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया है, जिसमें कार्यों के संचालन के लिए 3 सदस्यीय समिति के गठन का आदेश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि, भारतीय संघ पर लगा फीफा का सस्पेंशन रद्द हो और भारत में अंडर -17 महिला फीफा विश्व कप आयोजित हो सके। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भारत की टीमों को खेलने की अनुमित मिले।

भारतीय फुटबॉल के बहाली की राह खुली

कोर्ट के इस फैसले से भारतीय फुटबॉल महासंघ के बहाली की राह खुल गई है। क्योंकि, थोड़ी देर पहले फीफा ने कहा था कि एआइएफएफ की प्रशासकों की एक समिति (CoA) गठित करने के आदेश के निरस्त होने और एडमिनिस्ट्रेशन के महासंघ के पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के बाद निलंबन हटा लिया जाएगा।

सस्पेंशन का असर

जब तक भारतीय संघ सस्पेंड रहेगा तब तक भारतीय टीमें अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। साथ ही कोई भी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय लीग में हिस्सा नहीं ले पाएगा।

कोर्ट ने एआइएफएफ संचालन के लिए प्रशासकों की समिति सीओए के गठन का फैसला दिया था और समिति कोर्ट के निर्देश पर अपने मुताबिक चुनाव करने लगी। इसमें कुछ पूर्व प्रमुख खिलाड़ियों से वोट कराने का फैसला लिया गया।

# भारत ने 13 रन से जीता मुकाबला

## वनडे सीरीज में छठी बार जिम्बाब्वे का सूपड़ा साफ किया

**हरारे, 22 अगस्त (एजेंसियां)।** भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरा वनडे मुकाबला 13 रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही केएल राहुल की कप्तानी में टीम इंडिया ने वनडे सीरीज 3-0 अपने नाम कर ली। आखिरी वनडे में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 289 रन बनाए थे। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 49.3 ओवर में 276 रन ही बना पाई। जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा ने 95 गेंद में 115 रन की शानदार पारी खेली। एक समय ऐसा लगा कि वो अपनी टीम को मुकाबला जीता देंगे, लेकिन शार्दूल ठाकुर की गेंद पर शुभमन गिल ने शानदार कैच पकड़ा और उनकी पारी खत्म कर दी। आवेश खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। दीपक चाहर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव के खाते में 2-2 विकेट आए।

टीम इंडिया के लिए मैच में सबसे ज्यादा रन शुभमन गिल के बल्ले से निकले। उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर का पहला शतक जड़ा। पंजाब के इस बल्लेबाज ने 97 गेंद में 130 रन बनाए। वहीं, ईशान किशन ने भी अपने वनडे करियर की दूसरी फिफ्टी लगाई। ब्रैड एवंस ने शानदार गेंदबाजी की और जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके।

**जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड बराबर**

सीरीज में 3-0 की जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पाकिस्तान के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अब तक 62 मैच खेले हैं और उन्हें 54 मुकाबलों में जीत मिली है। इस जीत के साथ भारत ने भी जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे में 54 जीत हासिल कर ली है।

**ब्रैड एवंस ने शानदार गेंदबाजी की और भारत के 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।**

ब्रैड एवंस ने शानदार गेंदबाजी की और भारत के 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।

जिम्बाब्वे की पारी के मोमेंट्स

दीपक चाहर ने जिम्बाब्वे को पहला झटका दिया।

उन्होंने इनोसेंट काइया को 6 रन बनाने के बाद LBW आउट कर दिया।

अक्षर पटेल ने मैच का बड़ा विकेट अपने नाम किया। उन्होंने जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज शॉन विलियम्स को 45 रन पर LBW आउट किया।

आवेश खान ने जिम्बाब्वे को तीसरा झटका दिया। टोनी मुनयोंगा अच्छे से सेट होकर खेलकर रहे थे। वो आवेश की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने गए और यहीं उनसे गलती हुई और वो केएल राहुल को कैच दे बैठे।

जिम्बाब्वे के कप्तान चकाब्वा का विकेट अक्षर पटेल ने लिया। उन्होंने 27 गेंद का सामना किया और 16 रन बनाए।

कुलदीप यादव ने काइटानो को स्टंप आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। वो 12 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, लेकिन जब दोबारा बल्लेबाजी करने आए तो सिर्फ 1 रन और जोड़कर पवेलियन लौट गए।

धवन ने तीसरे वनडे में 40 रन की पारी खेली।

**धवन ने तीसरे वनडे में 40 रन की पारी खेली।**

**भारतीय पारी के मोमेंट्स**

शुभमन गिल ने अपने वनडे करियर का पहला शतक बनाने के लिए 82 गेंद का सामना किया।



ईशान किशन 50 रन बनाकर रनआउट हुए। ये उनके वनडे करियर की दूसरी फिफ्टी रही।

ईशान के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए दीपक हुड्डा कुछ कमाल नहीं कर पाए और सिर्फ 1 रन बनाकर ब्रैड एवंस का शिकार बने।

ब्रैड एवंस ने टीम इंडिया को पहला झटका दिया। पूरी तरह से सेट हो चुके कप्तान केएल राहुल को उन्होंने 30 रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड कर दिया। धवन और राहुल के बीच पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई।

ब्रैड एवंस ने केएल राहुल के बाद शिखर धवन को भी अपना शिकार बनाया।

गब्बर 40 रन बनाने के बाद शॉन विलियम्स को एक आसान सा कैच दे बैठे।

# प्रज्ञानानंद ने मैग्नस कॉर्लसन को फिर हराया

## साल में तीसरी जीत हासिल की क्रिप्टो कप में दूसरे नंबर पर रहे

मियामी, 22 अगस्त (एजेंसियां)। 17 साल के चेस खिलाड़ी रामबाबू प्रज्ञानानंद ने एक बार फिर 5 बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराया है। इस बार मंच था FTX क्रिप्टो कप का। चेन्नई के खिलाड़ी ने 4-2 की जीत हासिल की। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने इस साल तीसरी बार वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी कार्लसन को हराया है।

प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन से लगातार 3 बाजियां जीती। जिनमें टाईब्रेक की 2 बाजियां भी शामिल हैं। कार्लसन पर जीत के बावजूद वे अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहे। नार्वे के कार्लसन ने सर्वाधिक अंक हासिल करके खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कुल 16 अंक हासिल किए। जबकि प्रज्ञानानंदा ने 15 अंकों के साथ अपने अभियान का अंत किया।



प्रज्ञानानंदा इस साल बेहतरीन फॉर्म में हैं। वे चेन्नई में हुए शतरंज ओलंपियाड की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट भारत-बी का हिस्सा थे।

कार्लसन बोले- मैंने खराब खेला

मैच के बाद कार्लसन ने कहा कि मैंने खराब खेल दिखाया। लेकिन वह परिणाम हासिल किया। जिसका मैं हकदार था। हारना कभी अच्छा नहीं होता, लेकिन यह उतना ही अच्छा समय है। जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने कहा कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकता था। दूसरा स्थान भी अच्छा है।

कार्लसन-प्रज्ञानानंदा मैच की पहली दो बाजियां ड्रॉ रही। विश्व चैंपियन ने तीसरी बाजी जीती। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और चौथी बाजी जीतकर मुकाबले को टाईब्रेकर तक खींच दिया। फिर भारतीय खिलाड़ी ने टाईब्रेकर में दोनों बाजियां जीतकर कार्लसन को चौंका दिया।

ऐसा रहा सफल

प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा पर जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। फिर अनीश गिरी और लेवोन आरोनियन को भी हराया।

अंतिम दौर के अन्य मुकाबलों में फिरोजा ने आरोनियन को 2.5-1.5 से, क्वांग लीम ले (चीन) ने हैंस नीमन को और पोलैंड के जान क्रिजस्टोफ ने अनीश गिरी को 2.5-0.5 से हराया।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप

## पहले दौर में लक्ष्य सेन जीते, प्रणीत को मिली हार, पोनप्पा-सिक्की रेड्डी की जोड़ी जीती

टोक्यो, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य सेन का सुनहरा सफर जारी है। उन्होंने विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले दौर में आसान जीत हासिल की। वहीं, उनके साथी बी साई प्रणीत को हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य ने पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश पाने के लिए डेनमार्क के हैंस-क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगस को सीधे गेम में हरा दिया। लक्ष्य ने विटिंगस पर 21-12, 21-11 से जीत हासिल की। लक्ष्य पिछले साल इस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतने में सफल रहे थे।

बी साई प्रणीत की बात करें तो तीन गेम तक चले मुकाबले में उन्हें दुनिया के चौथे नंबर के खिलाफ चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन ने हरा दिया। प्रणीत ने 2019 में कांस्य पदक अपने नाम किया था। उन्होंने पहले गेम में 15-21 से हारने के बाद दूसरे गेम में शानदार वापसी की और उसे 21-15 से अपने नाम कर लिया। तीसरे गेम में प्रणीत ने शुरुआत तो बेहतरीन तरीके से की, लेकिन वह उसे जीत नहीं पाए। चाउ तिएन चेन ने तीसरे गेम में 21-15 से अपने नाम कर लिया। इस तरह प्रणीत 15-21 21-15 15-21 से मैच हार गए।



अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी ने की शानदार शुरुआत

महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी ने मालदीव की अमीनाथ नबीहा अब्दुल रज्जाक और फातिमथ नबाहा अब्दुल रज्जाक की जोड़ी को 21-7, 21-9 से हरा दिया। दोनों ने महिला युगल के दूसरे दौर में अपना स्थान पक्का किया। अश्विनी और सिक्की का दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन किंग चेन और जिया यी फान की जोड़ी से मुकाबला होगा।

मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ईशान भटनागर ने जर्मन जोड़ी पैट्रिक स्कील और फ्रांजिस्का वोल्कमैन को 29 मिनट में 21-13, 21-13 से हराकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय जोड़ी अगले दौर में थाईलैंड की 14वीं वरीयता प्राप्त सुपक जोमकोह और सुपिसारा पावसमप्रान की जोड़ी से भिड़ेगी।

# एशियाई चैम्पियनशिप

## मीराबाई, जेरेमी और अचिंत एशियन चैंपियनशिप से बाहर, ट्रेनिंग के लिए जाएंगे अमेरिका

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मीराबाई चानू, लालरिनुंगा जेरेमी और अचिंत श्यूली सहित कई सीनियर भारोत्तोलक छह से 16 अक्तूबर तक बहरीन में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे। विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप की तैयारी के लिए टोक्यो ओलंपिक की रजत विजेता मीराबाई सहित अन्य सात सीनियर भारोत्तोलक मंगलवार को अमेरिका में प्रशिक्षण लेने के लिए जाएंगे। सेंट लुईस में यह शिविर करीब 24 दिन का होगा।



विश्व चैंपियनशिप पांच से 16 दिसंबर तक बॉगोटा कॉलंबिया में होगी। कोच विजय शर्मा ने बताया अमेरिका मीराबाई के अलावा अचिंत, जेरेमी, संकेत सरगर, बिंदियारानी देवी, गुरदीप सिंह, आरवी राहुल, झिल्ली दलाबेहरा जाएंगे। वहीं, राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान चोटिल हुए संकेत वहां पर डॉ. आरोन हॉर्शिंग से अपनी कोहनी का इलाज करवाएंगे। गुरदीप की कलाई में चोट है।

कोच शर्मा ने बताया कि हमारा फोकस विश्व चैंपियनशिप पर है। इसलिए एशियन चैंपियनशिप में बी टीम को भेजेंगे। दरअसल विश्व चैंपियनशिप के जरिये भारोत्तोलक सीधे 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर जाएंगे।

# महामुकाबले से पहले दिग्गज क्रिकेटर्स से ट्रेनिंग ले रहे पाकिस्तानी

इस्लामाबाद, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान की टीम इन दिनों भारत के खिलाफ एशिया कप में 28 अगस्त को होने वाले महामुकाबले की तैयारियों में जुटी हुई है। टीम दुबई में होने जा रहे महामुकाबले के लिए दिग्गज क्रिकेटर्स से ट्रेनिंग ले रही है। क्रिकेट एक्सपर्ट्स बताते हैं कि पाकिस्तान के खिलाड़ी नीदरलैंड्स के खिलाफ सीरीज को नेट प्रैक्टिस की तरह ले रहे हैं। इस सीरीज के जरिए टीम एशिया कप में होने जा रहे इस महामुकाबले की तैयारी करेगी।

दूसरी ओर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा कह रहे हैं कि वे इस मुकाबले को एक सामान्य क्रिकेट मैच की तरह देखते हैं। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के दो बार भिड़ने की उम्मीद है। ग्रुप स्टेज बाद अगर दोनों टीमें टॉप पर रहती हैं तो सुपर-4 में भी आमने-सामने होंगी।

स्पोर्ट्स एनालिस्ट अफजल जावेद ने कहा- 'पाक टीम एशिया कप के सभी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है, लेकिन उनका मुख्य फोकस भारत के खिलाफ मैच पर है। भारत की चुनौती से निपटने के लिए पाक खिलाड़ियों ने सीनियर खिलाड़ियों से टिप्स लिए हैं। खिलाड़ियों ने पाक टीम के कैंप का दौरा किया।

इस प्रमुख मैच में अच्छे प्रदर्शन को लेकर हर खिलाड़ी नर्वस है। भारत के खिलाफ खेलने का हमेशा दबाव होता है। इसलिए खिलाड़ी नीदरलैंड्स के खिलाफ अच्छा खेल दिखाकर तैयारी मजबूत कर रहे हैं।' उनका कहना है कि भारत के साथ मैच पाकिस्तान के लिए असली परीक्षा होगी।

दोनों टीमों के तेज गेंदबाज चोटिल

इस महामुकाबले से पहले दोनों ही टीमों के मेन बॉलर चोटिल हो गए हैं। भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोट के कारण इस मल्टी नेशन टूर्नामेंट से बाहर हैं। तो पाकिस्तानी स्टार शाहीन अफरीदी घुटने की चोट के कारण पाक टीम का हिस्सा नहीं हैं।

# नंबर एक मेदवेदव को हरा सितसिपास दो साल में पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे



मैसन, 22 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को सिनसिनाटी ओपन सेमीफाइनल में चार नंबर के खिलाड़ी यूनान के स्टेफानोस सितसिपास से 6-7, 6-3, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य सेमीफाइनल में 152वीं रैंक के क्रोएशिया के बॉर्ना कॉरिक ने विश्व के नंबर 9 खिलाड़ी ब्रिटेन के कैमरन नूरी को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। सितसिपास दो साल में पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पा रहे थे।

महिलाओं में क्वितोवा और गार्सिया में होगा खिताबी मुकाबला

वहीं महिलाओं में चेक गणराज्य की पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-7 (6) 6-4 6-3 से हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन (सिनसिनाटी) के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इससे पहले दो बार की विंबलडन चैंपियन क्वितोवा दस टूर्नामेंटों में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। क्वितोवा का यह कॅरिअर का 40वां फाइनल है।

# वकार यूनुस के बाद इरफान पठान की पोस्ट

**बुमराह और हर्षल के नहीं खेलने से दूसरी टीमों को राहत मिलेगी**

वड़ोदरा, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर इरफान पठान ने पाकिस्तानी गेंदबाज वकार यूनुस की तर्ज पर पोस्ट किया है।

वड़ोदरा के इस भारतीय गेंदबाज ने ट्विटर पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल के नहीं खेलने से दूसरी टीमों को राहत मिलेगी।

सोशल फैंस पठान की इस पोस्ट को वकार की शाहीन अफरीदी वाली पोस्ट के जवाब के तौर पर देख रहे हैं। वे इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं।




बता दें कि पाकिस्तान के पेसर शाहीन अफरीदी के चोटिल होने पर दिग्गज गेंदबाज वकार यूनुस ने भारतीय बल्लेबाजों पर तंज कसते हुए लिखा था कि शाहीन का चोटिल होना भारतीय टॉप ऑर्डर के लिए राहत की खबर है। यहां याद दिला दें कि UAE में टी-20 विश्व कप के मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को दस विकेट से हराया था। उस मुकाबले में शाहीन अफरीदी ने भारत के टॉप-3 बल्लेबाजों को आउट किया था।

एशिया कप में भारत पाकिस्तान मुकाबला 28 अगस्त को खेला जाएगा। क्रिकेट फैंस इस मुकाबले का इंतजार बेसब्री के साथ कर रहे हैं। फैंस की बेसब्री का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत-पाक मैच के टिकट चंद घंटों में ही बिक गए।

2 बार हो सकती है भारत-पाक भिड़ंत

एशिया कप 27 अगस्त को श्रीलंका और अफगानिस्तान के मुकाबले से शुरू होगा। इस मल्टी-नेशन टूर्नामेंट की मेजबानी दुबई और शारजाह कर रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के टूर्नामेंट में दो बार भिड़ने की उम्मीद है।

# हरीश राव ने संगारेड्डी में भरोसा केंद्र की आधारशिला रखी



संगारेड्डी, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी के दौरे के दौरान वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने सोमवार को संगारेड्डी के ओल्ड टाउन में भरोसा केंद्र के लिए एक स्थायी भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने संगारेड्डी के सरकारी अस्पताल परिसर में स्थित एक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने सुविधाओं का जायजा लिया। कर्मचारियों से बात करते हुए मंत्री ने पूछा कि उनके साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है। बाद में राव ने कस्बे में गोकुल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। इससे पहले, संगारेड्डी के रास्ते में, मंत्री ने पाटनचेरु में विधायक गुडेम महिपाल रेड्डी द्वारा निर्मित एक मंदिर का उद्घाटन किया। मंत्री के साथ जिला परिषद अध्यक्ष पी मंजुश्री, मेडक के सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी, अंदोल के विधायक चांटी क्रांति किरण, टीआरएस के जिला अध्यक्ष चिंता प्रभाकर और अन्य शामिल थे।

# आजादी के 75 वर्ष के बाद भी नहीं हुआ भारत का अपेक्षित विकास : केसीआर

## सीएम ने 'स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव' के समापन समारोह में लोगों को बांटने वाली बुरी ताकतों से बचने के लिए चेताया









हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने देश की धीमी प्रगति पर अफसोस जताते हुए कहा कि भारत अपेक्षित दिशा में प्रगतिशील पथ पर आगे नहीं बढ़ रहा है। सोमवार को यहां एलबी स्टेडियम में 'स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव' समारोह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्वतंत्रता दिवस के 75 वर्ष मनाने का एक बड़ा सम्मान है और साथ ही कुछ वर्गों के लोग अभी भी महसूस कर रहे हैं कि विकास के फल उनके दरवाजे तक नहीं पहुंचे हैं। जाति और धर्म के आधार पर लोगों को बांटने वाली बुरी ताकतों के बढ़ने पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों से इन ताकतों से सावधान रहने और इनके खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने की अपील की।

वज्रोत्सव समारोह के दौरान तेलंगाना राज्य के लगभग 22 लाख स्कूली छात्रों को सिनेमाघरों में "गांधी" फिल्म देखने की सुविधा प्रदान करने के लिए सिनेमा फोटोग्राफी विभाग और अन्य अधिकारियों की सराहना करते हुए, केसीआर ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन दुनिया भर के लोगों के लिए प्रेरणा बना रहा और युवा पीढ़ी को गांधी के जीवन के बारे में पढ़ाना समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के 15 दिवसीय लंबे कार्यक्रम को यह संदेश देने के उद्देश्य से लिया है कि वर्तमान पीढ़ी के बीच स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का महत्व है। स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव समारोह का समापन लगभग तीन घंटे तक सबसे आश्चर्यजनक भव्यता के साथ हुआ, जो स्वतंत्र भारत के 75 वर्षों के इतिहास में रहेगा।

इस अवसर पर केसीआर ने समापन समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले कई कलाकारों को सम्मानित किया। इसी तरह, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले तेलंगाना के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री, विधायक और सांसद, एमएलसी और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 8 अगस्त को स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु समारोह का शुभारंभ किया और लगभग 15 दिनों तक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने की एमएलसी कविता के घर की घेराबंदी करने की कोशिश

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी, भारतीय जनता युवा मोर्चा और भाजपा महिला मोर्चा के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा सदन की घेराबंदी करने की कोशिश के बाद सोमवार दोपहर तेलंगाना राष्ट्र समिति एमएलसी के कविता के घर के पास थोड़ी देर के लिए तनाव व्याप्त हो गया। उनमें से कई को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया।

दिल्ली शराब नीति घोटाले में उनका नाम घसीटे जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके इस्तीफे की मांग करते हुए एमएलसी के घर का घेराव करने की कोशिश की। कविता पहले ही आरोपों को निराधार बता चुकी हैं और दिल्ली भाजपा नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर रही हैं। कविता के आवास के पास पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, जिसमें बताया गया था कि भाजपा कार्यकर्ता वहां विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे थे। दोपहर के करीब प्रदर्शनकारी छोटे-छोटे जत्थों में जगह-जगह आने लगे। पुलिस ने बंजारा हिल्स में रोड नंबर 14 पर घर की ओर जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग कर दी थी। टीआरएस कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच मामूली हाथापाई भी हुई। मौके पर अतिरिक्त डीसीपी (पश्चिम) इकबाल सिद्दीकी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## व्हाट्सएप चैट ने सरकारी वकील की हत्या का पता लगाने में मदद की

अमरावती, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। लगभग दो महीने बाद यह पता चला की एक व्यक्ति की प्राकृतिक मौत नहीं हुई है, बल्कि उसकी पत्नी ने दो युवकों की मदद से उसकी हत्या कर दी। यह सनसनीखेज खुलासा पत्नी के पुराने फोन के व्हाट्सएप चैट से पता चला। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा कस्बे में दिल को झकझोरने वाला अपराध प्रकाश में आया। पुलिस ने सरकारी वकील अकबर आजम (50) के शव को निकाला और रविवार को पोस्टमार्टम किया गया। विशेष पॉक्सो कोर्ट में सरकारी वकील के रूप में कार्यरत आजम की 23 जून को मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी ने अपने रिश्तेदारों को यह विश्वास दिलाया कि यह एक प्राकृतिक मौत थी। हालांकि, महिला के एक पुराने फोन से मिले डेटा में सनसनीखेज हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक आजम की पहली पत्नी की करीब 15 साल पहले मौत हो गई थी। बाद में उन्होंने यानम निवासी 36 वर्षीय अहमदुन्निसा बेगम से शादी की। इनका एक बेटा और एक बेटी है। अपनी मृत्यु से कुछ दिन पहले आजम ने अपनी पत्नी के लिए एक नया मोबाइल फोन खरीदा था और उसने अपना पुराना फोन अपने पिता को दे दिया था। मृतक के पिता ने फोन पर डेटा की जांच की और व्हाट्सएप पर दो लोगों के साथ उसके चैट रिकॉर्ड को खंगालने के बाद उसे संदेह हुआ।

दोनों आदमी उसी अपार्टमेंट बिल्डिंग के एक फ्लैट में रह रहे थे, जहां आजम अपने परिवार के साथ रह रहे थे। उनकी पहचान राजस्थान के मूल निवासी राजेश जैन और चिकित्सा प्रतिनिधि किरण के रूप में हुई है। महिला के कथित तौर पर उनके साथ संबंध थे। आजम के पिता ने 17 अगस्त को पुलिस से संपर्क किया और अपने बेटे की मौत के कारणों के बारे में संदेह व्यक्त किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया और सनसनीखेज मामले का पर्दाफाश किया। पुलिस जांच में सामने आया कि 23 जून को आजम की पत्नी ने उसे खाने में मिलाकर नींद की गोलियां दीं। जब वे गहरी नींद में थे, तब चिकित्सा प्रतिनिधि किरण ने एक कपड़े पर क्लोरोफॉर्म डाला और उसे कस कर आजम की नाक के पास रख दिया। पीड़ित की पत्नी ने किरण की मदद की, जबकि राजेश जैन फ्लैट के बाहर नजर रखे हुए थे। आजम की मौत नींद की गोलियों के ओवरडोज के कारण हुई। पुलिस ने आजम की पत्नी और दो अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

रामदेव ज्योतिष
मो. 8801305757
जन्म कुंडली, संतान प्राप्ति, विवाह-सगाई में देरी, व्यापार में घाटा, मोहिनी वशीकरण, किया-कराया, सास-बहू में असंतोष, सौतन समस्या, घर में अशांति, शत्रुनाश, प्रेम समस्या, लक्ष्मी बंधन, पति-पत्नी में अनबन, भूमि लाभ आदि सभी समस्याओं का समाधान।
विश्वसनीय राजस्थानी पंडित जी
घर पर आकर सेवाएँ देने और फ़ोन पर भी सुविधा उपलब्ध।
माँ-बहनें निःसंकोच अपना घर-मंदिर समझ कर पधार सकती हैं।
बात गुप्त रहेगी, फ़ीस केवल : 200/-
काचीगड़ा, हैदराबाद. समय : 10.00 से 6.00 बजे तक

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों ?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी मे झगड़ा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहकलेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।
9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

# बाघ ने बैल को मार डाला

भूपालपल्ली, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वन अधिकारियों के अनुसार जयशंकर भूपालपल्ली और मुलुगु जिलों के वन क्षेत्रों में घूम रहे एक बाघ ने रविवार रात जिले में एक बैल को मार डाला। स्थानीय लोगों को मुकुनूर ग्राम पंचायत सीमा के अंतर्गत टिममेटीगुडेम गांव के पास बैल का शव मिला।

जिला वन अधिकारी (डीएफओ) बी. लावण्या ने सोमवार को बताया कि हमारी टीम ने घटनास्थल का दौरा किया है और एक बाघ के पग के निशान की पहचान की है। इस बीच, पलिमेला वन रेंज अधिकारी वेंकटेश्वरलु ने कहा कि उन्होंने वन क्षेत्रों में सिंगमपल्ली से कमनपल्ली तक बाघ के पग के निशान की पहचान की है। वन अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने देखा है कि बाघ के पग के निशान मुलुगु जिले के एतुरनगरम वन्यजीव अभयारण्य की ओर जा रहे थे। चूंकि बाघ ने बैल को पूरी तरह से नहीं खाया है, इसलिए संभावना है कि वह उसे खाने के लिए उसी स्थान पर वापस आ जाएगा। वन अधिकारियों ने लोगों को वन क्षेत्रों में उद्यम न करने की चेतावनी दी। उन्होंने लोगों से बाघ के जीवन को खतरे में डालने वाले खेतों के चारों ओर जाल या जाल या बिजली की बाड़ नहीं लगाने का भी आग्रह किया। वन अधिकारियों को संदेह है कि यह अकेला बाघ है जो इस साल जून से पेद्दापल्ली, भूपालपल्ली और मुलुगु जिलों में घूम रहा है। उल्लेखनीय है कि वन अधिकारियों ने 26 जून, 2022 को जिले के भूपलपल्ली मंडल में केटीके1 खदान के पास एक बाघ के

## जीडीमेटला में औद्योगिक इकाई में भीषण आग लगी

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला में सोमवार सुबह एक औद्योगिक इकाई में भीषण आग लग गई। घटना में सात लोग झुलस गए। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, आग आईडीए जीडीमेटला स्थित श्रीधर लेबोरेटरीज में लगी। सूचना मिलते ही दमकल की दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में सफल रहे । स्थानीय पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। आग पर काबू पाने के बाद दमकल अधिकारी आग के कारणों का पता लगाने के लिए परिसर का निरीक्षण करेंगे।

# केसीआर को किसान विरोधी कहना सदी का मजाक : केटीआर

## टीआरएस के मंत्रियों ने अमित शाह की आलोचना की



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को किसान विरोधी बताने के एक दिन बाद, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि यह सदी का मजाक है। ट्विटर पर टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने सोमवार को कहा कि किसने केसीआर के दिमाग की उपज 'रैतु बंधु' की नकल की और इसे पीएम-किसान के रूप में फिर से लिखा? कृषि कानूनों पर अपने क्रोध का सामना करने और 700 मूल्यवान किसानों की मौत के बाद देश के किसानों से किसने माफी मांगी? गौरतलब है कि रविवार को मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने केसीआर को किसान विरोधी कहा था। मंत्री केटीआर ने बताया कि शाह ने केंद्र की फसल बीमा योजना में शामिल नहीं होने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की।

केटीआर, (जो सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को गैर-निष्पादित गठबंधन (एनपीए) के रूप में संदर्भित करते हैं) ने कहा कि इससे पहले, गुजरात भाजपा सरकार ने भी एनपीए सरकार की इस योजना को खारिज कर दिया और बाहर निकल गये! यदि यह आपके अपने गृह राज्य गुजरात के लिए अच्छा नहीं है, ता शाह यह तेलंगाना के लिए कैसे अच्छा है? यह कैसा बेतुका पाखंड है? राज्य के एक अन्य मंत्री जी. जगदीश रेड्डी ने भी जनसभा में निराधार आरोप लगाने के लिए शाह की आलोचना की।

जगदीश रेड्डी ने कहा कि अमित शाह ने मुनुगोड़े में एक जनसभा में केसीआर द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हमें जवाब की उम्मीद नहीं थी, क्योंकि भाजपा नेतृत्व के पास हमारे नेता द्वारा पूछे गए सवाल का कोई जवाब नहीं है।

मुख्यमंत्री ने शाह से जवाब मांगा था कि केंद्र कृष्णा नदी के पानी में तेलंगाना को उसका उचित हिस्सा देने में विफल क्यों रहा, जबकि राज्य के गठन के आठ साल बीत चुके हैं।

पेट्रोल और डीजल की कीमत में कमी नहीं करने के लिए टीआरएस सरकार की केंद्रीय मंत्री की आलोचना पर, जगदीश रेड्डी ने कहा कि यह केतली को काला कहने जैसा है। उन्होंने कहा कि को लोगों को बताना चाहिए कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में किसने बढ़ोतरी की और पिछले आठ वर्षों में कितनी बढ़ोतरी की। जगदीश रेड्डी ने फसल बीमा योजना पर शाह की टिप्पणियों का विरोध किया। और बताया कि तेलंगाना में किसानों के लिए सबसे अच्छी बीमा पॉलिसी लागू की जा रही है। रैतु बीमा योजना के तहत किसानों को 5 लाख रुपये का बीमा कवरेज प्रदान किया जा रहा है और अब तक एक लाख किसानों के परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। एक अन्य मंत्री कोप्पुला ईश्वर ने शाह की जनसभा को 'फ्लॉप शो' करार देते हुए कहा कि बैठक पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आई। यही कारण है कि उन्होंने 15 मिनट में अपना भाषण समाप्त कर दिया।

## बाइक के नहर में गिरने से युवती की मौत

जनगांव, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के कोडाकंडला मंडल केंद्र के पास रविवार रात एक बाइक जिस पर वह अपने दोस्त के साथ जा रही थी, उसमें गिर जाने से नहर में गिरने से 17 वर्षीय लड़की की मौत हो गयी। मृतक कोडकंदला मंडल के जीबी थांडा निवासी गुगुलोथु ममता था। देवारुप्पुला मंडल के धर्मपुरम थांडा के उसके दोस्त बनोथू वेंकन्ना बाइक पर से नियंत्रण खो बैठे और नहर में गिर गए। लेकिन घटना के बाद से फरार वेंकन्ना को हादसे में मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत मामला दर्ज किया है और जांच के तहत वेंकन्ना की तलाश शुरू कर दी है।

## शिक्षण संस्थानों को बंद करने पर सख्त कार्रवाई

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विकाराबाद पुलिस ने शैक्षणिक संस्थानों के प्रबंधन से अपील की है कि अगर कोई संगठन या समूह बंद के दौरान शिक्षण संस्थानों को जबरदस्ती बंद करने की मांग करता है तो उन्हें सूचित करें। विकाराबाद के एसपी एन. कोटि रेड्डी ने कहा कि बंद के आह्वान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने की कोशिश करने वाले किसी भी संगठन, समूह या छात्र संघ के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज करने और उन्हें तुरंत हिरासत में लेने को कहा।

# आंप्र सीएम जगन ने पीएम से की मुलाकात पोलावरम परियोजना पर की चर्चा



नई दिल्ली/अमरावती, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और बैठक के दौरान उन्होंने पोलावरम परियोजना पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार, कहा जा रहा है कि रेड्डी ने प्रधानमंत्री से परियोजना की संशोधित लागत अनुमान की मंजूरी में तेजी लाने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री के साथ अपनी आधे घंटे की बैठक के दौरान, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 35,000 करोड़ रुपये की मूल अनुमानित लागत से परियोजना की उच्च लागत अनुमान की शीघ्र स्वीकृति मांगी, क्योंकि राज्य सरकार को इसे लेना मुश्किल हो रहा है। सूत्रों ने कहा कि परियोजना की उच्च लागत के कारण पुनर्वास और पुनर्वास कार्यों में तेजी आई है।

पोलावरम एक बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना है, जो निमार्णाधीन है। पूरा होने पर, यह आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम, पूर्वी गोदावरी, पश्चिम गोदावरी और कृष्णा जिलों के ऊपरी क्षेत्रों को सिंचाई लाभ प्रदान करेगा। इसमें विशाखापत्तनम और आसपास के अन्य कस्बों और गांवों में पेयजल आपूर्ति और विशाखापत्तनम तट-आधारित इस्पात संयंत्र और क्षेत्र के अन्य उद्योगों को औद्योगिक जल आपूर्ति की भी परिकल्पना की गई है। पता चला है कि श्री रेड्डी ने आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में एक प्रस्तावित हवाईअड्डे की स्थापना पर भी प्रधानमंत्री के साथ चर्चा की थी। सूत्रों ने बताया कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर हैं और उनके बाद में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह से भी मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि तीन महीने में सीएम रेड्डी की प्रधानमंत्री के साथ यह दूसरी मुलाकात है। माना जा रहा है कि वित्त पोषण, पोलावरम बांध और नए मेडिकल कॉलेजों की मंजूरी आदि सहित राज्य के विकास से जुड़े मुद्दे पर सीएम ने पीएम के साथ बातचीत की। राष्ट्रीय राजधानी के दौरे पर आए रेड्डी के कुछ वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलने की उम्मीद है। रेड्डी इस साल की शुरुआत में भी मोदी से मिल चुके हैं। रेड्डी ने अप्रैल में एक बैठक में पोलावरम परियोजना, कडप्पा इस्पात संयंत्र, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र व्यक्तियों के चयन में तर्कसंगतता और तेलंगाना से राज्य को बकाया आदि सहित कई परियोजनाओं और मुद्दों के बारे में जानकारी दी थी। उस समय जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जिन विकास कार्यों पर चर्चा हुई, उनमें पोलावरम परियोजना सुर्खियों में रही। रेड्डी ने पोलावरम परियोजना के संशोधित अनुमानों को प्रधानमंत्री के समक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि 11 फरवरी, 2019 को आयोजित तकनीकी सलाहकार समिति ने पोलावरम परियोजना के अनुमानों को संशोधित कर 55, 548.87 करोड़ रुपये किया था। सीएम रेड्डी ने कहा था कि राज्य को परियोजना को पूरा करने के लिए और 31,118 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। निर्माण पर 8,590 करोड़ रुपये और भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास पर 22,598 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे पहले की बैठक में सीएम ने पोलावरम परियोजना के कारण विस्थापित हुए परिवारों के पुनर्वास के लिए भुगतान की प्रक्रिया पर भी चर्चा की। सीएम ने आरएंडआर पैकेज का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में करने का अनुरोध किया है।

जय भिक्षु अर्हम् जय महाश्रमण
पर्युषण महापर्व नवाह्निक कार्यक्रम
दिनांक : बुधवार, दि. 24/08/2022 से गुरुवार दि. 01/09/2022
कार्यक्रम स्थल : राजा राजेश्वरी गार्डन, डॉयमण्ड पाईंट, सिकन्दराबाद
पावन साह्निध्य : महातपस्वी युगप्रधान शांतिदूत आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या साध्वीश्री त्रिशला कुमारी जी आदि ठाणा-5
* पर्युषण महापर्व मे प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम *
* अणुव्रत प्रार्थना एवं वृहद मंगल पाठ - प्रातः 6.00 बजे प्रारम्भ
* प्रातः कालीन प्रवचन - भगवान महावीर के 27 भवों का रोचक वर्णन एवं महावीर जीवन गाथा, केन्द्र द्वारा निर्देशित विषयों पर पर्युषण पर्व का प्रवचन तथा तेरापंथ के आचार्यों का इतिहास समय प्रातः 9.00 बजे से 11.00 बजे तक / क्षमापना दिवस प्रातः 6.30 बजे से
* तत्वज्ञान आदि की कक्षाएं - दोपहर 2.30 बजे से 3.30 बजे
* गुरुवंदना एवं सामूहिक प्रतिक्रमण - सायं 6.10 बजे से प्रारंभ
* श्री पैंसठिया छन्द अनुष्ठान - प्रतिक्रमण के पश्चात
* अर्हत वंदना एवं मंगल पाठ - रात्रि 8:00 बजे से प्रारंभ
* पर्युषण आराधना *
1. प्रतिदिन तीन सामायिक
2. प्रतिदिन दो घंटा मौन
3. प्रतिदिन एक घंटा स्वाध्याय
4. प्रतिदिन नौ द्रव्यों से अधिक खाने का त्याग
5. सचित्त व जमीकन्द खाने का त्याग
6. ब्रह्मचर्य का पालन
7. जप व ध्यान आधा घंटा
8. रात्रि भोजन का परिहार
9. सिनेमा, फिल्म आदि का परिहार
* पर्युषण महापर्व नवाह्निक कार्यक्रम *
खाद्य संयम दिवस - भाद्रपद कृष्ण 12, दिनांक 24 अगस्त 2022
स्वाध्याय दिवस - भाद्रपद कृष्ण 13, दिनांक 25 अगस्त 2022
सामायिक दिवस - भाद्रपद कृष्ण 14, दिनांक 26 अगस्त 2022
वाणी संयम दिवस - भाद्रपद अमावस्या, दिनांक 27 अगस्त 2022
अणुव्रत चेतना दिवस - भाद्रपद शुक्ल 1, दिनांक 28 अगस्त 2022
जप दिवस - भाद्रपद शुक्ल 2, दिनांक 29 अगस्त 2022
ध्यान दिवस - भाद्रपद शुक्ल 3, दिनांक 30 अगस्त 2022
संवत्सरी महापर्व - भाद्रपद शुक्ल 4, दिनांक 31 अगस्त 2022
क्षमापना दिवस - भाद्रपद शुक्ल 5, दिनांक 1 सितंबर 2022
आंचलिक बस संयोजक
मलकपेट - बरकतपुरा हिमायतनगर: ज्ञानचंद रांका 9440755758, राजेश खीवसरा 9440163605, आसकरण सेठिया 7901031080, राजेश दूधोड़िया 9849073632
बेगम बाजार - मोजमजाहि आबिड्स - बशीरबाग: विजय आंचलिया 9246278724, प्रमोद भंडारी 7989029228
मल्काजगिरी - नरेडमेट मारेडपल्ली: अशोक भटेवरा 9866449657, महावीर भटेवरा 9848495407, अशोक बम्बोली 9291334258
IDPL - सुचित्रा: श्रवण कोठारी 7097491149, रतन कठोतिया 9866585744, विजय बैद 9246820721, सुरेश भादानी 9347804824
अखण्ड जाप: अखण्ड जाप राजा राजेश्वरी गार्डन पर ही चलेगा । उसके संयोजक जागरूकता के साथ जाप के कार्य को सम्पादित करें। क्षेत्रिय जाप की सूचना अलग से परिपत्र द्वारा दे दी जाएगी।
निवेदक : श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद
अध्यक्ष : बाबुलाल बैद - 93912 10507 मंत्री : सुशील कुमार संचेती - 98490 23601
सहयोगी संस्थायें : तेरापंथ महिला मंडल, हैदराबाद
तेरापंथ युवक परिषद, हैदराबाद
तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, हैदराबाद
जैन तेरापंथ वेलफेयर सोसाइटी, सिकंदराबाद
अणुव्रत समिति, हैदराबाद
MEENAKSHI

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.